www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ





## एलपीजी टैंकर और ट्रक टक्कर में लगी आग

# 11 जिंदा जले, कई घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके के जयपुर-अजमेर हाइवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने शुक्रवार सुबह एलपीजी टैंकर में हुए ब्लास्ट से ग्यारह लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई जबकि पैतीस से अधिक लोगों को गंभीर हालत में एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसा इतना भयानक था कि उसने करीब चालीस से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इसमें एक स्लीपर बस भी शामिल है, जो टैंकर के पीछे चल रही थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल और उसके आस-पास पास इलाके में आग बुझाती रही। जानकारी के अनुसार एलपीजी टैंकर में हुआ ब्लास्ट इतना भयंकर था कि आग की लपटें करीब दो सौ फीट ऊपर उठी और टैंकर में भरे करीब 32 टन गैस जोरदार धमाके के साथ उछल कर घटनास्थल के आस-पास के वाहनों पर गिरा जिससे वे वाहन भी जलकर राख हो गए।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि भारत पेट्रोलियम के एलपीजी गैस से भरा टैंकर शुक्रवार सुबह 6 बजे अजमेर से जयपुर की ओर आ रहा था और दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने से वापस यू-टर्न ले रहा था, तभी जयपुर से आ रहे ट्रक की उससे भिड़ंत हो गई। जिससे टैंकर में लगे पांच नोजल टूटकर गिर गया और लिक्विड एलपीजी झिटकर कर आसपास के इलाके में फैल गई और धमाके के साथ निकली आग के संपर्क में आते ही चारों ओर आग और धुएं का गुबार फैल गया। चारों ओर लोगों की चीख-पुकार मच गई। चालीस से अधिक आग की चपेट में आए वाहनों में सवार लोगों ने अपनी जान बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उसके बावजूद वे आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो धमाके साथ लगी आग की चपेट में आए लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। चारों ओर अधजले और घायल लोगों की चीख-पुकार मच गई।

### ● 10 से 12 मरीज ऐसे हैं जो 60 प्रतिशत से ज्यादा जले

एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर सुशील भाटी ने बताया कि पहले दो-तीन मरीज आए थे, इसके बाद अचानक बहुत सारे मरीज लाए गए। भर्ती मरीजों में 10 से 12 मरीज ऐसे हैं, जो 60 प्रतिशत से ज्यादा जले हैं। 6 मरीज अभी वेंटिलेटर पर हैं।

### ● सात शवों को अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया गया

एसएमएस अस्पताल के मोर्चरी में 7 शवों को लाया गया है, जिनमें एक महिला, दो पुरुष की पहचान नहीं हुई है। एक अज्ञात शव को पॉलिथीन में लाया गया है। वहीं दो शवों की पहचान हुई है। इनमें हरलाल पुत्र नानूराम, ग्राम राजपुरा( सीकर) निवासी हैं। शहाबुद्दीन पुत्र मोहम्मद, रायबरेली यूपी के निवासी हैं। हादसे में आरएसी कॉन्स्टेबल अनीता मीणा (28) की भी मौत हो गई। अनीता आरएसी में 2016 बैच की कॉन्स्टेबल थीं। सुबह दूदू से ड्यूटी के लिए चौनपुरा के लिए स्लीपर बस में निकली थीं।

### ● 5 लोगों ने एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर आरके जैन ने बताया कि 32 मरीज भर्ती हुए थे। इनमें से 15 मरीज ऐसे थे, जो 50 फीसदी से ज्यादा झुलसे थे। इलाज के दौरान पांच की मौत हो गई, जबकि 5 लोग मृत लाए गए थे। एक ने जयपुरिया हॉस्पिटल में दम तोड़ा।

### ● हादसे पर राष्ट्रपति ने जताया दुख

जयपुर में हुई सड़क दुर्घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी दुख जताया। राष्ट्रपति ने कहा कि जयपुर में हुई सड़क दुर्घटना के कारण अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं। मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों।

### ● घायलों के उपचार में जुटा पूरा चिकित्सा विभाग:चिकित्सा मंत्री

चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग की हृदयविदारक घटना अत्यंत पीड़ादायक है। जिन परिवारों ने अपनों को खोया है। उनके दुख को शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस त्रासदी पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए तत्काल एसएमएस अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम जानी। उनके निर्देशानुसार घायलों के त्वरित उपचार और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मैं स्वयं एसएमएस अस्पताल में उपस्थित हूं और देख रहा हूं कि पूरा चिकित्सा विभाग मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार तत्परता से घायलों के उपचार में जुटा हुआ है। यह समय अत्यंत कठिन है लेकिन हम पूरी संवेदना और प्रतिबद्धता के साथ संतप्त परिवारों के साथ खड़े हैं।



## सीएम भजनलाल बोले हादसे की होगी विस्तृत जांच

जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के उपरांत सीएम भजनलाल शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिस्थितियों का जायजा लिया और राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि मैं अस्पताल जाकर भी आया हूं जहां मैंने अस्पताल के सभी अधिकारियों को तुरंत इलाज के निर्देश दिए हैं। सरकार इस घटना के संबंध में जो बन पड़ेगा वो करेगी,इलाज में भी हम सहयोग करेंगे।

# उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा ने जयपुर फैशन एक्सपो 2025 का पोस्टर विमोचन किया




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर गारमेंट क्लब की ओर से चन्दन वन सीतापुरा में 10-11 जनवरी 2025 को जयपुर फैशन एक्सपो 2025 इंटरनैक्शनल फैशन के कलर फुल ड्रेस के साथ आयोजित किया जायेगा । मीडिया प्रभारी मोहित टेलर ने बताया कि इस एग्जीबिशन में ब्लैक एंड वाइट थीम और पेस्टल कलर चार्ट के साथ गोटा पत्ती और सिक्वेंस स्ट्रिप प्रिंट , व्राइबेंट् कलर , बगरू प्रिंट , सांगानेरी प्रिण्ट से बने परिधान रैंप शो केश किया । फैशन के मिश्रण के माध्यम से एथनिक और फ्यूजन वियर श्रेणी के तहत डिजाइनर अनारकली , कुर्तियों, प्लाजो सूट सेट, इण्डो वेस्ट्रन लहंगा, कुर्तीस ब्लाउज सेट आदि डिस्प्ले किये जायेगे ।

शुक्रवार को पोस्टर विमोचन में अशोक गुप्ता ,शंकर जोशी ,सिद्धार्थ जैन,केशव शुक्ला,किशनचंद, आदि मौजूद रहे । इस एग्जीबिशन में देश-भर के गारमेंट एजेंट्स भी शामिल है ,जयपुर के अनुभवी गारमेंट मैन्युफैक्चरर अपनी अपनी गारमेंट स्टॉल के माध्यम से अपना अपना कलेक्शन के माध्यम से बायर से ऑर्डर लिए जायेगे।

### इस फेयर में अनुमानित 2000 होलसेलर कस्टमर आयेगे

इस एग्जीबिशन में कॉटन ,रेयोन, शिफ़ॉन,जोरजट,सिल्क से बने कुर्तिस, स्कर्ट, प्लाज़ो सेट,अनारकली,जम्पसूट्स इण्डियन एंड वेस्ट्रन परिधान डिस्प्ले किया । जयपुर गारमेंट क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन और सेकेटैरी अशोक गुप्ता ने जयपुर के टॉप 60 मैन्युफैक्चर को यह प्लेटफार्म दिया गया है । जयपुर गारमेंट क्लब की ओर से एग्जीबिशन को लगा के इस समर के गारमेंट सीजन में काफ़ी अच्छे बिज़नेस की उम्मीद है ।

यहां इस एग्जीबिशन में नेपाल, यूएसए, लंदन, बंगलौर, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद,भोपाल,उड़ीसा, छत्तीसगढ़ ,दिल्ली,गोवा , रायपुर ,कोटा, भीलवाड़ा ,इन्दौर,आसाम , कलकत्ता आदि जगह से कस्टमर ने होलसेल में सभी मैन्युफैक्चर को ऑर्डर दिया जाएगा । ये एक्ज़ीबिशन मैन्युफैक्चर टू होलसेलर के लिए रखा जाएगा । इस एक्ज़ीबिशन के माध्यम से सीतापुरा और मानसरोवर के टॉप 60 मैन्युफैक्चर को काफ़ी ऑर्डर मिलने की संभावना है ।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# एसीबी ने सरपंच के खिलाफ किया रिश्वत मांगने का मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने राम भरत बैरवा उर्फ ग्राम पंचायत बरनावदा तहसील खंडार जिला सवाई माधोपुर के सरपंच भरत सूर्यवंशी के खिलाफ रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया है। एसीबी के अनुसार परिवादी के बालेर रोड पर स्थित कब्जा शुदा प्लाट का पट्टा बनाने के लिए ग्राम पंचायत बरनावदा सरपंच भरत सूर्यवंशी उक्त प्लाट का पट्टा नहीं बनाने का दबाव बनाकर पट्टा बनाने की एवज में 50 हजार रुपये प्राप्त करना तथा 2 लाख रुपये की मांग की गई। सत्यापन के दौरान सरपंच भरत सूर्यवंशी ने परिवादी से दो लाख रुपये रिश्वत राशि की मांग कर परिवादी ने कम करने का निवेदन करने पर एक लाख अस्सी हजार रुपये पर सहमत होने की पृष्ठी होना पाया गया। आरोपी सरपंच को परिवादी की ओर से करवाई जा रही ट्रेप कार्यवाही की भनक लगने के कारण रिश्वत राशि प्राप्त नहीं और मौके से फरार हो गया। इस पर एसीबी द्वारा उक्त शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई।

# बंधक बनाकर एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जवाहर सर्किल थाना इलाके में बंधक बनाकर एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया है कि धोखे से अपने घर ले जाकर दो पड़ोसियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट कर डराया-धमकाया। इस संबंध में थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि जगतपुरा निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि एक ही कॉलोनी में रहने के कारण आरोपियों को जानते हैं। पड़ोसी होने के कारण नाबालिग बेटी की भी आरोपियों से बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि दोनों आरोपी पड़ोसी उसके नाबालिग बेटी से मिले। बहला-फुसलाकर धोखे से दोनों आरोपी उसे अपने घर पर ले गए। कमरे में बंद कर आरोपी उसके साथ जबरदस्ती करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर डराया-धमकाया। नशे की हालत में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस बारे में किसी को बताने पर मारने की धमकी दी।


# राजस्थान विधानसभा, केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों ने किया प्रकृति परीक्षण

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, आई सी डी एस निदेशक ओमप्रकाश बुनकर, अतिरिक्त निदेशक पोषाहार डॉ अनुपमा टेलर का राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा के साथ चिकित्सकों ने किया प्रकृति परीक्षण

बढ़ता राजस्थान





जयपुर (का.स.)। आयुष मंत्रालय भारत सरकार की पहल पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा आम जनता प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। शुक्रवार को जयपुर के केंद्र एवं राज्य के संस्थानों में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों का प्रकृति परीक्षण किया गया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा के साथ चिकित्सकों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, आई सी डी एस निदेशक ओमप्रकाश बुनकर, अतिरिक्त निदेशक पोषाहार डॉ अनुपमा टेलर, विधानसभा सदस्यों, पदाधिकारीयो, कर्मचारियों का प्रकृति परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर सभी देशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए देश के प्रकृति प्रशिक्षण अभियान आरोग्य अभियान के तहत सभी को अपना प्रकृति परीक्षण कर कर स्वस्थ भारत एवं समृद्ध भारत की अवधारणा को साकार करना चाहिए एवं अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान में अपना प्रकृति परीक्षण करवा कर अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए सहयोग करना चाहिए। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के अंतर्गत राजस्थान विधानसभा के माननीय सदस्यों, जनप्रतिनिधियों के साथ समेकित बाल विकास सेवा योजना विभाग, महालेखाकार भवन, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के प्रशासनिक सेवा अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन विभागों और संस्थानों में बड़ी संख्या में प्रकृति परीक्षण किया गया। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के पल पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सक इस 25 दिसंबर तक अधिक से अधिक लोगों तक उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रकृति परीक्षण करने के लिए कार्यालय, संस्थाओं में पहुंच रहे हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान से संस्थान से डॉक्टर हेतल दवे, डॉक्टर एच एम एल मीणा, डॉक्टर राकेश नागर, डॉक्टर ब्रह्म दत्त शर्मा के साथ आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। उपनिदेशक चंद्रशेखर शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी नरेश कुमार गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी विनोद सैन ने अधिक से अधिक लोगों का प्रकृति परीक्षण करवाने ओर अभियान से जोड़ने के लिए विभागों से समन्वय किया।

# फिर मिलने के वादे के साथ मंथन ने किया अलविदा

## पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चार दिवसीय इंटरकॉलेजिएट फेस्ट मंथन का हुआ रंगारंग, फेस्ट के अंतिम दिन ग्रुप डांस और रैंप शो के चरम का दिखा 'मंथन', देश के विभिन्न राज्यों के संस्थानों से स्टूडेंट्स ने की शिरकत

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। रैंप पर द्रोपदी के चीर हरण की कहानी हो या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्ता....रैंप पर स्टूडेंट्स ने अपनी खूबसूरत अदायगी के जरिए बखूबी पेश किया। मौका था पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में चल रहे इंटरकॉलेजिएट फेस्ट मंथन 2024 के सत्रहवें एडिशन के चौथे दिन आयोजित कार्यक्रम का। जगतपुरा स्थित कैंपस में ग्रुप डांस और रैंप वॉक की जबरदस्त परफॉर्मेंस ने समा बांध दिया।थीम बेस्ड ग्रुप डांस और रैंप शो की खूबसूरत बानगी ने शुक्रवार की शाम को अपने रंग में हर आम ओ खास को सराबोर कर दिया। हल्की मंद हवाओं के बीच परवान लेती स्टूडेंट्स की परफॉर्मेंस ने कला के आधुनिक आयामों को साकार कर दिखाया। विरह थीम पर ऐ दिल बुलबुल....गीत पर विरह वेदना को अलहदा अंदाज में स्टेज पर स्टूडेंट्स ने शो किया तो वही थीम स्केरी पर स्टूडेंट्स ने वेस्टर्न समेत देश की विभिन्न संस्कृतियों से संबंधित नृत्यों को मंच पर एकीकृत कर दिखाया। इसके अतिरिक्त भांगड़ा, वीना समेत विभिन्न थीम बेस्ड डांसेस की परफॉर्मेंस पर ऑडियंस ने जमकर एंजॉय किया। इसके बाद जेन जी एंड ए आई, वैदिक, सर्कस आदि थीम पर रैंप शो मे स्टूडेंट्स ने अपना टैलेंट शो किया। आयोजन में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में वीएमओयू के डायरेक्टर रीजनल सेंटर जितेंद्र शर्मा समेत अन्य लोगों ने शिरकत की। ग्रुप डांस एवं रैंप वॉक परफॉर्मेंस मे जजेस के रूप में आकाश, निखिल, मधु शर्मा, प्रीति सचदेवा समेत अन्य नामचीन हस्तियां कार्यक्रम में शामिल हुई। पोद्दार ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन रूपल पोद्दार ने कार्यक्रम में पूरे देश से जुटे स्टूडेंट्स के परफॉर्मेंस की तारीफ की एवं आयोजन की बड़ी सफलता का श्रेय सभी परफॉर्मेंस को दिया। ग्रुप चेयरमैन डॉ. आनंद पोद्दार ने कार्यक्रम के समापन अवसर सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कंटेस्टेंट के परफॉर्मेंस की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस तरह के फेस्ट में स्टूडेंट्स को मिलने वाला मंच उनके करियर के लिहाज से बेहतर साबित होता है। उन्होंने कहा कि इस मंच से निकले हुए स्टूडेंट्स विभिन्न स्तरों पर अपना बेहतर प्रदर्शन कर चुके है।

# ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठने वाला गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए एक और सरकारी कर्मचारी ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक) भर्ती परीक्षा 2016 में डमी अभ्यर्थी बैठने वाले आरोपित गोपाल ढाका को जोधपुर से गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक) भर्ती परीक्षा 2016 में बैठे डमी अभ्यर्थी गोपाल ढाका निवासी धोरीमना जिला बाड़मेर को जोधपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सैकण्ड ग्रेड अध्यापक की नौकरी कर रहा था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी ने बताया कि लादूराम निवासी धोरीमना जिला बाड़मेर में ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक) भर्ती वर्ष 2016 में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपने ऑनलाइन आवेदन में अपने फोटो की जगह दूसरे व्यक्ति गोपाल निवासी धोरीमना जिला बाड़मेर हाल द्वितीय ग्रेड शिक्षक जिला जोधपुर को अपनी जगह डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठा कर अपनी परीक्षा दिलाई और फर्जी तरीके से ग्राम सेवक की नौकरी प्राप्त की है। एसओजी ने जांच के दौरान कर्मचारी चयन आयोग जयपुर से अभ्यर्थी लाडूराम विश्नोई ऑनलाइन आवेदन फॉर्म एवं प्रोविजनल ई प्रवेश पत्र मंगवाया एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति धोरीमन्ना बाड़मेर से ग्राम विकास अधिकारी लादूराम विश्नोई के सर्विस रिकॉर्ड की प्रमाणित फोटो प्रति मंगवाई। जिसमें जांच के दौरान पाया कि बोर्ड से प्राप्त प्रवेश पत्र एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र की फोटो एवं हस्ताक्षर पंचायत समिति धोरीमन्ना में ग्राम सेवक पद पर कार्यरत लाडूराम विश्नोई के फोटो एवं हस्ताक्षर मिलान नहीं करते है। इस प्रकार लाडूराम विश्नोई ने इस परीक्षा के आवेदन पत्र एवं प्रोविजनल प्रवेश पत्र पर अपनी जगह किसी अन्य डमी अभ्यर्थी की फोटो एवं कूटरचित हस्ताक्षर प्रयोग कर अपनी जगह अन्य डमी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठा कर ग्राम सेवक की नौकरी प्राप्त की है। इस पर गोपाल ढाका को गिरफ्तार किया गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर 28 दिसम्बर तक पूछताछ के लिए पीसी रिमांड लिया जा रहा है। पूछताछ में आरोपी और किन-किन परीक्षाओं में डमी के रूप में बैठा है, इस सम्बन्ध में भी पूछताछ की जाएगी।

# कूच बिहार से अवैध मादक पदार्थ जयपुर लाकर सप्लाई करने वाले सप्लाई गिरफ्तार

## पौने दो क्विंटल अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त, अवैध मादक पदार्थ गांजा की अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 51 लाख रुपये है

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्जीय मादक पदार्थ गांजा तस्कर गौरव शर्मा, समीर वर्मन एवं गोविन्दा सील को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पौने दो क्विंटल अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त एक लग्जरी कार बरामद की है। गिरफ्तार तस्कर अवैध मादक पदार्थ कूच बिहार (पश्चिम बंगाल) से लाकर जयपुर शहर में सप्लाई करना सामने आया है। पुलिस के अनुसार जब्त किए गए अवैध मादक पदार्थ गांजा की अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 51 लाख रुपये आंकी गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गांजा तस्कर गौरव शर्मा (30) निवासी खोह नागोरियान जयपुर,समीर वर्मन (25) निवासी राजपुर टाउन, जिला कूच (पश्चिम बंगाल) और गोविन्दा सील (32) निवासी अलीपुर जिला फलाकटा (पश्चिम बंगाल) को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने पौने 02 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त एक लग्जरी कार जब्त की है। आरोपियों ने मादक पदार्थ गांजा कूच बिहार पश्चिम बंगाल से लाकर जयपुर शहर में बड़े पैडलरों को देना स्वीकार किया है। इसके अलावा अवैध मादक पदार्थ गांजा के लिये महिने में दो बार कूच बिहार पश्चिम बंगाल से लाना बताया। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा के प्राप्ति स्त्रोत एवं सप्लायर के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।

# विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8 : दूसरा चरण आज से शुरू



जीत की शुभकामनाओं के साथ विजयवर्गीय समाज रेलमगरा द्वारा रेलमगरा रॉयल्स की युवा टीम को विदा किया।

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। स्वस्थ, युवा, सक्षम समाज और समर्थ राष्ट्र की कामना के साथ विजयवर्गीय स्पोर्ट्स एसोसिएशन संस्थान, राजस्थान (रजि.) द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित ग्लोबल विजयवर्गीय प्रीमियर लीग सीजन 8 टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2023-24 का आगाज 15 दिसंबर 2024 को राइजिंग राजस्थान क्रिकेट अकैडमी, जगतपुरा, जयपुर में हुआ था। अब लीग के दौरान दूसरे चरण की शुरुआत 21 दिसंबर 2024 से होने जा रही है। इस चरण में कुल पांच मैच खेले जाएंगे, जो 21 दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर 2024 तक चलेंगे।

**शेड्यूल- शनिवार, 21 दिसंबर 2024**

- 8.00 ए एम रेलमगरा रॉयल बनाम पिंकसिटी XI
- 10.00 ए एम वॉलसिटी XI बनाम चोमू वॉरियर्स
- 1.00 पीएम कोटा रॉयल बनाम रेलमगरा रॉयल

**रविवार, 22 दिसंबर 2024**

- 10.00 ए एम कोटा रॉयल बनाम पिंकसिटी ङ्क्ष
- 12.00 पी एम जौहरी किंग्स बनाम चोमू वॉरियर्स

सभी मैचों में रोमांचक प्रतिस्पर्धा की उम्मीद जताई जा रही है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने खिलाड़ियों और दर्शकों को शानदार खेल अनुभव देने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# जयपुर एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना पर मचा हडकंप, यह सब रहा मॉकड्रिल

## एंटी बम स्क्वॉड की टीम ने बम को डिफ्यूज कर मौजूद सभी यात्रियों को लिया सुरक्षा घेरे में

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-वन पर शुक्रवार को बम होने की सूचना मिलने पर हडकंप मच गया। इसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस और एंटी बम स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची और बम की तलाशी में जुट गई। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एंटी बम स्क्वॉड की टीम ने न सिर्फ बम को डिफ्यूज किया बल्कि एयरपोर्ट के टर्मिनल-वन पर मौजूद सभी यात्रियों को सुरक्षा घेरे में भी ले लिया। यह पूरी घटना एक मॉकड्रिल थी। इसके बाद वहां मौजूद यात्रियों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल-वन पर शुक्रवार की शाम साढ़े तीन बजे बम होने की सूचना मिली। इसके बाद एंटी बम स्क्वॉड की टीम को मौके पर बुलाया गया। इस दौरान एयरपोर्ट सिक्योरिटी,पुलिस के जवानों के साथ ही सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पहुंची। यहां तीनों टीमों में एयरपोर्ट को सुरक्षा घेरे में ले लिया। इस दौरान दो घंटे की तलाश के बाद एंटी बम स्क्वॉड की टीम को एयरपोर्ट के लॉबी एरिया में एक संदिग्ध बैग मिला। इसकी गहन तलाशी पर पता चला की उसमें ही बम छिपाया गया है। इसके बाद एंटी बम स्क्वॉड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बम को डिफ्यूज कर दिया। हालांकि इसके बाद भी एंटी बम स्क्वॉड की टीम ने एयरपोर्ट के टर्मिनल वन के चप्पे चप्पे को चेक किया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने एयरपोर्ट को घेर लिया। वहीं कुछ ही देर में सीआईएसएफ के डॉग स्क्वॉड और सिविल डिफेंस के जवान भी मौके पर पहुंच गए। इसके साथ ही पुलिस और एम्बुलेंस की टीम भी मौके पर तैनात की गई।

# सुशासन सप्ताह के दूसरे दिन विशेष ग्राम सभा का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण में 19 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुशासन सप्ताह के दूसरे दिन जिले में विशेष ग्राम सभा एवं पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। चाकसू के शिवदासपुरा ग्राम पंचायत परिसर में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा की अध्यक्षता में विशेष ग्राम पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिवदासपुरा में आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त कुल परिवाद 29 में से पंचायतीराज विभाग के 10, पेयजल संबंधी समस्याओं के 6, राजस्व विभाग के 5, सिंचाई विभाग एवं जेवीवीएनएल के 2-2 एवं खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन, समाज कल्याण के 1-1 परिवाद प्राप्त हुए। जिला परिषद सीईओ ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को परिवादों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शेर सिंह लुहाड़िया सहित उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने बताया कि शुक्रवार, दिनांक 20 दिसंबर 2024 को सुशासन सप्ताह के दूसरे दिन सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा एवं पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के अतिरिक्त संबंधित विभागों के अधिकारियों ने आमजन की परिवेदनाएं सुनी।

# मिलने के बहाने होटल में बुलाकर एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एयरपोर्ट थाना इलाके में मिलने के बहाने आए परिचित ने दोस्त के साथ मिलकर एक होटल में एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। साथ ही आरोपितो ने अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। थाने में पीड़िता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि सोडाला निवासीएक युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित मोहम्मद अबरार उसका परिचित है। परिचित होने के कारण अक्सर उनकी बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि नवम्बर-2023 में मिलने के बहाने आरोपित ने उसे एयरपोर्ट इलाके स्थित एक होटल में बुलाया। मिलने पहुंचने पर होटल के कमरे में आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपित ने अपने दोस्त घनश्याम के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ देहशोषण किया।

# रीको क्षेत्र स्टेट हाईवे पर फिर हुआ जल भराव

## 15 दिन भी नहीं चली आरएसआरडीसी की वैकल्पिक व्यवस्था

### डिप्टी कलेक्टर ने किया मौके का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर / बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना-भरतपुर स्टेट हाईवे पर रीको औद्योगिक क्षेत्र के बाहर से गुजरने वाले कस्बे के मुख्य सड़क मार्ग पर जलभराव के चलते राहगीरों व स्थानीय वाशिन्दों को हो रही परेशानी अब नहीं रहेगी। दैनिक बढ़ता राजस्थान में बयाना रीको एरिया के बाहर में रोड बनी स्विमिंग पूल संभागीय प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान दो सप्ताह भी नहीं चलीं आरएसआरडीसी की वैकल्पिक व्यवस्था के शीर्षक से 2 दिसम्बर को समाचार प्रकाशित होने के बाद निर्माण ऐजेन्सी आरएसआरडीसी के प्रौजेक्ट डायरेक्टर लोकेश गुप्ता ने शुक्रवार को जलभराव क्षेत्र पर पहुँचकर समस्या के कारणों को समझा। परियोजना निदेशक ने मौका देखने के बाद बताया कि स्थानीय घरों व व्यावसायिक संस्थानों का पानी जलभराव की मुख्य वजह नहीं है। उन्होंने रोड़ के बगल में होकर गुजर रही पीएचईडी की पाइप लाइन में हो रही लीकेज को जलभराव के लिये जिम्मेदार बताया।



निर्माण के दौरान ही सड़क के सहारे बनायी गयी नाली में पानी व कचरे रूक जाने को भी सड़क पर जलभराव के लिये जिम्मेदार ठहराया। आरएसआरडीसी के अधिकारियों द्वारा जलभराव का निरीक्षण करने के दौरान बयाना के डिप्टी कलैक्टर दीपक मित्तल भी मौके पर पहुँचे। एसडीम दीपक मित्तल के साथ मिलकर निर्माण ऐजेन्सी के अधिकारियों ने कई किलोमीटर पैदल चलकर समस्या के मूल कारण की तहकीकात की। नालियों की नियमित सफाई नहीं होने को भी एक कारण मानते हुये एसडीएम मित्तल ने नगर पालिका के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिये। भीमनगर से भरतपुर की ओर ग्राम पंचायत बिड़यारी द्वारा सफाई करायी जायेगी। पाइप लाइन में लीकेज के चलते पानी भरने की बात पर एसडीएम मित्तल ने पीएचईडी के एक्सईएन धर्मेन्द्र दीपक को मौके पर बुलाकर लाइन बदलने के लिये निर्देशित किया। आरएसआरडीसी के अधिकारियों ने रोड़ डिवाइडर से साढे 9 मीटर छोडकर ही पाइप लाइन बिछाने की बात कही। एक्सईएन धर्मेन्द्र ने जल्द ही पाइप लाइन को बदल देने का भरोसा दिलाया।

शुक्रवार शाम को ही जलदाय विभाग के अधिकारियों ने पाइप लाइन बिछाने के रास्ते पर सफेदी डलवा दी है। तीन दिनों में लीक पाइप लाइन को बदल दिया जायेगा। निर्माण ऐजेन्सी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि जिन स्थानों पर नाली नहीं है वहां सड़क के दोनों ओर करीब 1 किलोमीटर नाली निर्माण कराने के लिये उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है।

मंजूरी मिलते ही नाली बनाकर समस्या का स्थायी समाधान कराया जायेगा। इस दौरान आरएसआरडीसी के ऐईएन अनिरूद्ध वीर सिंह, पीएचईडी के ऐईएन शैलेन्द्र सैनी, नगरपालिका के दीपक गुप्ता, हौलू तिवारी, रामकिशन सैनी, हीरा लाल सैनी, होरीलाल भारद्वाज, संवेदक जगदीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कस्बे सीताराम जी मन्दिर में सर्व समाज द्वारा बैठक आयोजित की

# उपजिला अस्पताल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 18वें दिन भी धरना जारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** पावटा कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत होने के बाद पावटा उपजिला अस्पताल के भवन निर्माण को यथा स्थान बनाए जाने को लेकर बुधवार की देर शाम विभिन्न समाज के वरिष्ठ नागरिकों की एक सामूहिक बैठक घंटाघर के पास सीता राम जी के मंदिर में आयोजित हुई। बैठक को पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उपजिला अस्पताल पावटा समेत आसपास के क्षेत्र की लाइफ लाइन है और हम यहां क्षेत्रवासियों की भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे।शर्मा ने कहा की अब पावटा सीएचसी उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत हो चुकी है और स्वास्थ्य केंद्र को उपजिला अस्पताल के मानकों के अनुसार संसाधनों से लैस किया जाएगा। चिकित्सकों के पदों और बेड़ों की संख्या बढ़ाने समेत अन्य ढांचागत सुविधाओं का विस्तार भी होगा लेकीन उपजिला अस्पताल का भवन निर्माण लाडाकाबास में किया जा रहा है, जिससे पावटा क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य लाभ समय पर मिल पाना असम्भव होगा।वहीं उपजिला अस्पताल बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले घंटाघर स्थित गुरूवार को 18वें दिन भी धरना जारी रहा। जहां पाथरेड़ी निवासी समाजसेवी ओमपाल सिंह ने धरने की अध्यक्षता की।

धरना संरक्षक सुरेश शर्मा ने कहा की रविवार आगामी 22 दिसम्बर को पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में घंटाघर स्थित गणेश मंदिर पर विशाल महासभा आयोजित की जा रही है। जिसमें पावटा तहसील समेत आसपास के ग्राम पंचायतों और सैकड़ों गांव- ढाणियों के लोगों को पावटा मुख्यालय पर आमंत्रित किया है और उपजिला अस्पताल को यथास्थान रखने के लिए व्यापार मण्डल से वार्तालाप कर बाजार बंद रखने का प्रस्ताव लिया जायेगा।

धरना संयोजक ओपी बायला ने बताया की इस संदर्भ में एक प्रतिनिधि मण्डल जल्द मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उपजिला अस्पताल पावटा में रखने के लिए ज्ञापन सौंपेगा।

सुशिल योगी ने कहा की क्षेत्रीय विधायक की हठधर्मिता और जनता को सत्ता के दम पर उसके अधिकारों से वंचित किए जाने के विरुद्ध हम आंदोलन करने पर आमदा है। इस दौरान भांकरी सरपंच मेहरसिंह धनकड़, पत्रकार सुरेश शर्मा, महावीर चावला, राजीव ढहरवाल, रामशरण मीणा दिनेश शर्मा सुशील योगी गणेश सैनी नरेश बंसल, करण पंसारी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामपाल मीणा रामचंद्र भोजावास, दाताराम यादव, राजकुमार सैनी, रमेश यादव मौजूद रहे।

# शिक्षक ने बच्चों को जैकेट एवं विद्यालय को प्रिंटर भेंट किया



बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं, ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हंसासरी में शारीरिक शिक्षक राजेंद्र सिंह ने अपने सेवानिवृत्ति से पहले कक्षा 1 से 8 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए और विद्यालय को एक प्रिंटर भेंट किया। कक्षा 9 से 12 तक के सभी विद्यार्थियों को विद्यालय स्टाफ ने जैकेट प्रदान किए, साथ ही बच्चों के लिए कृष्ण भोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र सिंह खीचड़, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, अलसीसर उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उप प्राचार्य राकेश झाझडिया और ग्राम पंचायत हंसासरी की सरपंच सुलोचना देवी भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विकास रुहिल ने की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में शारीरिक शिक्षक राजेंद्र सिंह के बच्चों को स्वेटर एवं विद्यालय को प्रिंटर भेंट करने की सराहना की और इसे एक अत्यंत प्रशंसा योग्य कार्य बताया। प्रधानाचार्य विकास रुहिल ने मुख्य अतिथि एवं शारीरिक शिक्षक राजेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक दीपेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# केकेसी पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** केकेसी पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के स्वयंसेवकों का सात दिवसीय शिविर का आज उद्घाटन हुआ द्य शिविर 20 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी श्री राजकुमार सोनी व जगदीश कुमार ने बताया कि आज प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय की सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय योजना की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए महाविद्यालय के निदेशक डॉ. किशोर सिंह राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ-साथ भारत सरकार का एक उपक्रम उन्नत भारत योजना भी चल रहा है जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की भांति विभिन्न जनहित कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें सभी स्वयंसेवक अपनी भागीदारी निभा सकता हैद्य कार्यक्रम में बोलते हुए शिक्षाविद श्री मूलचंद शर्मा ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह वर्तमान समय में बढ़ते हुए नशे की प्रवृत्ति से दूर रहे इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुमेर सिंह स्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य स्वयं से पहले आप को जीवन में उतारते हुए सभी स्वयंसेवकों को इसकी पालना करनी चाहिए कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार सोनी ने बताया कि इन सात दिवसीय शिविर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा कार्यक्रम के दौरान सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जगदीश कुमार ने किया।

# नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( नि.स. )।** बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष का कोर्ट परिसर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीजे अमित द्विवेदी मौजूद रहे व अध्यक्षता एसीजेएम नमो नारायण मीणा ने की एवं विशेष अतिथि के रूप में एसीजेएम शैली परिवाल व एसडीएम सचिन यादव मौजूद रहे । नवनिर्वाचित अभिभाषक संघ अध्यक्ष हरीश भारद्वाज सहित समस्त कार्यकारिणी को शपथ दिला कर साफा एवं माला पहनाकर कर सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए. एडीजे मोहित द्विवेदी ने कहा कि बार एवं बैंच के सामंजस से न्याय मिलने में आसानी रहती है एवं अधिक से अधिक राजीनामा करने से शीघ्र एवं सुलभ न्याय मिलता है। कार्यक्रम में पीतम काटारा, देवेंद्र पाठक ,पूरन धाकड़, विकास शर्मा, नवनीत चौधरी, कुलदीप शर्मा, ओमप्रकाश कृष्णवीर गुर्जर, राजकुमार नगायच, राजीव शर्मा ,सहित सभी बार सदस्य उपस्थित रहे।



# साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित किये जा रहे साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम गोरबन्द के पंचम दिवस पर वेस्ट में बैस्ट एवं गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य डॉ. आर.पी.गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने छात्राओं को अपने उद्बोधन के माध्यम से उनमें सृजनशीलता को विकसित करने तथा अपनी प्रतिभाओं को निखारने का संदेश दिया। प्रो. भावना चौधरी ने छात्राओं को जीवन में आने वाली समस्याओं का निर्भीक होकर सामना करने के लिये प्रेरित किया तथा प्रतियोगिताओं में बढ़ चढकर भाग लेने के लिये कहा। प्रो. चंचल कुमारी ने संचालन करते हुये बताया कि वेस्ट में बैस्ट प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. भावना चौधरी व प्रो. बिशम्भर दयाल ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूनम मीना एवं समूह, खुशबु यादव एवं समूह द्वितीय स्थान पर व योगिता सैनी एवं समूह व सीमा सैनी एवं समूह तृतीय स्थान पर रहे। प्रो. जगराम गुर्जर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बताया कि गायन प्रतियोगिता में निर्णायक प्रो. विमल कुमार यादव एवं प्रो. यामिनी यादव रहे।

# पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा का किया अभिनंदन




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** ही में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त किये गये पूर्व चैयरमैन प्रकाश चंद सैनी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारेहड़ा के अध्यक्ष एड. सतीश निमोरिया ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा का आभार व धन्यवाद् ज्ञापित किया। साथ ही उन्हें माला व साफा पहनाकर अभिनंदन भी किया। सैनी व निमोरिया ने कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर तक मजबुत करने के संकल्प के साथ पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा को आगामी पंचायती व निकाय चुनाव में पार्टी को सफलता दिलाने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, पीसीसी मेम्बर जगदीश मीणा, सरपंच जगमाल यादव, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, इन्द्राज सैनी, धनराज वाल्मिकी, इन्द्रपाल वाल्मिकी, जगदीश प्रसाद यादव, गिरिराज चौहान, बहादुर गुर्जर, बंशीधर गुर्जर, मातादीन आर्य, संतलाल फानन, विजय चौहान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ASSISTANT DIRECTOR**
**DISTRICT CHILD PROTECTION UNIT, TONK (RAJ)**
Email-depu.tonk@rajasthan.gov.in, icpstonk@gmail.com,
Mob:-9413272092
क्रमांकः बा.अ.वि./ निविदा/लेखा सूचना/2024-25/1070 दिनांक 06.12.2024
**NIT-02/2024-25 (NIB: CED2425A0070)**
Bids for Hiring Porject Coordinator, Counselor, Child Helpline Supervisor, Case Worker (Rs. 20.88 Lack.) are invited from interested bidders upto date 19-12- 2024 Time 03:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in) or (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Directorate Of Child Rights Website.
**UBN NO:- CED2425SLOB00048**
**Assistant Director**
**District Child Protection Unit**
**Tonk (Raj.)**

# श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरवनाथ को कल धराया जायेगा प्रथम विशाल छप्पन भोग

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सुरेखा लोढ़ा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं समस्त पार्श्व भैरव भक्त द्वारा आगामी 22 दिसम्बर को आचार्य चन्द्राननसागर सुरीश्वर महाराज आदि ठाणा एंव सध्वीश्री कल्पिताश्री म.सा. आदि ठाणा की प्रेरणा से श्री कामधेनु पार्श्वनाथ जिनालय, राणाकुई, वल्लभनगर में श्री नाकोडा पार्श्व भैरूनाथ के दरबार में प्रथम बार विशाल छप्पन भोग धराया जायेगा।

ट्रस्ट के हस्तीमल लोढ़ा ने बताया कि पार्श्व भैरव भक्तों के द्वारा श्री पार्श्वनाथ श्री भैरव के चरणों मे प्रथम बार अनेक तरह के व्यंजनों को तैयार कर आकर्षक साज सज्जा के साथ अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर वल्लभनगर जैन मंदिर से उदयपुर बस स्टेंड तक भव्य वरघोड़ा प्रात:10 बजे से निकाला जायेगा जिसके लाभार्थी



श्रीमति कैलाशबेन-गोपाल जैन होंगे। तत्पश्चात 11.30 बजे भगवान को छप्पन भोग धराया जायेगा,जिसके लाभार्थीललिता-मनोहर तलेसरा होंगे। 12 बजे से 1.30 बजे तक भक्ति संध्या का आयोजन होगा, जिसके लाभार्थी हिण्डौन सिटी मूलत: उदयपुर निवसी किरण-दिनेश जैन होंगे। तत्पश्चात मोती कृष्ण गोधाम निज मन्दिर में नवकारसी एवं 2 बजे गौतम प्रसादी का आयोजन होगा। जिसके लाभार्थी वल्लभनगर स्थित सुरेखा लोढ़ा चरिटेबल ट्रस्ट होगा। भगवान की आंगी के लाभार्थी अशोकनगर के दिलीप लोढ़ा होंगे। लोढ़ा ने बताया कि उदयपुर से वल्लभनगर आयोजन स्थल पर जाने के लिये हिरणमगरी से. 4 स्थित पेट्रोल पम्प व सेवाश्रम चौहारा से नि:शुल्क बस की व्यवस्था की गई है।

भक्ति संध्या में गायक पंकज भण्डारी एवं टीम अपनी मधुर आवाज में भजनों की स्वर सरिता बिखेरेंगे। नि:शुल्क बस के लिये 9829122921 पर सम्पर्क कर सकते है।



दैनिक बढ़ता राजस्थान

## सम्पादकीय

# फेडरल रिजर्व के फैसले के गूढ़ अर्थ

बदलती नीतिगत वास्तविकता के मुताबिक ढलना अक्सर वित्तीय बाजारों के लिए मुश्किल होता है। बुधवार को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) ने दरों में 25 आधार अंकों की कमी की। यह कमी वित्तीय बाजारों की अपेक्षाओं के अनुरूप ही थी। लेकिन शेयर और बॉन्ड बाजार दोनों में बिकवाली हुई। एसऐंडपी 500 में तीन फीसदी की गिरावट आई जबकि 10 वर्ष के अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की यील्ड 13 आधार अंक बढ़कर 4.5 फीसदी हो गई जो कई महीनों का उच्चतम स्तर है। बॉन्ड कीमतें और यील्ड एक दूसरे से उलटी चाल चलते हैं। भारत में बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स में गुरुवार को 1.2 फीसदी की गिरावट आई। वित्तीय बाजारों में इस बिकवाली की प्राथमिक वजह एफओएमसी के संशोधित अनुमानों को माना गया। इसने दिखाया कि समिति को अब उम्मीद है कि फेडरल फंड दरों में 2025 में केवल 50 आधार अंकों की कमी होगी जबकि सितंबर में एक फीसदी कमी का अनुमान लगाया गया था।

इस बदलाव की वजह है मुद्रास्फीति। हालांकि मुद्रास्फीति की दर 2022 की ऊंचाइयों से काफी नीचे आई है लेकिन अभी भी यह फेडरल रिजर्व के मध्यम अवधि के दो फीसदी के लक्ष्य से ऊपर है। संशोधित अनुमानों के मुताबिक 2025 में मुद्रास्फीति की दर सितंबर के अनुमान से 40 आधार अंक बढ़कर 2.5 फीसदी रह सकती है। कोर मुद्रास्फीति (खाद्य और ईंधन क्षेत्र से परे) के अनुमानों को भी संशोधित करके बढ़ाया गया है। सकारात्मक बात यह है कि एफओएमसी के सदस्यों ने वृद्धि और रोजगार के अनुमानों में भी अनुकूल संशोधन किया है। बहरहाल वित्तीय बाजार 2025 में दरों में अधिक कटौती पर दांव लगा रहे हैं। हालांकि इसकी संभावना बहुत कम है। मुद्रास्फीति के ऐसे नतीजों से परे वित्तीय बाजार डॉनल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले नए प्रशासन की अनिश्चित संभावनाओं पर भी चिंतित है। उदाहरण के लिए ट्रंप तमाम वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ाना चाहते हैं। उनका इरादा चीन जैसे चुनिंदा देशों पर ऊंचा शुल्क लगाने का भी है।

हालांकि दुनिया वास्तविक कार्रवाई पर नजर रखेगी लेकिन फेड के नजरिये से ऐसे कदम अपरिहार्य रूप से अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ाएंगे जिसका असर उच्च मुद्रास्फीति में नजर आएगा। हालांकि मुद्रास्फीति पर शुल्क दरों का प्रभाव समय के साथ कम हो सकता है लेकिन यह फेड के काम को जटिल बना सकता है। ऐसे बदलाव वैश्विक वित्तीय बाजारों में भी अस्थिरता बढ़ाएंगे। तुलनात्मक रूप से ऊंची ब्याज दरें पूंजी प्रवाह को अमेरिका की ओर करेंगी और डॉलर को मजबूती देंगी। यह बात अन्य मुद्राओं पर, खासकर उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव डालेगी। फेड के निर्णय के बाद डॉलर सूचकांक दो वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इसके परिणामस्वरूप शेयर बाजार में गिरावट के अलावा गुरुवार को भारतीय रुपये ने भी डॉलर के समक्ष 85 रुपये का मनोवैज्ञानिक अवरोध भंग कर दिया।

# संसद की गरिमा पर संकट : एक चिंताजनक दृश्य

**लोकसभा में विपक्ष के नेता पर पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया है। क्या यह चिंतनीय और संवेदनशील नहीं है कि संसद अब विवाद और आरोप-प्रत्यारोप की जगह बनती जा रही है ? पता नहीं सत्ता पक्ष और विपक्ष के आरोपों में कितनी सच्चाई है, लेकिन इसमें कोई भी संदेह नहीं कि उक्त घटना संसद ही नहीं, पूरे देश को शर्मशार करने वाली है। राजनीति का स्तर इतना ओछा व तुच्छ नहीं होना चाहिए कि वह मर्यादा विहीन दिखने लगे। सच तो यह है कि आज राजनीति का स्तर दिन-ब-दिन गिरता ही चला जा रहा है। आज आलोचना का कोई तरीका नहीं रहा।**

सुनील कुमार महला



हाल ही में शीतकालीन सत्र में संसद में (बाहर और भीतर) जो हुआ, उससे लगता है कि संसद की गरिमा खतरे में है। यह विडंबना ही है कि संसद परिसर में धक्का-मुक्की और हाथापाई तक की नौबत आ गई। बहुत ही दुखद है कि धक्का मुक्की और हाथापाई में सांसदों को आईसीयू तक में भर्ती कराना पड़ा। वास्तव में यहां यह मानना कठिन है कि यह धक्का-मुक्की अनजाने में हुई। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि उन्हें संसद में प्रवेश करने से रोका गया। वो धक्के की बात से अस्वीकार कर रहे हैं। विपक्ष बाबा साहेब के अपमान पर माननीय गृह मंत्री से इस्तीफा की मांग कर रहा है और बाबा साहेब के अपमान पर माफी मांगने की बात कह रहा है। वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष पर आरोप लगाए हैं। मसलन, यह कहा है कि नेता प्रतिपक्ष का घटना के बाद भी अहंकार नहीं टूटा है। नेता प्रतिपक्ष खुद को कानून से ऊपर समझते हैं, उन्होंने यह भी कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जानबूझकर सत्ता पक्ष के सांसदों के बीच पहुंचे और धक्का मुक्की ही नहीं गुंडागर्दी भी की। सत्ता पक्ष ने यहां तक कह दिया है कि नेता प्रतिपक्ष, नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक नहीं है। बहरहाल, संसद में जो कुछ भी हुआ है वह शर्मनाक होने के साथ ही बहुत ही दुखद भी है। संसद की प्रतिष्ठा और गरिमा का हनन हमारे देश और समाज की प्रतिष्ठा और छवि पर भी निश्चित ही असर छोड़ता है। संसद देश और समाज के विभिन्न मुद्दों पर तार्किक बहस और कानून निर्माण के लिए बनी है, न कि लड़ाई-झगड़े, आपसी विवाद, धक्का मुक्की और हाथापाई के लिए। आलोचना करने का भी एक गरिमामयी तरीका होता है, मर्यादा होती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज संसद में आलोचना और निंदा, चर्चा और अपमान में कोई अंतर दिखाई नहीं पड़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज सांसदों में आपसी राजनीतिक कटुता लगातार पनपनी चली जा रही है और इसकी बेल लगातार और अधिक जहरीली होती चली जा रही है। विभिन्न मुद्दों पर चर्चाओं का भी एक शालीन और सभ्य तरीका होता है। सदन में बात पूरे सलीके और एक दूसरे के सम्मान, आदर-सत्कार के साथ रखी जाती है।

यह ठीक है कि आलोचना में, देश और समाज के मुद्दों पर आपसी बहस में हल्की-फुल्की तकरार, हल्का-सा गुस्सा, तेवर कभी-कभार संभव हो सकते हैं लेकिन तकरार और गुस्से का यह मतलब तो कतई नहीं है धक्का-मुक्की, हाथापाई तक की ही नौबत आ जाए। राजनेताओं को यह बात याद रखनी चाहिए कि मर्यादा विहीन राजनीति हमेशा केवल धिक्कार की ही पात्र होती है। यह शर्मनाक है कि डा. अंबेडकर के नाम पर पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे को कोसने में लगे हुए हैं? और संविधान के नाम पर होने वाली चर्चा भी आज अपने निम्न स्तर पर चली गई है, जिसमें पक्ष रखने की बजाय एक-दूसरे को बदनाम करने की ओर रुझान ज्यादा है। सच तो यह है कि आज आपसी विचार-विमर्श, संवाद की परिभाषा तो जैसे ही समाप्त हो गई है। सच तो यह है कि आज राजनीति और राजनेता अपने छिछले स्तर पर आ गए हैं। एक समय था जब राजनीति और राजनेताओं की अपनी गरिमा और प्रतिष्ठा थी, अब ऐसा लगता है कि यह धीरे-धीरे धुमिल सी होती चली जा रही है। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि आज राजनेता अपने चूल्हे के नीचे आंच सरकाने से वास्ता रखने लगे हैं, राष्ट्र और समाज से उन्हें कोई लेना-देना नहीं। सांसदों के बीच कटुतापूर्ण और शत्रुतापूर्ण संबंध लोकतंत्र के लिए सही नहीं ठहराये जा सकते हैं। ऐसा होना भारतीय लोकतंत्र के लिए बहुत ही ख़तरनाक है। आज हम दुनिया का विशालतम लोकतंत्र कहलाते हैं लेकिन विशालतम लोकतंत्र में यदि ऐसी घटनाएं घटित होती हैं तो क्या यह विश्व पटल पर हमें और हमारे देश को शर्मशार नहीं करता है ? आज संसदीय वार्तालाप बहुत ही निम्न स्तर का , अभद्र और अशोभनीय हो गया है। यह पहली बार नहीं है जब संसद में ऐसी स्थितियां (हाथापाई, धक्का मुक्की) पैदा हुई हैं। इससे पहले भी भारत में संसद और राज्य विधानसभाओं में कई बार झड़प की घटनाएं हो चुकी हैं और इस वजह से कई बार अप्रिय स्थिति पैदा हो चुकी है। बहुत समय पहले तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने सदन में हुई घटनाओं को निंदनीय बताते हुए चेतावनी दी थी कि अगर ऐसी घटनाएं दोहराई गईं तो सबसे कठोर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर 2009 को राज्यसभा में अमर सिंह और भाजपा के अहलूवालिया में हाथापाई हो गई थी। 5 सितंबर 2012 को राज्यसभा में एससी, एसटी कोटा बिल पेश किए जाने के दौरान बीएसपी सांसद अवतार सिंह और एसपी सांसद नरेश अग्रवाल के बीच हाथापाई हुई।13 फरवरी 2014 को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पर भारत की संसद में बड़े पैमाने पर हुए झगड़े ने अध्यक्ष को कक्ष से भागने पर मजबूर कर दिया और कई सांसदों को अस्पताल ले जाया गया। संसद ही नहीं राज्य विधानसभाओं में भी ऐसी घटनाएं हुईं जिन्होंने शर्मसार किया। मसलन बहुत समय पहले जनवरी 1988 में तमिलनाडु विधानसभा में माइक और कुर्सियों का फेंका जाना, 26 मार्च 1989 को जयललिता और करुणानिधि के विधायकों के बीच हिंसा भड़क जाना,16 दिसम्बर 1993 को यूपी विधानसभा में 33 विधायकों का घायल हो जाना,21 अक्टूबर 1997 को यूपी विधानसभा में ही पेपरवेट, फर्नीचर चलने पर 50 सदस्यों का घायल हो जाना,11 दिसंबर 2012 को पश्चिम बंगाल विधानसभा हाथापाई, 2013 में तमिलनाडु विधानसभा में बागी विधायकों के साथ हाथापाई,

13 मार्च 2015 को केरल विधायकों द्वारा कुर्सियां तोड़ना, माइक को फेंकना और मेजों पर चढ़ना,18 फरवरी 2017 को तमिलनाडु विधानसभा में राज्य के लोगों के चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा हिंसा और बर्बरता की घटनाएं,14 मार्च 2018 को गुजरात विधानसभा में थप्पड़ व लात-घूंसे चलना के अलावा हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र , पश्चिमी बंगाल और जम्मू-कश्मीर विधानसभा की घटनाओं ने समाज और देश को शर्मशार किया। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि भारतीय संविधान ने हमें उच्च मानवीय और राजनीतिक संस्कृति प्रदान की है। संविधान सरकारों को समाज और देश को दिशा दिखाने का कार्य करता है।

भारतीय संविधान में संसदीय प्रणाली के प्रमुख तत्व विद्यमान है। यह विडंबना ही है कि आज उसी संविधान के नाम पर एक-दूसरे को नीचा दिखाने का खेल शुरू हो गया है। असल में संविधान विभिन्न सिद्धांतों और नियमों का समूह है, जो शासन की मर्यादा, स्वरूप और उद्देश्य को स्पष्ट करता है। लोकतंत्र में संविधान की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे देश का संविधान आपसी तालमेल, सहयोग, सह-अस्तित्व, समानता और आपसी संवाद(इंटरेक्शन) की बुनियाद है। संविधान बिना देश कुछ भी नहीं। यह देश का संविधान ही है जो नागरिकों में विश्वास जगाता है। संसद में जो कुछ भी हुआ है, वह बहुत ही निंदनीय और देश को शर्मसार करने वाला है। ईश्वर संसद को चलाने वालों को सद्बुद्धि दे।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज के कॉलम के सुपर स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री बीजू जॉर्ज जोसफ । 22 अक्टूबर सन 1967 में केरल में जन्में बीजू सर भारतीय पुलिस सेवा के मजबूत व दमदार अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। इनका कहना है कि पुलिस कोई पद नहीं बल्कि आमजन की सुरक्षा के लिए समाज का एक विश्वास का नाम है इसलिए पुलिस के स्लोगन आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय को पूरी तरह चरितार्थ करने वाले अधिकारी के रूप में इन्हे जाना जाता है। आज राजस्थान की बड़ी और जिम्मेदारी वाली पोस्ट पुलिस आयुक्त, जयपुर जैसे पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सतर्कता राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान ,जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, पुलिस मुख्यालय, राजस्थान जयपुर। पुलिस आयुक्त, जोधपुर। महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेन्ज अजमेर। महानिरीक्षक पुलिस, ऑपरेशन जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेन्ज भरतपुर। पुलिस आयुक्त, जोधपुर।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (द्वितीय) जयपुर। उप पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी(क्राइम) जयपुर। पुलिस अधीक्षक,जयपुर शहर (पूर्व) जयपुर (डीआईजी ग्रेड में)। पुलिस अधीक्षक, अलवर। पुलिस अधीक्षक, सीबीआई बेंगलुरु। पुलिस अधीक्षक, गंगानगर। पुलिस अधीक्षक, धौलपुर। एडीसी राजस्थान के राज्यपाल, जयपुर। कमांडेंट, द्वितीय बटालियन आरएसी कोटा। सहायक अधीक्षक पुलिस, शहर गंगानगर। सहायक अधीक्षक पुलिस, कोटा (शहर) रहे हैं। अपनी उत्कृष्ठ सेवा के लिए सरकार की ओर से इन्हे राष्ट्रपति पुलिस पदक व पुलिस पदक से नवाजा गया है। इसके अलावा विभिन्न संगठनों व संस्थाओं द्वारा इनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यो के लिए इनका भावपूर्ण सम्मान किया गया है।



श्री बीजू जॉर्ज जोसफ
( भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी )

इनकी अलवर एसपी शिप के दौरान इनकी कार्यशैली को बेहद करीब से देखने का मौका मिला था जब राजगढ़ में चुनाव के दौरान गढ़ीसवाईराम में आगजनी की घटना हुई ऐसे में वहीं कैम्प कर मामले को निपटाया और हुडदंग करने वालों का भी सही इलाज किया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 21 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- जॉन जे 1784 में अमेरिका के पहले विदेश मंत्री बने।
- रसायन शास्त्री पियरे और मेरी क्यूरी ने 1898 में रेडियम की खोज की।
- अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने 1921 में धरना प्रदर्शन और काम रोकने को असंवैधानिक घोषित किया।
- ब्रिटेन के संरक्षित राज्य के दर्जे से मुक्त होकर 1923 में नेपाल पूर्ण स्वतंत्र देश बना।
- अर्थर वेन का बनाया दुनिया का पहला क्रॉसवर्ड 1931 में न्यूयॉर्क वर्ल्ड अखबार में प्रकाशित हुआ।
- रंगीन चित्रों और आवाज वाली पहली कार्टून फिल्म- डिजनीस स्नो व्हाईट- का प्रदर्शन 1937 में किया गया।
- पुर्तग़ाली शासकों ने 1949 में इंडोनेशिया को संप्रभु राष्ट्र घोषित किया।
- सैफुद्दीन किचलू 1952 में तत्कालीन सोवियत संघ का लेनिन शांति पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने।
- अमरीकी राष्ट्रपति जॉन एफ़ कैनेडी और ब्रितानी प्रधानमंत्री हैरल्ड मैकमिलन ने 1962 में बहामास में बातचीत के बाद एक बहुआयामी नैटो परमाणु बल बनाने का फैसला किया।
- कर्ट वॉल्डहाइम 1971 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के चौथे महासचिव बने।
- पनडुब्बी प्रशिक्षण देने वाले देश के पहले पोत आईएनएस सतवाहन को 1974 में आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में जहाजी बेडे में शामिल किया गया।
- मेडागास्कर में 1975 में संविधान लागू हुआ।
- स्कॉटलैंड की सीमा के नजदीक लॉकरबी शहर में एक पैन एम का जंबो जेट 1988 में 258 यात्रियों के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
- कज़ाकिस्तान की राजधानी अल्मा अता में 1991 में 11 सोवियत गणराज्यों द्वारा राष्ट्रमंडल का गठन।
- नेपाली प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला का 1998 में इस्तीफ़ा।
- गंगनम स्टाइल 2012 में यूट्यूब पर एक अरब बार देखे जाने वाला पहला वीडियो बना।

### 21 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- बादशाह अकबर के प्रमुख राजपूत सरदार मान सिंह का जन्म 1550 हुआ।
- बहुमुखी प्रतिभा के धनी, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत तथा छत्तीसगढ़ राज्य में जन जागरणकर्ता सुन्दरलाल शर्मा का जन्म 1881 हुआ।
- छत्तीसगढ़ में 'श्रमिक आन्दोलन' के सूत्रधार तथा 'सहकारिता आन्दोलन' के प्रणेता ठाकुर
- प्यारेलाल सिंह का जन्म 1891 हुआ।
- संयुक्त राष्ट्र संघ के चौथे महासचिव कुर्त वॉल्डहाइम का जन्म 1918 हुआ।
- कन्नड़ भाषा के प्रसिद्ध रचनाकार यू. आर. अनंतमूर्ति का जन्म 1932 हुआ।
- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णमचारी श्रीकांत का जन्म 1959 में हुआ।
- वर्ष 2002 बैंच के वन सेवा अधिकारी और 2015 में 'रेमन मैग्सेसे पुरस्कार' प्राप्तकर्ता संजीव चतुर्वेदी का जन्म 1974 हुआ।

## विशेष आलेख

# सांसद भी बिजली चोरी करेंगे तो आम जनता पर क्या असर होगा?

अशोक भाटिया



संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ गुरुवार को यहां दीपा सराय इलाके में उनके आवास पर बिजली चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया गया। देर रात उन पर एफआई की कार्रवाई होने के बाद उनके घर की बिजली भी काट दी गई और बिजली विभाग ने 1 करोड़ 91 लाख का लगा जुर्माना ठोक दिया। पुलिस ने बताया कि उनके पिता पर भी बिजली विभाग द्वारा घर के निरीक्षण के दौरान सरकारी अधिकारियों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सांसद के खिलाफ बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 135 (बिजली की चोरी या बिजली का अनधिकृत उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया है ।बिजली विभाग के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि विद्युत परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त उपभोक्ता के मीटर की जांच करने पर यह स्पष्ट हो गया है कि मीटर से छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की गई है। बिजली विभाग ने इलाके में सुरक्षाबलों की तैनाती के बीच बृहस्पतिवार सुबह बर्क के आवास पर निरीक्षण शुरू किया था।

बर्क उन लोगों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ पुलिस ने 24 नवंबर को संबल में हुई हिंसा के सिलसिले में भी मामला दर्ज किया गया है। शहर के कोट गर्वी इलाके में अदालत के आदेश पर मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का विरोध करने पर सुरक्षाकर्मियों के साथ हुई झड़प में चार स्थानीय लोगों की मौत हो गई थी। बर्क ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने और अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की भी मांग की है।बर्क पर 24 नवंबर को लोगों को भड़काने का आरोप है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा का कारण उनका भड़काऊ भाषण था। रिट याचिका में सांसद ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा है कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। उनके वकील के अनुसार, वह घटना स्थल पर मौजूद नहीं थे, फिर भी उन्हें प्राथमिकी में आरोपी बनाया गया है। इस बीच, बिजली विभाग के निरीक्षण के दौरान सरकारी अधिकारियों को धमकाने के आरोप में सांसद के पिता के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक (संभल) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे बिजली विभाग के संतोष त्रिपाठी दीपा सराय में बिजली उपकरणों की जांच कर रहे थे, तभी वह ममलूकुर रहमान बर्क (सांसद के पिता) के घर गए और वहां बिजली उपकरणों की जांच की। इस दौरान ममलूकुर रहमान बर्क ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया, सरकारी काम में बाधा डाली और कहा कि सरकार बदल जाएगी और हम तुम्हें बर्बाद कर देंगे, उन्होंने अपशब्दों का प्रयोग किया, इसका वीडियो बिजली विभाग ने बनाया है।बिश्नोई ने बताया कि ममलूकुर रहमान बर्क, वसीम, सलमान के खिलाफ नखासा थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। संभल के दीपा सराय इलाके में बिजली विभाग ने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर रहमान बर्क के आवास की जांच की। इस दौरान इलाके में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिरीष चंद्र ने संवाददाताओं से कहा कि बिजली विभाग ने दीपा सराय इलाके में सुरक्षित और सुचारू निरीक्षण के लिए पुलिस सहायता मांगी है। फिलहाल निरीक्षण जारी है। निरीक्षण किए जा रहे स्थान के बारे में विशेष रूप से पूछे जाने पर एएसपी ने कहा कि यह सांसद का आधिकारिक आवास है, जहां बिजली विभाग जांच कर रहा है। बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सांसद के आवास पर दो-दो किलोवाट के दो कनेक्शन और 10 किलोवाट का सोलर पैनल है। उन्होंने कहा कि हालांकि, उपयोग और उपकरणों के आधार पर आवश्यकता आठ से 10 किलोवाट के बीच होनी चाहिए। सांसद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील कासिम जमाल ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि निवास में चार किलोवाट के दो कनेक्शन, 10 किलोवाट का सोलर पैनल और पांच किलोवाट का जनरेटर है। 'सेटअप' में दो 'एयर कंडीशनर', 6-7 'सीलिंग फैन (छत वाले पंखे)', एक रेफ्रिजरेटर और लाइट शामिल हैं। बिल बहुत कम है क्योंकि यहां परिवार के केवल चार सदस्य रहते हैं। सांसद, उनकी पत्नी, उनकी मां और उनके पिता। विद्युत विभाग का निरीक्षण जारी है क्योंकि अधिकारी अनुमानित खपत के मुकाबले मौजूदा कनेक्शन का मूल्यांकन कर रहे हैं। इलाके में पुलिस, पीएसी और त्वरित कार्रवाई बल के जवानों की तैनाती पर अधिवक्ता ने कहा कि यह परिवार की छवि को धूमिल करने का प्रयास है। लम्बे समय से चल रही बिजली चोरी पर इतना सब होने के बाद सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी का मामला दर्ज किया जा रहा है जबकि उनकों हर सुविधा मुफ्त मिलती है । सांसद को सैलरी के साथ अलग-अलग तरह के भत्ते मिलते हैं। अगर सिर्फ भत्तों को जोड़ा जाए तो वो आंकड़ा सैलरी से कहीं ज्यादा होता है। एक सांसद को हर माह 1 लाख रुपए बतौर वेतन मिलते हैं। यह मूल वेतन है।इन्हें हर माह 2 हजार रुपए दैनिक भत्ता, 70 हजार रुपए निर्वाचन क्षेत्र भत्ता, 60 हजार रुपए कार्यालय व्यय भत्ता मिलता है। इसके अलावा आवास, निर्वाचन क्षेत्र आवास और इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए तीनों टेलीफोनों पर सालाना 1,50,000 फ्री कॉल की जा सकती हैं। किराया मुक्त सरकारी आवास मिलता है। जिसके लिए हर साल 50,000 यूनिट बिजली मिलती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

**वृष**
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। गलत कामों से दूरी बनाए रखें। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है।

**कर्क**
सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। वाहन सुख मिलेगा।

**सिंह**
अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है।

**कन्या**
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी।

**तुला**
आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें।

**वृश्चिक**
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है।

**धनु**
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा।

**मकर**
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

**कुंभ**
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन**
मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# नागरिक ग्राम सभाओं में करवाए विकास कार्यो के अनुमोदनः चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आमजन की समस्याओं का निस्तारण उनके घर के नजदीक जाकर करने के लिए गत दिवस जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत जौला के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर ने कहा कि जो भी नागरिक अपने ग्राम में विकास कार्य करवाना चाहते है उसका अनुमोदन व ग्राम सभाओं में करवाएं। जिला कलक्टर शुभम ने ग्रामीणों की जल समस्या के संबंध में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत शीघ्र पेयजल व्यवस्था करवाने के निर्देश प्रदान करते हुए ग्रामीणों से अपील की कि वे सड़कों पर व्यर्थ पानी नही बहाएं। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाईपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य करवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहायत मीणा को दिए। उन्होंने पीएम आवास न मिलने की शिकायत पर ग्राम विकास अधिकारी को पीएम आवास योजना के पात्र व्यक्तियों की वरीर्यता के अनुसार जारी सूची को पंचायत भवन पर चस्पा करने के निर्देश भी दिए है। जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि रसद विभाग द्वारा 31 जनवरी तक खाद्य सुरक्षा के अपात्र व्यक्तियों का सूची से नाम हटाने की कार्यवाही की जा रही है। अगर 31 जनवरी तक अपात्र व्यक्ति अपना नाम स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से हटवा लेता है तो उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिसके पास स्वयं का चौपहिया वाहन है, वार्षिक आय एक लाख से अधिक है, राजकीय सेवा में है, आयकर दाता है तो वह इस योजना का पात्र नहीं है।

# बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में शिथिलता नहीं बरतेःडॉ. सौम्या झा

## जिला कलेक्टर ने एक-एक बजट घोषणाओं पर अपडेट स्थिति की जानकारी ली

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने शुक्रवार को राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, मिशन कर्मयोगी, संपर्क पोर्टल, पीएम सूर्य घर योजना, ई फाइल, सुशासन सप्ताह समेत विभिन्न एजेंडों पर जिला स्तरीय अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने एक-एक बजट घोषणाओं पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से अपडेट स्थिति की जानकारी ली। साथ ही, अधिकारियों से कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरते। संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के समाधान एवं ई फाइल में पत्रावलियों के निस्तारण को लेकर जिला कलेक्टर ने कार्य में सक्रियता एवं गुणवत्ता लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो तथा कोई भी प्रकरण 7 दिन से अधिक लंबित न रहे। ई फाइल को लेकर जिन अधिकारियों द्वारा पत्रावलियों के निस्तारण पत्र में अधिक समय लिया जा रहा है उन्हें कार्य प्रणाली में सुधार करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने मिशन कर्मयोगी के तहत रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन ट्रेनिंग की भी समीक्षा की तथा सभी अधिकारियों को इसे पूरा करने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने राइजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू की क्रियान्विति को लेकर उद्योग विभाग के महाप्रबंधक से जानकारी ली। पीएम सूर्यघर योजना को लेकर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता राहुल असीवाल को जिले में प्रगति को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में एडीएम रामरतन सौंकरिया, सीईओ परशुराम धानका, एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने साइबर ठगी के आरोपी को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** बौंली थाना पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में लगभग 20 माह से फरार चल रहे आरोपी राजेंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खाते में एक करोड़ से अधिक के ट्रांजेक्शन की पुष्टि हुई है।

थानाधिकारी राधारमण गुप्ता ने बताया कि 8 अप्रेल 2022 को सब इंस्पेक्टर धर्मपाल ने बौंली थाना पर ऑनलाइन ठगी को लेकर प्रकरण दर्ज करवाया था। प्रकरण में आरोपी महेंद्र को उसी समय गिरफ्तार किया था। आरोपी महेंद्र के खाते से भी 96 लाख से अधिक के लेनदेन की पुष्टि हुई थी। प्रकरण में एक और नामजद आरोपी राजेंद्र पुत्र हरिमोहन मीणा निवासी पीपलवाड़ा फरार चल रहा था।

पीपलवाड़ा गांव में कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेंद्र मीणा को गिरफ्तार किया। आरोपी राजेंद्र के खाते में एक करोड़ से अधिक के लेनदेन की पुष्टि हुई है। दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक दोनों आरोपी टेलीग्राम पर चैनल बनाकर लोगों को टिप्स देकर ऑनलाइन ठगी करते थे।

थाना पुलिस के मुताबिक ट्रांजैक्शन राशि की जांच साइबर टीम की ओर से की जा रही है। पुलिस के मुताबिक अनुसंधान के बाद ही ठगी की राशि का खुलासा हो सकेगा।

# बजरी माफियाओं के लिए पुलिस गतिविधियों पर नजर रखने वाले चार गिरफ्तार

## एक जीप व एक बाइक भी की जब्त

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी ( नि.स. )।** अवैध रूप से बजरी परिवहन की रोकथाम के लिए कार्रवाई के दौरान रैकी कर पुलिस के गश्ती वाहन के मूवमेंट की सूचना बजरी माफियाओं को देने वाले चार लोगों को बाटोदा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विवेक उर्फ उधम सिंह (23) पुत्र श्यामलाल गुर्जर, शेरसिंह (29) पुत्र घूड़मल गुर्जर निवासी बिनौरा, विष्णु (24) पुत्र महेशचंद मीना, बाबूलाल (42) पुत्र नन्द कंवर निवासी मीना पाड़ा थाना सदर गंगापुर सिटी है। इनके पास से पुलिस ने एक जीप व एक बाइक भी जब्त की है। बाटोदा थानाधिकारी भरतसिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से बजरी परिवहन की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यहां बजरी माफियाओं से जुड़े हैं। यह थाने के आस-पास घूम कर पुलिस मूवमेंट पर नजर रखते हैं। जैसे ही पुलिस इलाके में कार्रवाई के लिए निकलती है तो बजरी माफियाओं व अपराधियों को पुलिस की गतिविधि की सूचना देते हैं। इससे अवैध रूप से बजरी परिवहन करने वाले लोग पकड़ में नहीं आते। शुक्रवार तड़के भी कुछ लोग बाइक व जीप से थाने के आस-पास घूम रहे थे। पुलिस के गश्ती वाहन के नजदीक पहुंचने का भी प्रयास किया। संदेह होने पर पुलिस ने उक्त लोगों को रोक कर पूछताछ की तो संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। संदिग्ध मानते हुए पुलिस थाने लेकर गई। जहां पूछताछ के बाद आरोपियों ने बताया कि वह बजरी माफियाओं के लिए पुलिस की गतिविधि पर



नज़र रखते हैं। इसकी ऐवज में उन्हें पैसे मिलते हैं। पुलिस ऐसा नहीं करने के लिए समझाइश की तो आरोपी कहने लगे कि वह ऐसा करेंगे। उन्हें इसके बदले पैसा मिलता है। इस पर पुलिस ने सभी को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लि या। जीप व बाइक के दस्तावेज नहीं होपे से दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया।

# डीआर एम ने अमृत भारत योजना के पुनर्विकास कार्यो का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** कोटा मंडल के डीआरएम मनीष तिवारी गत दिवस स्पेशल सैलून से सवाईमाधोपुर पहुंचे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि डीआरएम का सैलून सुबह करीब ग्यारह बजे प्लेटफॉर्म चार पर आया। इस दौरान सीनियर डीसीएम सौरभ जैन व रेलवे के अन्य अधिकारी उनके साथ थे। इस दौरान डीआरम ने यहां अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। सवाईमाधोपुर पहुंचने के बाद डीआरएम ने प्लेटफॉर्म चार पर अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत कराए जा रहे विकास और निर्माण कार्यों का जायजा लिया। साथ ही कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने और कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक एवं प्लेटफॉर्म नंबर दो का भी निरीक्षण किया।

**सफाई करते दिखे कार्मिकः** डीआरएम के दौरे की सूचना के मद्देनजर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद नजर आई। कार्मिक स्टेशन पर साफ-सफाई करते दिखे।

# हल्का पटवारी को अपरिहार्य कारणो से एपीओ किया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. ) ।** मालपुरा क्षैत्र के बृजलालनगर के हल्का पटवारी को अपरिहार्य कारणो से एपीओ कर मुख्यालय उपखण्ड अधिकारी कार्यालय मालपुरा किया गया है।

तहसीलदार पवन मातवा ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी के आदेशानुसार पटवारी विजय सिंह चौधरी हलका पटवारी बृजलालनगर तहसील मालपुरा को तुरन्त प्रभाव से एपीओ किया जाकर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति देने के लिए निर्देशित किया गया है।

# सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवों की ओर के तहत देवली व उनियारा में शिविर 23 दिसंबर को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह 2024 के तहत प्रशासन गांवों की ओर अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान में जिले में 24 दिसंबर तक सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर प्रशासन गांवों की ओर शिविर आयोजित किए जाएंगे। सहायक निदेशक लोक सेवाएँ जावेद अली ने बताया कि सोमवार, 23 दिसंबर को देवली एवं उनियारा में कैंपों का आयोजन होगा। कैंपों में आमजन की जनसुनवाई कर प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण किया जाएगा।

जावेद अली ने बताया कि संपर्क पोर्टल एवं केंद्र सरकार के सीपीग्राम पोर्टल से प्राप्त लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही, विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की तत्काल प्रदायगी सुनिश्चित की जाएगी।

# अवैध स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ एक जने को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजवीरसिंह ने बताया कि आरोपी जसराम उर्फ झब्बू पुत्र मियाराम मीना निवासी उलियाणा (कुण्डेरा) को 22.42 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

### यह था मामला

थानाधिकारी ने बताया कि बुधवार को गश्त के दौरान कुतलपुरा जाटान के आगे रेलवे लाइन के पास से बाइक चालक पुलिस गाड़ी को देखकर वापस घुमाने लगा। उसको रोका तो वह कोई सन्तोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। इस पर जसराम उर्फ झब्बू मीना की तलाशी ली तो प्लास्टिक की थैली में 22.42 ग्राम स्मैक मिली। आरोपी से स्मैक रखने का अनुज्ञापत्र मांगा तो कोई अनुज्ञा पत्र नहीं होना बताया।

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक को जब्त कर अवैध मादक पदार्थ के परिवहन में काम में ली गई मोटरसाइकिल को भी जब्त किया।

### 65 हजार रुपए की थी स्मैक

पुलिस ने आरोपी से स्मैक के स्रोत के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि यह स्मैक छीपा बड़ौद जिला बारां से 5-7 दिन पहले 65 हजार रुपए में खरीदी थी। इस स्मैक को वह आलनपुर में लोगों को बेचने जा रहा था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया।

# न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों के संबंध में पोर्टल पर तत्काल अपडेशन करें:शुभम



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान सरकार के न्याय विभाग के लाइट्स पोर्टल पर प्रकरणों के अपडेशन, याचिकाओं एवं मानव प्रकरणों के जवाब प्रस्तुत करने के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों के संबंध में तत्काल अपडेशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रकरणों के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट अवश्य पोर्टल पर डालें ताकि संबंधित वकील में कोर्ट में जवाब प्रस्तुत करने में सहायता प्राप्त हो सके।

विशेषकर अवमानना प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत करने में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने अधिकारियों को चैताते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों में 31 दिसंबर तक जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे अधिकारी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अनूप सिंह, एसडीएम चौथ का बरवाड़ा दामोदर सिंह, एसडीएम बौंली सीपी वर्मा, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, सीएमएचओं डॉ. धर्मसिंह मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन विद्यालयो की 91 छात्राओं को मिली साइकिले, साइकिले पाकर छात्राओं के चेहरे खिलखिलाए

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड की तीन सरकारी विद्यालयो की 91 छात्राओं को साइकिले मिलने से चेहरे खिलिखलाऐ। शुक्रवार को क्षैत्र के रीण्डलिया बुजुर्ग स्थित राउमावि में साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वितरण प्रभारी शिक्षक राजेन्द्र माली ने बताया कि समारोह में जीएसएस अध्यक्ष राजाराम चौधरी, भंवरलाल कुमावत, गोपाल लाल जाट, राजेश चौधरी, प्रधानाचार्य सीमा सिहरा, उपाचार्य फरजान खातून सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ साथी व सभी विद्यार्थी मोजुद रहे। समारोह के दौरान विद्यालय की 20 छात्राओं को घर से स्कूल आने व वापस घर जाने के लिए साईकिले वितरित की गई। वहीं राउमावि कांटोली स्थित राउमावि में वितरण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सरपंच प्रतिनिधि बृजेश गुर्जर मौजुद रहे। प्राचार्य महेन्द्र शर्मा व शिक्षक राकेश जैन ने बताया कि समारोह के दौरान कक्षा 9 की 24 छात्राओं को साइकिले वितरण की गई। इसके अलावा राउमावि लावा में भी साइकिल वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इसमें अतिथि के रूप में डीआर रहे किशनलाल फगोड़िया, पूर्व जीएसएस अध्यक्ष सत्यनारायण चौधरी सीआर बन्नालाल सैनी, छुट्टनलाल सैनी, भंवर गुर्जर, जितेन्द्र जैन, वार्ड पंच जगदीश वर्मा व शिवराज नायक मौजुद रहेञ प्रधानाचार्य गोपाल मीणा ने बताया कि समारोह में विद्यालय की 47 छात्राओं को साइकिले वितरित की गई।



## सफलता की कहानी

# रामकिशन साहू के वरदान बना सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवों की ओर शिविर, विकलांग पत्नी की पेंशन समस्या का मौके पर ही समाधान हुआ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवों की ओर के तहत शुक्रवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पंचायत समिति टोंक में सुशासन शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम ने शिविर में आए परिवादियों की परिवेदनाओं को सुनकर उनका निस्तारण किया। शिविर में जिला प्रमुख सरोज बंसल, शिविर प्रभारी एवं उपखंड अधिकारी हुक्मीचंद रोहलानिया, आरएएस काजल मीणा, तहसीलदार मानवेंद्र जयसवाल, विकास अधिकारी सविता राठौड़, उपखंड अधिकारी के निजी सहायक मंजीत वर्मा समेत अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। शिविर के दौरान परिवादी टोंक शहर के वार्ड नंबर 3 के निवासी रामकिशन साहू ने अपनी विकलांग पत्नी संतोष की पेंशन विकलांग कैटेगरी में होने के कारण सत्यापन नहीं होने की समस्या के बारे में बताते हुए कहा कि मेरी पत्नी का विकलांग प्रमाण पत्र पुराना बना हुआ है तथा नया प्रमाण पत्र अभी नहीं बना है। जिसके कारण पेंशन सत्यापन में समस्या आ रही है। शिविर प्रभारी एसडीएम ने रामकिशन साहू की समस्या को समझते हुए उनकी पत्नी की आयु के बारे में जानकारी ली।

साथ ही, तत्काल कार्यवाही करते हुए परिवादी प्रार्थी रामकिशन साहू की पत्नी की पेंशन स्कीम विकलांग से




वृद्धावस्था में करने के निर्देश दिए। शिविर में मौके पर ही प्रार्थी की विकलांग पत्नी की पेंशन स्कीम परिवर्तित की गई।

### परिवादी ने जिला कलेक्टर एवं शिविर प्रभारी का किया आभार प्रकट

अपनी समस्या का तत्काल समाधान होने पर प्रार्थी रामकिशन साहू का चेहरा खुशी से खिल उठा। परिवादी ने सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांवों की ओर शिविर को वरदान बताते हुए जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया का आभार प्रकट किया।

# सुशासन सप्ताह : रोडवेज बस स्टैंड के लिए भूमि आवंटित, अब तक चल रहा किराए की भूमि पर



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी ( अब्दुल माहिर )।** सुशासन सप्ताह के तहत जनसमस्याओं को लेकर कलक्टर डॉ. गौरव सैनी गंभीर है। डॉ. सैनी जिले के उत्थान के लिए लगातार विभागवार विकास कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। जिले के उत्थान की कड़ी में अब नए आयाम स्थापित होंगे। कलक्टर के निर्देश पर रोडवेज बस स्टैंड के लिए भूमि आवंटन की गई है। राजस्व अनुभाग के प्रभारी पवन जिन्दल ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड के लिए दौलतपुरा रोड पर 8 बीघा भूमि आवंटन की गई है। जिले के विकास के क्रम में यह एक अभूतपूर्व कदम माना जा रहा है।

# भगवान को पाने के लिए आत्मा का शुद्ध होना आवश्यक:आचार्य सुन्दरसागर जी महाराज



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** जैनाचार्य सुन्दर सागर जी महाराज ने कहा है कि इंसान को यदि भगवान को पाना है और मोक्ष प्राप्त करनी है तो सबसे पहले अपनी आत्मा को शुद्ध करके आत्मा में झांकना होगा। जैनाचार्य सुन्दर सागर जी महाराज शुक्रवार को गांधी पार्कके नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में जैनाचार्य के शीतालीन प्रवास के दौरान आयोजित धर्मसभा में प्रवचन कर रहे थे। इस मौके पर जैनाचार्य ने कहा कि भगवान बाहरी वस्तु नहीं है। बल्कि भगवान हर इंसान में बसते हैं। आत्मा में मौजुद भगवान को पहचानने के लिए इंसान को सबसे पहले अपनी आत्मा में झांकना चाहिए। इंसान को संसार की भौतिक वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय यदि भीतर झांक कर उसे संसार का सच्चा आनन्द प्राप्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि आत्मा की शांति ही सच्चा सुख है। युवाओं को सीख देते हुए जैनाचार्य ने कहा कि जीवन को आगे बढ़ाने के लिए संयम व संतुलन आवश्यक है। जैनाचार्य के प्रर्वचनो में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। प्रवक्ता विल कठमाना ने बताया कि आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज के शीतकालीन प्रवास के लिए समाज के लोगो ने नारियल अर्पित कर विनय अनुनय किया। जिसे आचार्य श्री की ओर से स्वीकार होते ही मौजुद श्रद्धालुओं ने आचार्य सुन्दर सागर जी महाराज के जयकारो से गूंजायमान किया।

कठमाणा ने बताया कि आचार्य श्री का प्रतिदिन सायंकाल समय मन्दिर प्रागंण में शंका समाधान का कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित होता है।

# भव्य कीर्तन को लेकर गुरूद्वारा कमेटी की मिटिंग रविवार को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** स्कीम नंबर दो गुरुद्वारा समस्त प्रबंधन कमेटी द्वारा रविवार को मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है जिसका समय सुबह 9 बजे स्कीम नंबर दो गुरुद्वारे में रहेगा इस मीटिंग का उद्देश्य आने वाली गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती जो 6 जनवरी 2025 को है उससे पहले भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा तथा संध्या फेरी और प्रभात फेरी का आयोजन करने पर विचार किया जायेगाए इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन पूरी भव्यता से होए इस बाबत यह मीटिंग बुलाई जा रही है कृपया आप सभी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी का सभी संगत से अनुरोध है कि समय पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करावे तथा अपने अपने महत्व पूर्ण विचार भी साझा करें।

# सहकार भारती जिला अलवर समिति की बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला महामंत्री हेमंत कुमार सेन ने बताया कि सहकार भारती के गतिविधि व कार्यों के बारे में चर्चा की गई एवं आगामी 19 जनवरी 2025 को मनाए जाने वाले सहकार भारती के स्थापना दिवस के बारे में समिति के पदाधिकारी ने विस्तृत चर्चा की एवं कार्यक्रम के संयोजक जगदीश मीणा व सहसंयोजक प्रेम नारायण शर्मा को बनाया गया। बैठक में वीडियो कॉलिंग के द्वारा सरकार भारती के प्रदेश महामंत्री सुनील सोमानी भी सम्मिलित हुए उन्होंने सहकार भारती के स्थापना दिवस के कार्यक्रम के उपलक्ष में मार्गदर्शन दिया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष जितेंद्र सिंघल ने की। बैठक में विनोद शर्मा,हरिमोहन गुप्ता, शिवकुमार, मीना कुमारी उपस्थित रहे।

# चिल्ला 40 दिन के, सर्दी में फसल को बचाये



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** उत्तरी भारत सहित राजस्थान में 25 दिसंबर से 5 फरवरी तक 40 दिन के चिल्ला जाडे होते हैं इस दौरान फसलों में पाले से नुकसान की संभावना रहती है पाले की संभावना होने पर किसान 0.1% व्यापारिक सल्फ्यूरिक अम्ल अथवा यूरिया का छिड़काव करें तथा फसल में हल्की सिंचाई कर खेत में नमी बनाए रखें। गेहूं में कल्ले फूटते समय नाइट्रोजन उर्वरक देवें, आलू में ब्लू रोग आने पर 0.2 प्रतिशत मेंकोजेब का छिड़काव करें ,चना व मसूर में नैनोडीएपी 4 मिली प्रति लीटर पानी के घोल में छिड़काव करें ,सभी फसलों में नराई गुड़ाई कर खरपतवारों का नियंत्रण करें यह कहना है कृषि महाविद्यालय के दिन डॉक्टर उदयभान सिंह का डॉक्टर उदयभान सिंह ग्रामीण उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को सम्यक कृषि कार्यक्रम की जानकारी दे रहे थे।

# मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मारपीट के मामलों में दो जनों को गिरफ्तार किया है भुसावर थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बतलाया कि भुसावर थाने में दर्ज प्रकरण संख्या 605/ 2024 एवं 482 /2024 में एक-एक आरोपी को गिरफ्तार किया है , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर जयनारायण मीणा एवं भुसावर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी गुप्ता द्वारा टीम गठित कर सहायक उप निरीक्षक श्यामवीर सिंह वह हेड कांस्टेबल बद्री प्रसाद द्वारा द्वारा मुकदमा नंबर 605 /2024 में अमित पुत्र शेर सिंह जाति मीणा निवासी अतिरामपुरा थाना भुसावर एवं मुकदमा नंबर 482/ 2024 में थाना क्षेत्र के बारौली निवासी महेश चंद्र पुत्र टोडरमल जाति जाटव को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें एमजेएम कोर्ट भुसावर में पेश किया गया।

# गृह मंत्री अमित शाह का बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर पर अपमानजनिक टिप्पणी करने पर पुतला फूंका

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अखिल भारतीय महिला कॉंग्रेस के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला महिला कॉंग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी के नेतृत्व में मिनी सचिवालय के बाहर स्थित जिला कलेक्ट्रेट पर दोपहर 3 बजे विरोध प्रदर्शन कर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सदन में संविधान निर्माता बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर जी पर अपमानजनिक टिप्पणी करने के खिलाफ जिला स्तर पर महिला कॉंग्रेस पदाधिकारियों को साथ लेकर अमित शाह का पुतला जला कर जबरदस्त नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों ही राहुल गांधी से घबराते और डरते हैं। जिसके कारण भाजपा सांसदों द्वारा दोनों सदनों के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को सदन में जाने से रोकने का गैरकानूनी कार्य करवाया गया था जिसमें मुद्दे से हटा कर ध्यान भटकाया जा सके। और उलटा राहुल गांधी के ही खिलाफ आजीवन कारावास की सजा देने के प्रावधान के हत्या के प्रयास सहित कुल छः मामले दर्ज करवाने की गैर कानूनी तौर पर अलोकतांत्रिक कार्यवाही की गई हैं। जबकि मौके के सीसी टीवी केमरों की फुटेज अभी तक भी सार्वजनिक नहीं की गई हैं। 85 साल के बुजुर्ग दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ हुए अशोभनीय दुर्व्यवहार के मामले को आज तक भी दर्ज नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण घटना है जो संविधान का बहुत बड़ा अपमान है। हमारी मांग है कि या तो अमित शाह देश से माफी मांगें या अपने पद से इस्तीफा दें यह कहते हुए कि बाबा साहेब का अनादार करना हर भारतीयों के लिए अपमान है।

कांग्रेस और करोड़ों देशवासी बाबा साहेब का ये अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदर्शन में नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी के साथ महिला काँग्रेस प्रदेश महासचिव जीत कौर सांगवान, प्रदेश महासचिव नर्बदा लीली यादव , जिला उपाध्यक्ष रेखा चौधरी,जिला उपाध्यक्ष सुनीता राजकुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ राजकुमारी सुलानिया ,पूर्व पार्षद उर्मिला सैनी , रैणी ब्लॉक अध्यक्ष जूहूरी खान , जिला उपाध्यक्ष कमला किरण सैनी, मनीषा अंशुल सैनी, दिव्या सैनी, भौती देवी सैनी, तारा देवी शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाए मौजूद रही।

# प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.जितेन्द्र पहलाज़ानी द्वारा 47 मरीजों की निशुल्क जाँच कर परामर्श दिया गया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र पहलाज़ानी द्वारा बृहस्पतिवार प्रातरू 11 बजें से दोपहर 3 बजे तक सिन्धु भवन, आदर्श कॉलोनी, दाउदपुर अलवर में 47 मरीजों की कैंसर जाँच एवं परामर्श निःशुल्क दिया गया। शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर तथा पीएसए जाँच एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा निःशुल्क की गई। यह शिविर पूज्य सिन्धी पंचायत, अलवर एवं विश्व सिन्धी सेवा संगम के संयुक्त तत्वाधान में लगाया गया । उपरोक्त जानकारी देते हुए पंचायत अध्यक्ष गोविन्द राम मंगलानी ने बताया कि शिविर में विश्व सिन्धी सेवा संगम के अंतर्राष्ट्रीय सचिव सुरेश कुमार थदानी, पूज्य बहिराणा समिति अध्यक्ष बाबा नारीमल, भारतीय सिन्धु सभा के जिला अध्यक्ष तेजू मल रामचन्दानी जिला महामन्त्री सुभाष चंद निहालानी, अलवर रेडीमेड गारमेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा कोरजानी, संरक्षक चन्दू मल बोदवानी, मेला कमेटी अध्यक्ष भजन लाल गणेशानी, होमियोपैथिक चिकित्सक डा0 संजय चेलानी, डा0 नितिन शर्मा, बाबा दयाल दास, सुरेश चेलानी, पम्मन दास, राजू चोईथानी, नरेश लेखवानी,गोवर्धन दास, डा0 जगदीश चौधरी, कृष्ण कान्त गौड़ सहित सिन्धी समाज की विभीन्न संस्थाओं के प्रमुख सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उपभोक्ता अधिकारों के प्रति किया जागरूक विधिक शिविर में दी कानून की जानकारी

बढ़ता राजस्थान




**अलवर ( का.स. )।** तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ एडीजे जज अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गोपाल सैनी के निर्देश पर शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोविंदगढ़ में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष में उपभोक्ता अधिकार व जागरूकता पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि नालसा थीम सॉन्ग एक मुट्ठी आसमान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। नालसा ;वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएद्ध योजनाए 2016 एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस उपभोक्ता अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 24 दिसंबर को उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में तालुका विधिक सेवा समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से द्वितीय एक दिवसीय शिविर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर लेखए पोस्टर गतिविधियां में छात्रों और युवाओं के लिए निबंध लिखनेएउपभोक्ता अधिकार संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालने वाले पोस्टर बनाने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गई भागीदारी और रचनात्मकता को प्रोत्साहित कर पोस्टर प्रतियोगिता में विजेता प्रथम खुशी अग्रवाल, द्वितीय छवि पांचाल व तृतीय हिमांशी रहीं। इन को पुरस्कार शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 20 किलोमीटर पैदलचाल में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली महाविद्यालय की छात्रा कोमल जोरवाल को खेल विभाग की ओर से ट्रैक सूट से सम्मानित किया।

पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए बनाया गया एक कानून है । उपभोक्ताओं को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा दी गई है। एवं भ्रामक या झूठे विज्ञापन करने वालों को दो साल तक की जेल हो सकती हैं। इसके अलावा कानून में उपभोक्ता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये भी सुनवाई में शामिल होने की इजाजत है,जिससे पैसा और समय दोनों की बचत होगी।

इस अधिनियम के लागू होने से उपभोक्ताओं को जहाँ त्वरित न्याय मिल सकेगा। वहीं बढ़े हुए अधिकारों और न्याय क्षेत्र के साथ यह उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटान करेगा महाविद्यालय प्रभारी प्रदीप कुमार महोलिया एवं कार्मिक हिमांशु अवस्थी, सुश्री राखी जैन,अनिल कुमार शूरवीर ,देवेंद्र मीणा, अभिषेक, प्रेम आदि मौजूद रहें।

## स्टेट रिव्यू मिशन के तहत चिकित्सा संस्थानों का 16 टीमों ने किया निरीक्षण

# स्वास्थ्य मानकों के बेहतर कर आमजन का विश्वास करें अर्जित : मिशन निदेशक

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,( नि.स )।** स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, सुचारू संचालन एवं स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्टेट रिव्यू मिशन के तहत 16 टीम के 48 सदस्यों द्वारा दो दिवसीय सघन निरीक्षण के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

मिशन निदेशक ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण कर स्वास्थ्य मानकों को अधिक बेहतर करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, साफ-सफाई सहित अन्य पैरामीटर्स में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिये चिकित्सा अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचे और आमजन को जांच, उपचार आदि में किसी तरह की कठिनाई नहीं हो। डॉ. दीक्षित ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं अस्पतालों की सुविधाओं में सुधार कर आमजन का विश्वास अर्जित करें जिससे स्थानीय स्तर पर ईलाज की सुविधा मिल सके। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय से जयपुर रैफर किये जाने वाले मरीजों की संख्या में कमी लाते हुये आमजन को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि जांच मशीनों का पूरा उपयोग हो, जहां मशीन है, लेकिन संचालित करने के लिए मानव संसाधन उपलब्ध नहीं है, वहां तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने जिले में चिकित्सा विभाग में रिक्त पदों को भरने, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता कराने एवं हलैना में ट्रोमा सेंटर के लिये संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने वैर एवं भुसावर ब्लॉक को चिकित्सकीय ब्लॉक के रूप में अलग अलग करने का सुझाव भी दिया। जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल ने डीग जिले के लिये अलग से बजट आवंटन के साथ मेवात क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों एवं जिले के दूर-दराज क्षेत्रों में चिकित्सकीय सुविधा के लिये बजट बढाने का सुझाव दिया। इस अवसर पर निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत राणावत, एसपीएम डॉ. लोकेश चतुर्वेदी, मुख्यालय से निरीक्षण के लिए गए अधिकारी, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. तरूण लाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भरतपुर डॉ. गौरव कपूर, डीग डॉ. विजय सिंघल, अधीक्षक आरबीएम अस्पताल डॉ. नागेन्द्र भदोरिया सहित दोनों जिलों के चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

**मिशन निदेशक ने किया निरीक्षण :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. भारती दीक्षित ने जिले में उपजिला अस्पताल नदबई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेवर, भरतपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) तिलक नगर का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन किया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अम्बेडकर चौराहे अलवर पर पंकज साँवरिया एडवोकेट के नेतृत्व में अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री का पूतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन के दौरान अमित शाह मुर्दाबाद, अमित शाह इस्तीफा दो,डॉ अम्बेडकर अमर रहे,जय भीम, इंकलाब जिंदाबाद के गगनचुम्बी नारे लगा कर आक्रोश -प्रदर्शन किया गया । इस दौरान पंकज साँवरिया एडवोकेट ने बताया कि संसद के शीतकालीन सत्र में अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्यसभा में सदन को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ.अम्बेडकर को आज के समय में फैशन बना लिया गया है और अम्बेडकर की जगह भगवान का नाम लेते तो स्वर्ग लोक में चले जाते इस बयान की पंकज साँवरिया ने कड़े शब्दों में निंदा कर कहा अमित शाह का यह बयान देश में जातीय संकीर्णता व विभाजनकारी एजेंडे को बढ़ावा देने वाला है यह बयान डॉ.अम्बेडकर का अपमान करने वाला व देश में डॉ अम्बेडकर की विचारधारा व सैंविधानिक मूल्यों में विश्वास व आस्था रखने वाले करोड़ो नागरिकों का अपमान है अम्बेडकर ने करोड़ो शोषित . पीड़ित नागरिकों को संविधान के माध्यम से स्वर एवं स्वर्ग दोनो दिया अमित शाह को नैतिकता के आधार पर सैविधानिक पद केंद्रीय गृह मंत्री से अविलम्ब इस्तीफा दे देना चाहिए और इस घ्रणित बयान के लिए पुरे देशवासियो से क्षमा मांगनी चाहिए इस दौरान लेखराज पांचाल, नवल सिंह भीम आर्मी, शेरसिंह बौद्ध भीम सेना,रणवीर चौधरी , सुरेन्द्र बाड़ी युवा कॉंग्रेस, शब्बीर खान एडवोकेट, बनवारी मिमरोठ एडवोकेट, श्याम सुंदर एडवोकेट, जनित एडवोकेट, अशोक कुमार एडवोकेट, भरत सिंह एडवोकेट, तरुण वर्मा,रिंकू वर्मा पार्षद, किशनलाल, अनूप दायमा, तेजपाल सैनी, विशाल बौद्ध, मनोज आर्य, कंचा वाल्मीकि, सुधांशु, इरफान खान, अजय कुमार, विजय, विश्राम जाटव,हरिसिंह जाटव, महेश मौर्य, राकेश कल्याण, रतन जाटव, समेत बड़ी संख्या सामाजिक कार्यकर्ता एवं जागरूक नागरिक उपस्थित रहे।

# आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें जिससे बीमारियों पर अंकुश लगता है : मीना



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** हमें अपने आसपास के वातावरण को हमेशा साफ-सफाई कर स्वच्छ रखना चाहिए कूड़े को कूड़ेदान में ही फेंकना चाहिए इससे बीमारियों पर अंकुश लगता है यह कहना है भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा का। मीना उपखंड मुख्यालय के जीबी कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष समिति की संग्राम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उपखंड कार्यालय सहित उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यालय में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश देते समय स्वयं सेवकों को संबोधित कर रहे थे। इस सप्ताह पर जीबी कॉलेज के नस स्वयंसेवकों के प्रथम द्वितीय इकाई द्वारा किए ज जा रहे कार्यों के बारे में इकाई प्रभारी डॉक्टर उर्वशी पाराशर एवं विनोद कुमार द्वारा स्वयंसेवकों को अपने निवास स्थान अन्य कार्यक्रम स्थलों पर जाकर लोगों को जागरूक करने की बात कही। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर दिनेश कुमार अवस्थी,,विष्णु कुमार मीणा चंद्र मोहन मीणा, सीमा शर्मा ,मोहनलाल सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर द्वारा 202 स्काउट छात्राओं को सीपीआर बेसिक लाइफसपोर्ट की ट्रेनिंग दी

# आने वाले कल का उज्जवल भविष्य स्काउट एण्ड गाइड के हाथो में : डॉ. एससी मित्तल

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** शुक्रवार को प्रातः 10 बजे नगर बगीची में चल रहे गाइड ग्रुप शिविर 16 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक के पाँचवे दिन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर द्वारा 202 स्काउट छात्राओं को सीपीआर, बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी गयी। यह शिविर संचालिका जिला सचिव एवं गाइड सीओ कल्पना शर्मा के नेतृत्व में चल रहा है।

सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन एवं स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप के जिला अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने बताया कि नगर बगीची में चल रहे गाइड ग्रुप शिविर में पूर्व सीओ प्रमोद शर्मा द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी को आमंत्रित करके 202 स्काउट छात्राओं एसटीसी छात्राओं को सीपीआरएबेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दिलवाई गयी इस गाइड ग्रुप शिविर में दीप इंटरनेशनल कॉलेज हरसौली, भारतीय टीटी कॉलेज किशनगढ़बास, शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान थानागाजी, मत्स्य टीटी कॉलेज खेरली, शर्मा मोर्डन टीटी कॉलेज पाटन अहीर ,श्री भवानी शंकर टीटी कॉलेज नारायणपुर, श्री कृष्ण टीटी कॉलेज हरसौली की तकरीबन 202 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्काउट एण्ड गाइड द्वारा सभी इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर से पधारे अतिथियों चेयरमैन डॉ.एससी मित्तल, संरक्षक हरीश कालरा, सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता, मुख्य ट्रेनर डॉ. कुमुद गुप्ता का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया तद्पश्चात समाजसेवी एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन डॉ. एससी.मित्तल ने अपने उद्बोधन में शिक्षक एवं डॉक्टर्स की समाज में अहम् भूमिका बताते हुए कहा कि यदि सभी शिक्षको को स्काउट एण्ड गाइड की ट्रेनिंग अनिवार्य कर दी जाए तो आने वाले कल का उज्जवल भविष्य स्काउट एण्ड गाइड के हाथो में होगा। सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा की मुख्य प्रशिक्षक एवं मित्तल हॉस्पिटल में कार्यरत डॉ. कुमुद गुप्ता द्वारा सीपीआर एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग डम्मी द्वारा दी गयी जिसको सभी छात्राओं ने खूब सराहा तथा डॉ. कुमुद गुप्ता ने छात्राओं द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का जवाब भी हाथो हाथ दिया। डॉ. कुमुद गुप्ता अब तक तकरीबन 5000 से ज्यादा छात्र-छात्राओ को सीपीआर एवं बेसिक लाइफसपोर्ट की ट्रेनिंग दे चुकी है।

स्काउट एण्ड गाइड फेलोशिप के जिला अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने सभी 202 स्काउट छात्राओं एसटीसी छात्राओं को सीपीआर,बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग के अलावा भी जीवन में होने वाली कई बीमारियों की जानकारी प्रदान करते हुए प्रश्नोतरी कार्यक्रम भी रखा जिसका सभी ने सही जवाब दिया इस मौके पर सभी स्काउट छात्राओं को ट्रेनिंग की एवं आने वाले भविष्य की मंगल कामनाये प्रेषित भी की। स्काउट एण्ड गाइड से जिला सचिव एवं गाइड सीओ कल्पना शर्मा, पूर्व सीओ प्रमोद शर्मा, सीओ राजेन्द्र मीणा, संगीता, सपना, यशोदा, चन्द्रभान कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मातृभाषा हिंदी गौरव सप्ताह और स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** दिनांक 20/12/2024, शुक्रवार - स्थानीय विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर में मातृभाषा हिंदी गौरव सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन भी किया गया। स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन एलियन करियर इंस्टीट्यूट के श्री ललित जी माहेश्वरी, श्री ईश्वर लाल जी माहेश्वरी, विद्या भारती कोटा जिला सचिव श्री सतीश जी गौतम, चारभुजा प्रबंध समिति के सहसचिव श्री ओम प्रकाश जी भांबी और मुख्य अतिथि श्रीमती उपमा जी त्यागी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्रीमती प्रमिला जी पुरोहित द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का परिचय और स्वागत स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुशीला जी मोहनपुरिया ने किया। मुख्य अतिथि श्रीमती उपमा जी त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि अपने मन के भावों को केवल अपनी मातृभाषा में ही व्यक्त किया जा सकता है। उन्होंने सरकार द्वारा मातृभाषा के प्रति उठाए गए कदमों की सराहना की। कार्यक्रम में अभिभावक, आचार्य और प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। कुल मिलाकर 125 अभिभावक गण कार्यक्रम में शामिल हुए, जिनमें 25 पुरुष और 100 महिलाएं शामिल थीं। इस दौरान विद्यालय की आचार्या श्रीमती कल्याणी की पंचभाई का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंध समिति की सदस्य श्रीमती आशा जी व्यास ने कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथि गण, आचार्यगण और प्रबंधन समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूनम जी चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को अल्पाहार वितरित किया गया।

# शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की अपील पर 2775 सेट बर्तन उपलब्ध कराने की घोषणा, बनेगा बर्तन बैंक

## स्वच्छ गांव बनाने के लिए पंचायती राज मंत्री का नवाचार



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर लगातार प्रयासरत है। और ग्रामीणों को सामाजिक आयोजनों में डिस्पोजल पत्तल और दोनों का उपयोग बंद करने की अपील करते हुए प्रत्येक गांव में बर्तन बैंक बनाने की अपील कर रहे है। इसी क्रम में आज रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के बोराबास ग्राम पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार जनसमस्या समाधान शिविर मे मंत्री श्री दिलावर ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता की अपील करते हुए बर्तन बैंक बनाने के लिए प्रेरित किया। मंत्री की अपील पर उपस्थित उपखंड अधिकार लाडपुरा श्री गजेंद्र सिंह ने इस सामाजिक पहल के लिए पंचायत समिति और तहसील की तरफ से बोराबास गांवों की आबादी के बराबर बर्तनों का सेट बर्तन बैंक बनाने हेतु देने की घोषणा की। उपखंड अधिकारी की इस सराहनीय पहल से प्रेरित होकर बर्तन देने वालो का तांता लग गया। देखते ही देखते 2775 बर्तन सेट उपलब्ध कराने की घोषणा शिविर में मौजूद दानदाताओं और जनप्रतिनिधियों ने की। बर्तन सेट में एक थाली,एक गिलास,एक चम्मच और तीन कटोरी का सेट शामिल है। मंत्री दिलावर ने शिविर में बताया कि रामगंजमंडी के गांव गांव में बर्तन बैंक बनाए जाएंगे। जिससे कि डिपोजल आइटम के उपयोग को पूरी तरह बंद किया जा सके। इसके साथ ही गांव गांव में समिति बनाई जाएगी जो बर्तन बैंक का संचालन करेंगी। और जो भी व्यक्ति डिस्पोजल का उपयोग करेगा उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माना राशि से और बर्तन खरीदे जाएंगे। इस प्रकार इस सामाजिक और स्वच्छता की मुहिम को पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा।

# भागवत कथा की महाप्रसादी के साथ हुई पूर्णाहुति, छप्पनभोग भी चढ़ाया

बढ़ता राजस्थान



**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** देईखेड़ा क्षेत्र के ग्राम झपायता गांव में सात दिवसीय भागवत कथा की महाप्रसादी वितरण के साथ पूर्णाहुति हुई। इस दौरान ग्राम आचार्य रमेश गोतम ने यजमानों से विधिवत् रूप से पुजा अर्चना करवाकर हवन में देव आहुतियां दी भागवत पुराण का पूजन किया । कथा वाचक पं.शिवप्रसाद गौतम ने कथा के माध्यम से मनुष्य को जीवन जीने का सार बताते हुए प्रभु से लगन लगाने का मार्ग बताया । ओर इस प्रकार के आयोजन से मनुष्य को जीवन मे तनाव झेलने के लिये ईश्वर का सहारा बताया उन्होंने सनातन संस्कृति में भागवत कथा का महत्व बताया इसके बाद छप्पनभोग चढ़ाया दौरान मधुर भजनों की स्वर लहरियों पर श्रदालू झूमते नजर आए बाद में महाप्रसादी का वितरण किया गया।

# महिलाओ को जनसुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** बड़ीसादड़ी उपखण्ड क्षेत्र मे नाबार्ड, भारतीय रिजर्व बैंक, अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक व क्रिसील फाउंडेशन के सहयोग से संचालित मनीवाइज परियोजना के तहत विनायका ग्राम पंचायत के देवदा गाँव मे जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे वित्तीय साक्षरता केंद्र बड़ीसादड़ी के सेंटर मैनेजर सोहन लाल मीणा ने महिलाओ को केंद्र सरकार राज्य सरकार द्वारा संचालित जनसुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गयी जनसुरक्षा योजनाओं मे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना,बचत,साइबर फ्रॉड,डिजिटल लेनदेन, कटे फटे नोट बदलना व ग्राहक के अधिकार संबधित जानकारी दी गयी शिविर मे उदय सिंह पायल सेन गीता बाई पिंकि कमला बाई व अन्य महिलाओ ने भाग लिया।

# कस्बे में बिना रोक-टोक बिक रहे एसिड : नियमों के उल्लंघन की हो रही है घोर अनदेखी

## स्वास्थ्य विभाग से लेकर उपखंड अधिकारी तक को नहीं है एसिड के नियमों की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** कस्बे में बैट्री की दुकानों से लेकर किरानो की दुकानों के काउंटर व दुकानों के अंदर डिस्टिल वाटर एवं एसिड की बोतलें सजा कर रखी थी। ग्राहक बनकर गए संवाददाता ने कस्बे में बैटरी की दुकानों पर व किराने की दुकानों पर बैट्री में डालने के बहाने एसिड के बारे में जानकारी ली। दुकानदार कहां मिल जाएगी। एक लीटर की बोतल है, तीस रुपये लगेगा। संवाददता द्वारा पूछे जाने पर दुकानदार ने दो बोतलें दिखाई और दोनों का रेट बताया। दुकानदार के अनुसार डिस्टिल वाटर एक लीटर की बोतल का दाम केवल 15 रुपये है। जबकि, एसिड का दाम इससे दुगना है।दो तीन दुकानों पर जाने पर भी दुकानदारों किसी तरह के पहचान पत्र की मांग नहीं की। यानि केवल पैसा दीजिए और आसानी से एसिड खरीदकर ले जाइए। बैट्री दुकानों पर रखे तेजाब की बोतलों पर बैट्री एसिड लिखा हुआ था यह जानकारी नाम नहीं छापने पर एक दुकानदार से ली गई। कस्बे में किराना व सेनेटरी दुकानों पर भी तेजाब टॉयलेट क्लीनर आदि के नाम पर बिक रहा है।

किराना दुकानों में टॉयलेट क्लीनर के नाम पर महज 20 से 35 रुपये में एसिड की बोतल उपलब्ध है। इसकी बिक्री रोकना तो दूर, प्रशासन के पास यह जानकारी तक नहीं है कि आखिर कस्बे में कहां-कहां तेजाब की बिक्री हो रही है। गली मोहल्ले में आसानी से तेजाब मिल रहा है। पहचान पत्र लेना तो दूर, दुकानदार एसिड लेने वाले का नाम तक नहीं पूछते हैं।

### नियमों की अनदेखी

उच्चतम न्यायालय के निर्देश जारी होने के बाद यह नियम है कि तेजाब जैसे पदार्थ की खरीद-बिक्री के लिए प्रशासन फोटो पहचान पत्र जारी करेगा। इस पदार्थ की बिक्री 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति को नहीं की जाएगी। खरीदने का उद्देश्य पूछना होगा। प्रशासन खरीद-बिक्री का रिकॉर्ड रखेगा। बिना पहचान जाने हो रही बिक्री -सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत बिना पहचान पत्र देखे खरीदने वाले को किसी प्रकार का तेजाब नहीं बेचा जा सकता। कोर्ट के अनुसार तेजाब बेचने पर पाइजन एक्ट-1919 के तहत केस होने और सजा होने का प्रावधान है। खुले बाजार में वहीं तेजाब बेचा जा सकता है, जो त्वचा पर कोई असर न हो। बावजूद जिले की दुकानों पर बेरोकटोक खुलेआम तेजाब बेचा जा रहा है। किसी भी उम्र के व्यक्ति को आसानी से तेजाब की बोतल थमाई जा रही है। खरीदार से न तो फोटो पहचान पत्र और मूल निवास प्रमाण पत्र लिया जा रहा है और न ही उसका मोबाइल नंबर। हालात यह है कि दुकानदारों के पास तेजाब स्टॉक रजिस्टर ही नहीं है।

### इस तरह बेचते है एसिड की बोतले

- संवाददाता : एसिड की बोतल चाहिए।
- दुकानदार : मिल जाएगी।
- संवाददाता : एक बोतल कितने की है?
- दुकानदार : 20 की यह तेज वाली 35 रुपए में मिलेगी।
- संवाददाता : मुझे ज्यादा बोतलें चाहिए।
- दुकानदार : कितनी बोतल चाहिए।
- संवाददाता : 12 बोतल मिल जाएगी
- दुकानदार : एक पैकेट 12 निकलती हैं लगा लेंगे सही रेट ।
- संवाददाता : बिना पानी के इस्तेमाल कर सकते हैं ना?



- दुकानदार : बहुत तेज है पानी मिला लेना।
- संवाददाता : अच्छा वाला ही दीजिए।
- दुकानदार : चिंता मत करो।

# पार्षद रमेश हाडा की अगुवाई में क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

## अग्रवाल राईस मिल्स से होने वाले प्रदूषण से राहत की मांग

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** छत्रपुरा क्षेत्र के वार्ड 24 के निवासी, पार्षद रमेश हाडा की अगुवाई में, अग्रवाल राईस मिल्स से निकलने वाले दूषित पानी, धुएं, राख और भूसी के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं से राहत दिलाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया गया कि छत्रपुरा, जो एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, वहां सरकारी विद्यालय और प्रमुख कॉलोनियां जैसे कुम्भा नगर, त्रिमूर्ति कॉलोनी, श्रीनाथपुरम, शिक्षक कॉलोनी स्थित हैं। क्षेत्र में रहने वाले लोगों को राईस मिल्स से निकलने वाले काले धुएं और राख के कारण सांस की बीमारियां हो रही हैं। वहीं, गंदे पानी की निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने से नालियों में गंदा पानी जमा हो जाता है, जिससे बदबू फैलती है और वहां के वाशिन्दों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अग्रवाल राईस मिल्स से निकलने वाले धुएं के कारण बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों को श्वास संबंधी समस्याएं हो रही हैं, और यह काले धुएं के रूप में छतों पर राख जमा कर रहा है। इसके साथ ही, मिल्स से निकलने वाला गंदा पानी क्षेत्र के नालों में बहता है, जिससे वहां के निवासियों को अत्यधिक परेशानी हो रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि मिल्स का रास्ता आवासीय कॉलोनी से होकर गुजरता है, और यहां से बड़े-बड़े ट्रक गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। खासकर कॉलोनी के चिकित्सालय और विद्यालय जाने वाले लोगों के लिए यह एक गंभीर जोखिम है। इस ज्ञापन के माध्यम से निवासियों ने जिला कलेक्टर से मिल्स द्वारा क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानियों से निजात दिलाने की अपील की, ताकि वे स्वस्थ जीवन जी सकें और स्वच्छ हवा में सांस ले सकें। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र कुमार तगाया, कन्हैया लाल सैनी, बाबूलाल सैनी, मोनू राठौर, जगदीश बिलोची, मुकेश गौतम, हनुमान सुमन, जयप्रकाश सैनी, भंवरलाल सहित क्षेत्र की महिलाएं और पुरुष भी शामिल थे।

# साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन गेमिंग और मार्केटिंग कंपनी से 2.54 करोड़ रुपये उचक्के, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई से बचाई 45 लाख रुपये की राशि



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिले के साईबर हॉट स्पॉट क्षेत्र नैनवां में एक ऑनलाइन गेमिंग और मार्केटिंग कंपनी के सॉफ्टवेयर सिस्टम में हानिकारक वायरस डालकर साइबर अपराधियों ने कंपनी के खाते से 2.54 करोड़ रुपये ऑनलाइन निकाल लिए। यह घटना पिछले 5 महीनों में अगस्त 2024 से लेकर 17 दिसम्बर 2024 के बीच हुई। आरोपियों ने कंपनी की वेबसाइट में वायरस डालकर अपनी और अपने दोस्तों की कई आईडी बनाई और बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर किए। इस घटना को जिले का सबसे बड़ा साईबर फ्रॉड माना जा रहा है। साईबर क्राइम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के बैंक खातों को ट्रैक किया और संबंधित बैंकों को नोटिस जारी कर लगभग 45 लाख रुपये की राशि को फ्रीज करा लिया, जिससे पूरी राशि को बाहर निकालने से बचाया जा सका। साथ ही, पुलिस ने आरोपियों की तकनीक के आधार पर उनकी तलाश जारी रखी है। पुलिस ने ऑपरेशन 'एंटीवायरस' के तहत साईबर अपराधियों के खिलाफ अब तक तीन मामले दर्ज किए हैं और 20 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीमें अलर्ट पर हैं।

# देईखेडा में रक्तदान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**नोताडा (नि.स.)।** ग्रामीण क्षैत्र में पहली बार आयोजित होने जा रहे विशाल रक्तदान शिविर की तैयारियां को लेकर शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया । देईखेडा सरपंच राजकुमार मीना ने बताया कि पहली बार ग्रामीण क्षैत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। और रक्तदान शिविर में एमबीबीएस व मेडिकल कॉलेज अस्पताल की टीम को शामिल किया जा रहा है । रक्तदान शिविर को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में काफी उत्साह है रक्तदान शिविर तेजाजी मेला रंगमंच ग्राउंड देईखेडा पर सुबह 10 बजे से शाम 5तक आयोजित होगा।

# बिनोता स्कूल में विक्रम सिंह डुलावत ने अपने पिताजी की पुण्य स्मृति में आरओ फिल्टर भेंट किया

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा उपखंड के बिनोता कस्बे के -राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिनोता में स्थानीय ग्राम के भामाशाह विक्रम सिंह डुलावत ने अपने पिता स्वर्गीय भैरुसिंह डुलावत की पुण्य स्मृति में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिनोता में प्रधानाचार्य अशोक कुमार छाजेड़,उप प्रधानाचार्य डॉक्टर हीरालाल लुहार, व्याख्याता देवेंद्र सिंह शक्तावत, राधेश्याम शर्मा की उपस्थिति में विद्यालय में विद्यार्थियों एवं स्टॉफ के लिएं स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल हेतु आरओ फिल्टर वाटर भेंट किया गया।विद्यालय परिवार द्वारा भामाशाह विक्रम सिंह डुलावत को भारतीय परम्परा अनुसार सेवा कार्य पर उपरणा पहनाकर सम्मानित किया।साथ ही आपरेटर मनीष कुमार नागौरी बड़ीसादडी का भी सम्मान किया।भामाशाह बुलावत ने उप प्रधानाचार्य डॉक्टर हीरालाल लुहार की प्रेरणा से विद्यालय में आरओ फील्टर भेंट किया। अध्यापक भंवरलाल मेघवाल ने बताया कि आरओ फिल्टर की लागत 21000 रु है। उक्त अवसर पर व्याख्याता कन्हैया लाल मीणा वरिष्ठ अध्यापक रोबिन कुमार,कनिष्ठ लिपिक विक्रम गुर्जर भंवरलाल लविशा गर्ग मधुबाला मुंदड़ा अंजलि महावर सुरेश चंद्र वैष्णव राजेंद्र कुमार वैष्णव जसवंत कुमार वैष्णव राण सिंह मीणा सहित कार्मिक,विद्यार्थी गण मौजूद रहे।



## कोटा महोत्सव

# जिला कलक्टर ने ली 200 से अधिक व्यापारिक ,औद्योगिक, समाज, सामाजिक, क्लबो स्कूल कोचिंग सहित कई संगठनों की बैठक

## कोटा महोत्सव को ऐतिहासिक सफलता प्रदान करने का संकल्प, कोटा की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा महोत्सव : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा महोत्सव में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने शुक्रवार को कोटा के गणमान्य जनों, विभिन्न क्षेत्रों से जुडी संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आव्हान किया वे अपने-अपने स्तर पर उनसे जुडे लोगों को इस आयोजन से जोड़े और साफा धारण कर सभी कार्यक्रमों में शिरकत कर कोटा महोत्सव को एक यादगार अनुभव बनाएं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ऐसे आयोजन कोटा की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देंगे एवं रोजगार के साधन के लिए भी मील का पत्थर साबित होंगे। बैठक में 200 से अधिक व्यापारिक औद्योगिक सामाजिक, एनजीओ, स्कूल, कोचिंग, स्काउट क्लबो सहित कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । जिला कलक्टर ने कहा कि कोटा में पर्यटन मानचित्र पर छाने के लिए सबकुछ है। यहां के पर्यटन स्थलों, चम्बल रिवरफ्रंट की जानकारी देश-विदेश में फैले इसी मंशा से सबके सहयोग से कोटा महोत्सव को भव्यरूप दिए जाने के लिए पिछले 1 माह से प्रयास चल रहे हैं। इसे ऐतिहासिक एवं भव्य बनाने के लिए शहर की सभी संस्थाओं ने दिल खोलकर सहयोग दिया है जिससे पूरे शहर में उल्लास व उमंग का वातावरण बन गया है। उन्होंने कहा कि कोटा का हर नागरिक परिवार सहित रिवरफ्रंट को देखे, इसका सुन्दरता का आंनद ले, इसके लिए 23 से 29 दिसंबर तक चंबल रिवर फ्रंट के वेस्ट साइड मे प्रवेश पूर्णतया निशुल्क रखा गया है। सभी नागरिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता के क्षणों को सोशल मीडिया के जरिये प्रसारित करें, ताकि कोटा महोत्सव राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छा जाएं। बैठक में कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव एवं होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा एवं जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी के मार्गदर्शन से कोटा महोत्सव के तीन दिवसीय समारोह मे बेहतरीन कार्यक्रमों का समावेश किया जा रहा है। माहेश्वरी ने कहा कि पिछले दिनों कोटा की अर्थव्यवस्था को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और यहां का रोजगार भी प्रभावित हुआ है। हम कोटा की अर्थव्यवस्था को किसी भी हालात में प्रभावित नहीं होने देंगे। इसके लिए पूरा शहर एक साथ खड़ा हो चुका है और जिस तरह से कोटा का जन-जन कोटा महोत्सव से जुड़ता जा रहा है निश्चित ही यह महोत्सव ऐतिहासिक और भव्य होगा जिसकी गूंज पूरे राज्य, देश और विश्व में होगी। बैठक को कोटा व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा सचिव यश मालवीय होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के महासचिव संदीप पाडिया पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तरुमित सिंह बेदी हार्ट वाइज ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. साकेत गोयल ने भी अपने विचार रखें। बैठक में एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नयन गौतम (आईएएस), पर्यटन विभाग के उप निदेशक विकास पांड्या, संदीप श्रीवास्तव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**तीन दिन तक होगी बहुरंगीय गतिविधियां :** इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला ने कोटा महोत्सव में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इसमें कई राष्ट्रीय स्तर के कलाकार बुलाये जा रहे हैं।

हेरिटेज वॉक, महाआरती, मैथिली ठाकुर की भजन संध्या के अलावा बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम फैशन शो, काइट शो, बैण्ड शो, लाफ्टर शो के साथ कई तरह की प्रतियोगिताएं, आतिशबाजी, आदि कार्यक्रम होंगे। ये कार्यक्रम चंबल रिवर फ्रंट, विजय श्री रंग मंच व किशोर सागर तालाब पर आयोजित होंगे। और यहां पर बेहतरीन स्टॉल्स फूड कोर्ट अमृता हाट, औद्योगिक प्रदर्शनिया संचालित रहेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्थानीय एवं लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों का आयोजन होगा ।



# प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत पंचायत समिति परिसर में लगा कैम्प

## जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान की जनसुनवाई, आठ परिवाद आये सामने

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति परिसर में शुक्रवार को प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत कैंप का आयोजन किया गया। पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कैंप के दौरान पर जब धौलपुर जिला कलेक्टर धौलपुर श्रीनिधि बीटी मॉनिटरिंग करने पहुंचे तो शहर के लोग भी अपनी सुनवाई के लिए पहुंच गए। इस दौरान कलेक्टर ने सभी लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान एक बुजुर्ग पेंशन जो पिछले 15 महीने से पेंशन सत्यापन को लेकर परेशान था। उसकी समस्या का निस्तारण हाथों-हाथ कलेक्टर द्वारा कराया गया। कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया की 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस है। इस जन्म दिवस को गुड गवर्नेंस के रूप में मनाया जाता है। इस बार केंद्र सरकार ने 19 से 25 दिसंबर तक गुड गवर्नेंस वीक मनाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए जहां ब्लॉक स्तरीय कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं गुड गवर्नेंस का फील कराने को लेकर प्रशासन आमजन की समस्याओं को सुलझाने और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रशासन का अभियान चल रहा है जिसके तहत शुक्रवार को पंचायत समिति परिसर में कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत की प्रतिनिधि मौजूद रहे उक्त कैंप में विभिन्न विवाहों के अधिकारी भी शामिल हुए कलेक्टर ने सभी लोगों को अवगत कराया कि वे अपनी समस्या ऐसे कैंपों में पहुंचाएं जिससे उनका समाधान किया जा सके। कलेक्टर की जनसुनवाई के दौरान गांव सोहा से आए ग्रामीणों ने मुख्य रास्ते में जल भराव की समस्या और नाला निर्माण नहीं होने की बात कही। इस पर कलेक्टर ने हाथों-हाथ उसके निर्देश ग्राम पंचायत प्रशासन को दिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्र कंचनपुर से आए एक बुजुर्ग जिसकी 15 महीने से पेंशन बंद थी। सत्यापन नहीं होने के चलते वह दर-दर की ठोकर खा रहा था। उसकी सुनवाई करते हुए कलेक्टर ने मौके पर ही समस्या का निस्तारण कराया। इस दौरान जनसुनवाई में 8 परिवाद सामने आए जो नाली निर्माण,जलभराव,खरंजा निर्माण, अतिक्रमण सहित विभिन्न मामलों के है। पंचायत समिति परिसर में आयोजित हुए से कैंप में एसडीएम हेमंत कुमार, तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल,पंचायत समिति के विकास अधिकारी रामबोल सिंह,सीडीपीओ अर्पित श्रीवास्तव, अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिकिशन मंगल के साथ सभी ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में रसद विभाग की टीम की कार्यवाही

## कायस्थ पाड़ा मोहल्ले में एक घर से बरामद किये 77 घरेलू गैस सिलेंडर



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कायस्थ पाड़ा मोहल्ले में एक घर से रसद विभाग की टीम ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 77 घरेलू गैस सिलेंडरों को जप्त किया है। टीम द्वारा उक्त सिलेंडरों को अवैध रूप से भंडारण करने के आरोप में जप्त किया गया है। रसद विभाग के जिला रसद अधिकारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई है। कार्रवाई से शहर के अन्य घरेलू गैस का भंडारण करने वाले काला बाजारियों में हड़कंप मचा हुआ है। धौलपुर जिला रसद अधिकारी राहुल जादोन ने बताया कि जिला कलेक्टर और रसद विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ खाद्यमंत्री के विशेष निर्देश पर लगातार जिले में घरेलू गैस सिलेंडरो का अवैध रूप से भंडारण करने,विक्रय करने एवं अवैध रूप की गतिविधियों में लिप्त रहने के मामले में कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को बाड़ी शहर से शिकायत मिली कि कायस्थ पाड़ा मोहल्ले की घुघस कॉलोनी में बच्चन सिंह नाम से एक व्यक्ति घरेलू गैस का भंडारण करता है और वहीं से विक्रय करता है। उक्त शिकायत को पुख्ता करने के बाद पुलिस प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई की है। मौके से बचन सिंह के घर से 77 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए हैं। जिनमें 25 सिलेंडर खाली हैं। 52 सिलेंडरों में गैस भरी हुई है। उक्त बच्चन सिंह के पास यह सिलेंडर किस गैस एजेंसी से आते थे और बचन सिंह उक्त कारोबार को कब से कर रहा था। इसको लेकर मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल सभी सिलेंडरों को जप्त कर आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। टीम की कार्रवाई के दौरान परिवर्तन निरीक्षक गजेंद्र शर्मा, समीक्षा दिनकर और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# एबीवीपी कॉलेज इकाई की निक्की सिकरवार अध्यक्ष और कामिनी मंत्री




बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय की इकाई का गठन किया गया। नगर सहमंत्री दिव्यांशी शर्मा ने बताया कि निक्की सिकरवार इकाई अध्यक्ष, कनक, गुनगुन सोनी, तनु मुदगल इकाई उपाध्यक्ष, कामिनी इकाई मंत्री, गरिमा, निशु गर्ग, क्षमा इकाई सह मंत्री, प्रिया सिकरवार एसएफएस संयोजक, अर्पिता एसएफडी संयोजक, शिवानी राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, बृजेश कुमारी खेलो भारत संयोजक, राधे कुमारी एनएसएस संयोजक, तनु, रक्षा, प्रीति एनएसएस सहसंयोजक, तान्या सोनी कला संकाय प्रमुख, शिवानी ठाकुर, आरती कला संकाय सहप्रमुख, शिवानी शर्मा विज्ञान संकाय प्रमुख, उमा विज्ञान संकाय सह प्रमुख बनाया गया है। कार्यकारिणी के गठन के बाद सभी छात्राओं ने विद्यार्थी हित में काम करने का संकल्प लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करता है।

शिक्षा व राष्ट्र के विभिन्न मुद्दे पर अपनी आवाज को मुखर करते हुए राष्ट्र में एक स्वतंत्र एवं स्वायत्त छात्र संगठन की अपनी पहचान स्थापित किया। इसके साथ ही विद्यार्थी परिषद रचनात्मक और आंदोलनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र शक्ति को राष्ट्रीय विचारों से जोड़ने का कार्य करता है।

# 15 साल में भी नहीं बना नाला, सर्विस रोड पर 2 से 3 फीट गहरे गड्ढों से हादसे की आशंका

## कई जगह से चॉक हुआ नाला, सर्विस रोड पर गंदा पानी जमा होने से दुकानदार हो रहे परेशान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** सुंदर कॉलोनी में निवास करने वाले रविंद्र कुमार ने बताया की सर्विस रोड पर हमेशा नाले के गंदे पानी का जलभराव हो रहा है। बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए भी मोटरसाइकिल से जाना पड़ता है की बच्चों के कपड़े जूते गंदे न हो जाए। लंबे समय से गंदा पानी जमा रहने के कारण ऐसी सर्दी में भी मच्छर पनप रहे हैं। एनएचआई के अधिकारी के निरीक्षण करने के बाद भी कोई हल नही निकला है। बघेल कॉलोनी में निवास करने वाले नब्बू उस्मानी ने बताया की कलक्टर से एनएचएआई के परियोजना अधिकारी उमाकांत मीणा को शिकायत कर-कर के परेशान हो गए है। लेकिन इन अधिकारियों को जनता की परेशानी दिखाई नही दे रही है। दुकान स्वामी जीशान खान ने बताया की 2 वर्ष से अधिक हो गया सर्विस रोड पर नाले का गंदा पानी भरा हुआ है। दुकान के सामने पानी भरे रहने के कारण ग्राहक आने में कतराते है। सर्विस रोड के किनारे बने नाले को लेकर रुपरेखा बना ली गई है। गंदेपानी को निकालकर सड़क के गड्ढों को भरा जाएगा। जल्द इस कार्य को शुरु कर दिया जाएगा। उमाकांत मीणा, परियोजना निदेशक एनएचआई ग्वालियर भास्कर न्यूज 7 धौलपुर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की लापरवाही शहर के लोगों पर भारी पड़ रही है। एनएचएआई की ओर से सर्विस रोड के किनारे बनाए गए नालों को अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके कारण नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सर्विस रोड पर जमा हो रहा है। जिससे सड़क पर जलभराव के साथ ही गहरे गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि एनएचएआई द्वारा करीब 15 वर्ष पहले सर्विस रोड पर बारिश के पानी निकासी के लिए नाला बनाना प्रस्तावित किया गया था, लेकिन नाले को अधूरा छोड़ दिया गया था, जिसको आज तक पूरा नहीं किया गया है। अधूरा नाला चाक हो गया है। इससे पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था नहीं होने से जलभराव हो रहा है। यह स्थिति करीब दो वर्ष से है। सर्विस रोड पर नाले के गंदे पानी को



जलभराव की समस्या बनी हुई है। सर्विस रोड के दोनों तरफ 200 से अधिक दुकान और 10 से अधिक कॉलोनी में निवास करने वाले करीब 4 हजार से अधिकलोग नियमित गुजरते हैं। आगरा से धौलपुर और धौलपुर से आगरा की ओर जाने वाले सर्विस रोड के दोनों तरफ करीब एक किलोमीटर तक नाले का गंदा पानी का जलभराव हो रहा है और 2 से 3 फीट तक के जानलेवा गड्ढे हो रहे है। धौलपुर से आगरा की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर राजाखेड़ा बाईपास से हाईवे तक सर्विस रोड पर नाले का गंदे पानी का जलभराव हो रहा है। लगातार जलभराव रहने के कारण सर्विस रोड की सड़कों पर एक किलोमीटर की दूरी पर करीब 100 से अधिक छोटे बड़े गड्ढे हो रहे है। कई गड्ढे तो 2 से 3 फीट तक गहरे हो रहे हैं। नाले का गंदा पानी का जलभराव होने के कारण वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं होने से रोजाना वाहन पलट रहे रहे हैं। हालात यह हैं की चार पहिया वाहन तो छोड़ो ट्रैक्टर-ट्रॉली, बस, टरक चालकों को भी गड्ढों से बचाकर निकालना पड़ रहा है।

## अच्छी पहल... विधवा पुनर्विवाह जनचेतना के लिए चलेगा अभियान

# अखिल भारतीय गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा ने शुरू किया अभियान, सामाजिक कुप्रथाओं को समाप्त करने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** अखिल भारतीय गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा की युवा इकाई की ओर से बुधवार को विधवा पुनर्विवाह जनचेतना अभियान का शुभारंभ किया। बैठक रामचरण त्यागी की अध्यक्षता में बरा गांव में हुई। जिसमें विधवा पुनर्विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं को समाप्त करने का संकल्प लिया गया। युवा जिलाध्यक्ष भारत भूषण त्यागी ने कहा हम विधवा बहनों को उनका अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए कृत संकल्प हैं। यह अभियान केवल समाज में जागरूकता लाने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विधवा पुनर्विवाह को समाज में स्वीकृति दिलाकर ही रुकेगा। अगर हमने आज यह लड़ाई नहीं लड़ी, तो भविष्य कभी माफ़ नहीं करेगा। महामंत्री विजय त्यागी ने कहा विधवा पुनर्विवाह केवल एक सामाजिक परिवर्तन नहीं, बल्कि एक नई सोच की शुरुआत है। यह पहल उन बहनों के लिए जीवन में नई रोशनी लाएगी, जो समाज के रूढ़िवादी दृष्टिकोण की वजह से आज तक वंचित रही हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी विधवा बहन सामाजिक या मानसिक भेदभाव का सामना न करे। यह अभियान हमारे समाज के उत्थान की दिशा में सबसे बड़ा कदम साबित होगा। सरपंच देवेन्द्र त्यागी ने कहा विधवा पुनर्विवाह को समाज में पूरी तरह से स्वीकृति दिलाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह केवल महिलाओं के अधिकारों की बात नहीं है, बल्कि यह एक सशक्त समाज बनाने का संकल्प है। उन्होंने ग्राम पंचायत और ग्रामीणों की ओर से इस अभियान को हरसंभव सहयोग देने का वादा किया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे रामचरण त्यागी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में संकल्प लिया कि वे विधवा बहनों को समाज में समान अधिकार और सम्मान दिलाएंगे और उनके साथ कोई भेदभाव नहीं होने देंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद त्यागी, सुरेश चंद त्यागी, हरिओम त्यागी, प्रवीण त्यागी, नरेश त्यागी, श्रीभगवान त्यागी, भगवान सिंह त्यागी, रामनिवास त्यागी, हेमंत त्यागी, प्रदीप त्यागी, राजकुमार त्यागी, गजेंद्र त्यागी, मानवेंद्र त्यागी आदि उपस्थित रहे। विधवा पुनर्विवाह समाज को देगा नई दिशा - विजेंद्र अभियान के दौरान विजेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि विधवा पुनर्विवाह प्रथा का समाज से खत्म होना समाज को नई दिशा और उन्नति की ओर ले जाएगा। अवदेश त्यागी ने कहा कि हम इस अभियान के हर रुकावट से टकराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हरिकांत त्यागी ने बताया कि हिंदू विधवा विवाह को कानून पहले ही मान्यता दे चुका है, अब इसे सामाजिक मान्यता दिलाना हमारी प्राथमिकता है। धर्मेंद्र त्यागी ने मुहिम को एक सार्थक पहल बताया।



# शिक्षा की डगर मुश्किल : नाली नहीं होने से घरों का गंदा पानी रास्ते में, कीचड़ में होकर स्कूल जाने को मजबूर हो रहे बच्चे

## चौधरीपुरा गांव के राजकीय स्कूल के गेट से लेकर रास्ते में जलभराव, कहने के बाद भी नहीं बनी नालियां, ग्रामीणों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**धोलपुर ( नि.स. )।** चौधरीपुरा गांव में राजकीय स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की डगर काफी मुश्किल भरी बनी हुई है। स्थिति यह है कि सरकारी स्कूल के गेट से लेकर आम रास्ता में गंदा पानी एवं कीचड़ जमा होने से बच्चों एवं स्कूली स्टाफ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदारों की ओर से कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि खरंजे के दोनों तरफ नालियों की व्यवस्था नहीं होने की वजह से घरों का गंदा पानी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चौधरीपुरा के गेट पर भरा हुआ है, जिससे स्कूली बच्चे गंदे, बदबूदार पानी में फिसलकर गिरने से कपड़े गंदे हो जाते हैं गंदे पानी में गिरने से बच्चों को बीमारियां होने की आशंका बनी हुई है, बच्चों को निकलना दूभर हो रहा है। इस मामले को लेकर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए उन्होंने कई बार अधिकारियों को नाली बनाने के लिए अवगत कराया है, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। ऐसे में विद्यालय में पढ़ने जाने वाले बच्चों को इस कीचड़ भरी डगर से निकालना पड़ता है। कभी-कभी बच्चे इसमें गिर जाते हैं, जिससे उनके कपड़े खराब हो जाते हैं और



वह स्कूल नहीं जा पाते हैं। वहीं कई बार वाहन चालक व ग्रामीण इस कीचड़ में गिरकर घायल हो जाते है। ग्रामीण ने मांग कि कि यदि खरंजा के दोनों तरफ नालियों का निर्माण हो जाए तो इस समस्या से निजात मिल सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव एवं आसपास के गांवों के बच्चे स्कूल जाते हैं, तो स्कूल के गेट के बाहर ही गंदा पानी भरा हुआ है, जिसमें बच्चों का निकलना बहुत ही मुश्किल हो रहा है। इस तरफ प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है, इस और किसी ने कोई सुनवाई नहीं की है। अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम चौधरीपुरा एवं आसपास के गांवों के लोगों को साथ लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे, और भूख हड़ताल पर बैठेंगे जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# शिकार की सूचना पर वन विभाग की टीम का छापा : झोपड़ी में मिली दो टोपीदार बंदूक, जानवर का मिला कच्चा मांस

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** धौलपुर के सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र स्थित कुदिन्ना ग्राम पंचायत के मोती कोटरा वन क्षेत्र में शिकार की सूचना पर वन विभाग की टीम ने छापा मारा। कार्रवाई के दौरान एक झोपड़ी में दो टोपीदार बंदूक और जानवर का कच्चा मांस मिला। टीम के आने से पहले ही शिकारी मौके से भाग निकला। जिसको लेकर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। वन्य जीव चंबल सेवर रेंज के रेंजर ओकेश यादव ने बताया कि वन विभाग टीम को जंगल में शिकारियों द्वारा शिकार किए जाने की सूचना मिली थी। जिस सूचना पर सहायक वनपाल हरवेंद्र सिंह, वनमित्र नरेंद्र कुमार, टाइगर वॉच वालंटियर हरिमोहन और लाखन को मौके पर भेजा गया। जहां मोती कोटरा वन क्षेत्र में मौके पर भेजी गई टीम को एक झोपड़ी बनी हुई मिली। जिस झोपड़ी में शिकार के बाद जानवर का कच्चा मांस और दो टोपीदार बंदूकें, बारूद, छर्रे और चाकू मिला। टीम के आने की भनक लगते ही शिकारी मौके पर सामान छोड़कर भाग निकला। जिसकी काफी तलाश भी की गई रेंजर ने बताया कि वन क्षेत्र में शिकार की सूचना पर पहुंची टीम ने शिकारी के हथियारों के साथ कच्चा मांस बरामद किया है।

जिसको लेकर थाने पर मामला दर्ज कराया गया हैं। उन्होंने बताया कि कच्चे मांस के सैंपल को देहरादून की लैब में भिजवाया जा रहा हैं। जिसकी रिपोर्ट आने पर पता चलेगा कि मांस किस जानवर का हैं। घटना को लेकर थाने में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी हैं।



# रानपुर रोड रिंग रोड के पास खेत में फसल को पानी देने के दौरान झगड़ा, पानी विवाद में पड़ोसी किसानो ने किया दो सगे भाइयो पर हमला

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के रानपुर गांव के पास रिंग रोड पर गुरुवार की रात फसल को पानी देने के दौरान पड़ोसी किसानों के बीच झगड़े का मामला सामने आया है। घटना में पड़ोसी किसानों द्वारा फसल को पानी दे रहे दो सगे भाइयों पर लाठी डंडों से हमला किया है। उक्त हमले में घायल दोनों सगे भाई ग्रामीणों द्वारा बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। घटना को लेकर सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाड़ी शहर के तकिया चौक गुमट निवासी अस्पताल में भर्ती घायल युवा किसान संजू पुत्र रामस्वरूप ने बताया कि वह रिंग रोड पर जो रानपुर गांव के पास में उनके खेत है। उन पर फसल को पानी दे रहे थे। उनके साथ उनका छोटा भाई संदीप भी था। इस दौरान पड़ोसी किसान चंदू,भंवर सिंह, बबलू एवं अन्य ने उनके खेत पर आकर लाठी-डंडों से हमला किया है। हालांकि आरोपियों से उनकी कोई पुरानी दुश्मनी नहीं है लेकिन पानी को लेकर दो-तीन दिन पूर्व छोटा-मोटा झगड़ा हुआ था। जिसको आसपास के किसानों ने शांत भी कर दिया था। गुरुवार की रात आरोपी लाठी डंडों से लैस होकर आए और आते ही गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो लाठी-डंडों से हमला कर उनकी बेहरमी से मारपीट की गई है। जिसमें संजू पुत्र रामस्वरूप और उसका छोटा भाई संदीप पुत्र रामस्वरूप दोनों घायल हुए हैं।




# चित्तौड़गढ़ किले पर मीरा महोत्सव आज से

## केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री करेंगे उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के सहयोग से संत मीराबाई की 525वीं जयंती के उपलक्ष में 21 से 23 दिसंबर तक चित्तौड़गढ़ किले पर स्थित फतह प्रकाश महल प्रांगण में मीरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश विदेश के लोक कलाकार मीराबाई से संबंधित अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह बात संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा ने शुक्रवार शाम को डीआरडीए हॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। डॉ. संध्या पुरेचा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि संत मीरा अद्वितीय हस्ती है तथा भारतीय संस्कृति का अनूठा आयाम है। संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष ने कहा कि मीराबाई और चित्तौड़ का एक दूसरे से गहरा नाता है। मीराबाई के काव्य, भजन, लेखन ने भारतीय संस्कृति का अनूठा आयाम प्रस्तुत किया है। उन्होने कहा कि संत मीरा के पद्य भारतीय मूलभूत गुणों को व्यक्त करते है। उन्होने बताया कि संगीत नाटक अकादमी द्वारा मीरा को जन जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया गया है। अकादमी द्वारा कला धरोहर सीरिज में 75 आयोजन 12 से 15 राज्यों में किये जा चुके है। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि 29 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में संत मीरा बाई की 525वी जयंती को उत्साह से मनाने का आह्वान किया था। इसी आह्वान का सम्मान करते हुए संगीत नाटक अकादमी ने यह निर्णय लिया। संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय मीरा महोत्सव का उद्घाटन 21 दिसंबर को षाम 6 बजे केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में होगा।

# जिला कांग्रेस ने गृहमंत्री अमित शाह का पुतला फूंक किया विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** देश के गृहमंत्री अमित शाह की संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी चित्तौड़गढ़ की ओर से शुक्रवार दोपहर बाद कलेक्ट्री चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर अमित शाह का पुतला दहन किया। जिला कांग्रेस कमेटी चित्तौड़गढ़ के बैनर तले कलेक्ट्री चौराहे पर प्रदर्शन कर देश के गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया एवं उनका पुतला दहन कर पद से बर्खास्त करने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भेरूलाल चौधरी ने इस मौके पर कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने का भारतीय जनता पार्टी प्रयास कर रही है जो देश की जनता देख रही है राहुल गांधी जी के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर इन्होंने अपनी गलत मानसिकता दर्ज करवाई है जो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कतई बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकारे बनी है तब से लेकर राज्यों एवं केंद्र में तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। विपक्ष के सांसदों को संसद में नहीं घुसने देकर गुंडागर्दी पर उतर आए हैं।

जाड़ावत ने कहा कि आजादी के इतिहास के बाद संसद में इस तरह की घटना सत्ता पक्ष द्वारा कभी नहीं की गई जिसकी गौर निंदा करते हैं एवं गृहमंत्री को तुरंत इस्तीफा देने की मांग करते हैं। विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी, राजस्थान सरकार के पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रणजीत लोठ, नपा के पूर्व चैयरमेन अध्यक्ष रमेश नाथ योगी, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम जाट, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष नीतू कंवर भाटी, सेवादल जिला अध्यक्ष गौतम विजयवर्गीय, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष कविश शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह जाड़ावत, नगेंद्र सिंह राठौड़, गोविंद शर्मा, जिला कांग्रेस के महामंत्री अरुण कंडारा, एहसान पठान, कमल गुर्जर, पूर्व संगठन महासचिव करण सिंह सांखला, बी.एल. गारु सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।



### बहुजन समाज पार्टी ने ज्ञापन सौंपा

बहुजन समाज पार्टी चित्तौड़गढ़ द्वारा गृह मंत्री के बयान के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेशित किया। जिला प्रभारी बालू नायक मोखमपुरा ने बताया कि 18 दिसंबर को पार्लियामेंट में संविधान के 75 साल होने के अवसर पर सदन में संविधान पर जो चर्चा चल रही थी। इस मौके पर देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब पर की गई टिप्पणी की बहुजन समाज पार्टी कडी निंदा करती है और यह मांग करती की अमित शाह को तुरंत अपने द्वारा की गई टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव राधेश्याम मेघवाल, जिला प्रभारी बालू नायक मोखमपुरा, अलाउद्दीन खा, जिला अध्यक्ष अमीनुर पठान, जिला सचिव गंगाराम मेघवाल, उपाध्यक्ष रतन सालवी, महासचिव युसूफ खान, कोषाध्यक्ष कमल मीणा, महिला विंग पूजा नायक आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता षामिल थे।

### राष्ट्रीय दलित महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

इसी प्रकार राष्ट्रीय दलित महासंघ ने भी संसद में आंबेडकर साहब का अपमान करने पर गृहमंत्री के माफी मांगने व उन्हें पद से बर्खास्त करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

# श्री सीमेंट फेक्ट्री में कर्मचारियों का टूलडाउन हड़ताल, प्रबंधकों के खिलाफ किया प्रदर्शन

## कर्मचारियों ने स्थानांतरण और वीआरएस के खिलाफ विरोध जताया, फेक्ट्री प्रबंधकों पर शोषण और प्रताड़ना के लगाए आरोप


बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** उत्तर भारत की सबसे बड़ी कहे जानी वाली श्री सीमेंट फेक्ट्री के मुख्य गेट पर सैकड़ो कर्मचारियों ने टुलडाउन हडताल कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इसका मुख्य कारण श्री सीमेंट फेक्ट्री मे वर्षो से कार्यरत कर्मचारियों व श्रमिकों को हजारो किलोमीटर दूर स्थानान्तरित कर उन्हे प्रताड़ित करना, ड्यूटी पर नहीं जाने की स्थिति मे उन्हे नौकरी से निकाल देना और फेक्ट्री प्रबन्धकों द्वारा नाजायज रूप से परेशान कर बगैर किसी ठोस कारण बताये कर्मचारियों से वीआरएस लेना आदि कई समस्याये हैं। कर्मचारियों व श्रमिको को गुरूवार शाम को जब 63 कर्मचारियों के जबरन स्थानान्तरण करने की सूचना लगी तो फेक्ट्री मे कार्यरत तीनो श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने एकराय होकर किसी भी कर्मचारी का ना तो स्थानान्तरण होने दिये जाना, ना ही जबरन नौकरी से निकालना और बेवजह श्रमिको का शोषण कर उन पर अत्याचार नहीं करने का निर्णय लिया हैं। इस मामले को लेकर कर्मचारियों व श्रमिको ने शुक्रवार को टूलडाउन हडताल कर अपना विरोध जताया और गेट पर किसी भी श्रमिक को भीतर नहीं घुसने दिया। शुक्रवार को इन्ही मामलो को लेकर फेक्ट्री प्रबंधको द्वारा 63 मे से 43 कर्मचारियों को तो देश के विभिन्न राज्यो मे लगे प्लान्टो मे स्थानान्तरित कर दिया गया जबकि शेष रहे कर्मचारियों को स्वेच्छा सेवा निवृत्ति देने के लिये बाध्य किया जा रहा हैं। इस मामले को लेकर इंटक, ऐटक व बीएमएस संगठनो के पदाधिकारियों ने फेक्ट्री प्रबंधको के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आदि करने का निर्णय लिया हैं। इससे पूर्व भी लगभग 150 कर्मचारियों व श्रमिको को प्रबंधकों ने बाहर का रास्ता दिखा दिया हैं। इन मुद्दो को लेकर हजारो श्रमिको ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर उपखण्ड अधिकारी गौरव बुढानिया को ज्ञापन सौंपा और तब तक फेक्ट्री मे टूलडाउन हडताल रखने का निर्णय लिया जब तक कि फेक्ट्री प्रबंधक द्वारा कर्मचारियों की मांग को पूरा ना कर दिया जाये। हजारो की संख्या मे महिला व पुरूष कर्मचारी व श्रमिको ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर फेक्ट्री प्रबंधको के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व कर्मचारियों व श्रमिकों के हितो को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चे के जिला अध्यक्ष भंवरलाल बुला, दिनेश शर्मा, श्रवण काठात, इस्माइल खान, शकील, जगदीश सिंह, हनुमान जांगिड, मनोहर जांगिड, पप्पु काठात, हुसैन भाई, नाथु सिंह, जवान सिंह, भोला काठात, सलीम काठात, मोहन काठात, मीरा काठात, सुभांग काठात, भग्गू भाई, एडवोकेट सलीम, जशोदा गुर्जर, सहित सैकडो लोगो ने अपना उद्बोधन देकर फेक्ट्री प्रबंधको द्वारा किये जा रहे स्थानान्तरण के नाम पर नौकरी से हटाये जाने की निंदा की हैं।

# ब्यावर में ऑपरेशन ब्लैक थण्डर के तहत 7 लैबों का औचक निरीक्षण, 2 को बंद किया गया

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में ऑपरेशन ब्लैक थण्डर के तहत चिकित्सा विभाग ने 7 लैब का औचक निरीक्षण कर दो लेबों पर कार्यवाही कर उन्हें बन्द करवाया गया। ब्यावर में इस तरह की अपने आपमें यह पहली कार्यवाही होगी। जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत के पास आ रही शिकायतों के आधार पर उन्होने ब्यावर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत को निर्देशित करत हुए मेडिकल दुकानों व लैब आदि का औचक निरीक्षण कर कार्यवाही करें। इसी के तहत उन्होने टीम का गठन कर ब्यावर में विभिन्न अनाधिकृत लेब की निरन्तर शिकायतों के आधार पर तथा ऑपरेशन ब्लेक थण्डर के तहत करीब 7 लैबों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें दो अनाधिकृत लैब प्रथम डायग्नोस्टिक सेन्टर, व ग्लोबल डायग्नोस्टिक सेन्टर चम्पानगर पर कार्यवाही करते हुए चिकित्सक, लैब टैक्निशियन, रेडियोग्राफर, प्रशिक्षित स्टॉफ नहीं होने, बायोमेडिकल वेस्ट, पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का रजिस्ट्रेशन नहीं होने से नोटिस जारी करते हुए लेब को बन्द कराया गया। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गहलोत ने बताया कि शेष अन्य 5 लैबों का भी निरीक्षण करने के बाद उन्हें संचालन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर उन्हें व्यवस्थित करने की चेतावनी दी है।

# बारां शहर में गाजे-बाजे के साथ हुआ जैन आचार्य भगवंतों का मंगल प्रवेश

## बोरडिया परिवार के कुलदीपक बालमुनि श्री विजयचद्र सागर जी का कंठस्थ आगम वाचना आज

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी )।** बारां पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया, जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र रंगावत ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को बारां शहर में आचार्य भगवन्त वर्धमान तपोनिधि प.पू. आचार्य श्री नयचंद सागर सूरी म.सा., सहस्त्रावधानी प. पू.गणिवर्य डॉ.श्री अजीतचन्द्र सागर जी म.सा. व बोरडिया परिवार के कुलदीपक बालमुनी श्री विजयचन्द्र सागर जी म.सा. 21 आदि ठाणा का मंगल प्रवेश हुआ जिन्हें सकल श्रीसंघ द्वारा गाजे-बाजे के साथ झूमते-नाचते बडे आदर सहित शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए चौमुखा बाजार स्थित श्री चन्द्रप्रभू मंदिर पर लाया गया। इस दौरान जैन समाज सहित अन्य समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। आचार्य भगवंतों द्वारा श्री चन्द्रप्रभू जैन मंदिर पहुंचकर प्रवचन दिए जिनका उपस्थित सकल श्रीसंघ द्वारा धर्म लाभ प्राप्त किया।

श्री गुणवर्धन शंखेश्वर जैन तीर्थ ट्रस्ट अध्यक्ष, जिला प्रमुख श्रीमती उर्मिला जैन भाया, निर्मला बोरडिया एवं विजया श्रीमाल ने बताया कि आचार्य भगवन्त एवं बोरडिया परिवार के कुलदीपक बाल मुनि श्री विजयचन्द्र सागर जी म.सा. के संयम जीवन के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर



संयम अनुमोदना उत्सव आयोजन के लाभार्थी बोरडिया परिवार के भरत कुमार, अशोक कुमार, सुरेश कुमार, गौत्तम कुमार, प्रवीण कुमार, महावीर कुमार एवं बोरडिया परिवारजनों की तरफ से आज द्वितीय दिवस शनिवार को बालमुनि श्री विजयचन्द्र सागर जी म.सा. का प्रातः 7.30 बजे श्री चन्द्रप्रभू जैन मंदिर पर कंठस्थ आगम वाचना का कार्यक्रम रहेगा ।

# लायंस क्लब कपासन ने 50 विद्यार्थियों में ऊनी वस्त्रों का वितरण किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** लायंस क्लब कपासन द्वारा क्षेत्रीय विद्यालयो में अध्ययनरत 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों में गुरुवार को सर्दी से बचाव हेतु ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया।इस दौरान लायंस क्लब कपासन द्वारा उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि उपज मंडी भील बस्ती स्थित विद्यालय में 15 एवं भूपालखेड़ा संस्कृत विद्यालय में 35 विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव हेतु ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। जिससे




विद्यार्थियों मे हर्ष बना रहा। इस अवसर पर लॉयन राकेश सोमानी,लॉयन दामोदर सोमानी एवं परिधि सोमानी आदि लायंस क्लब सदस्यों द्वारा उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया गया।

# रसद विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही के तहत 4 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में रसद विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही के तहत 4 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये हैं। यह कार्यवाही दो स्थानों पर की गई है। जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने बताया कि सिलेण्डर के दुरुपयोग को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत अजमेरी गेट बाहर स्थित संजय साहू पुत्र छोटूलाल साहू की दुकान गजानन्द मिष्ठान भण्डार पर जाकर देखा तो दो एलपीजी सिलेण्डरों का कॉमर्शियल यूज कर रहे थे। इसी तरह अजमेरी गेट बाहर स्थित दिनेश बोहरा पुत्र हीरालाल बोहरा की दुकान श्री गणेश जैन भोजनालय पर छापामार कार्यवाही के तह दो सिलेण्डर कॉमर्शियल यूज में पाये गये। जिला रसद अधिकारी सादिक ने बताया कि दुकानदारों द्वारा कॉमर्शियल यूज करने पर एलपीजी आदेश 2000 के प्रावधानों का उलघंन करने पर 04 घरेलू सिलेण्डर जब्त किये एवं ब्यावर गैस सर्विस के यशपाल सिंह को सुपुर्द किये गये। जिला कलेक्टर ब्यावर के



समक्ष आवश्यक वस्तु अधिनियम 1985 की धारा 6 ए में प्रस्तुत किये जायेगें।

# अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण के विरूद्ध हो प्रभावी कार्यवाही : जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण की प्रभावी रोकथाम एवं मॉनिटरिंग के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने खान विभाग द्वारा पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से की गई कार्यवाही की प्रगति के बारे में चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण के विरूद्ध संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए है। उन्होंने वन एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को अपूर्ण सूचनाओं के साथ बैठक में उपस्थित होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए भविष्य में पूर्ण सूचना के साथ बैठक में उपस्थित होने की चैतावनी दी। इसके साथ ही उन्होंने वन विभाग के अधिकारी को उनके क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस एवं अन्य विभागों की सहायता से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि अवैध बजरी खनन, निर्गमन, भण्डारण में लिप्त होने वाले बिना नम्बर प्लेट के वाहनों/मशीनरी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समस्त उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण के विरूद्ध कार्ययोजना तैयार कर आकस्मिक छापामारी करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों द्वारा उनके क्षेत्राधिकार में अवैध खनन, निर्गमन, भण्डारण की स्थिति के संबंध में जिला कलक्टर को अवगत कराया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सहायक वन संरक्षक, जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, समस्त तहसीलदार, सहायक खनि अभियंता एवं परिवहन निरीक्षक उपस्थित रहें।

# पंचायत समिति कपासन में 20 से 24 दिस. तक विशेष शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** पंचायत समिति कपासन परिसर में प्रशासन गांवों की ओर अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित हो रहे है। जिसमे शेष रहे शिविर का शुक्रवार 20 दिस. से मंगलवार 24 दिस. तक आयोजन होगा। उक्त सप्ताह के दौरान ब्लॉक क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इधर पंचायत समिति कपासन विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल ने बताया कि 20 दिसंबर शुक्रवार को सुशासन दिवस के तहत विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर में प्राप्त परिवादों का निस्तारण, पालनहार,पेंशन,पट्टे, शौचालय आवेदन, आधार, राशनकार्ड, जनआधार, जन्म मृत्यु आदि संबंधी परिवादों का निस्तारण के कार्य किये जायेंगे।

# देवली में होटल खरीद को लेकर पंजाब के युवकों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी, दूसरा हुआ घायल

## देवली पुलिस पंजाब के सिरफिरों की तलाश में जुटी, पुलिस के अनुसार होटल खरीद पर विवाद का मामला

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां गुरुवार की रात्रि 10.00 बजे शहर के जयपुर रोड स्थित सिद्धार्थ होटल के करीब पंजाब के कुछ युवकों ने पोल्याडा निवासी युवक की गोली मारकर हत्या कर दी वही दूसरा व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया। इस गोलीकांड के सनसनीखेज मामले की खबर सुनते ही टोंक पुलिस अधीक्षक रात्रि 11.30 बजे देवली शहर पहुंच गए। पुलिस के अनुसार मामला यह सामने है कि होटल खरीदने के मामले में पंजाब निवासी लोगों ने एक युवक पर गोली चला दी युवक गोली लगने से घायल हो गया। तो वही दूसरे युवक को अपने साथ अपहरण कर ले गए कुछ ही देर बाद अपहरण कर्ताओं ने मेहंदवास थाना क्षेत्र में उक्त युवक की भी गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले की सूचना के बाद टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान रात करीब 11.30 बजे देवली पहुंचे गए। यहां पुलिस अधीक्षक ने देवली बस स्टैंड के बाहर मिठाई की दुकान के बाहर एक बलेनो कार में बैठे पीड़ित बीरू कंजर से मामले की जानकारी ली। इस दौरान वीरू कंजर ने पुलिस अधीक्षक सागवान को घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी। इस पर वह मौजूद थाना अधिकारी राजकुमार नायक बलेनो कार के चालक बीरू कंजर को अपने साथ ले गए। पुलिस के अनुसार मामला यह भी सामने है कि वीरू कंजर ने गोली कांड से पहले थाना प्रभारी राजकुमार नायक को बताया कि उनकी पंजाब निवासी इन लोगों के साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। और देवली इलाके में होटल दिलाने की बातचीत चलती रही। पुलिस के अनुसार आरोपियों की सबसे पहले दोस्ती संतोष कंजर के साथ हुई। इस दोस्ती के बाद होटल खरीदने को लेकर पंजाब निवासी आरोपी जयपुर से बस के जरिए देवली पहुंचे। जिन्होंने यहां पहुंचने के बाद पोल्याड़ा निवासी संतोष उर्फ सिंहा कंजर को फोन किया। और कहा कि उनके पास कार नहीं है। इस पर संतोष, बीरू और कमल उन्हें लेने के लिए देवली बस स्टैंड के बाहर मोबाइल की दुकान के करीब पहुंच गए। जहां दोनों पक्ष की मुलाकात हुई। बीरू ने बताया कि पंजाब निवासी तीनों जने कुछ सेकेंड के लिए यहां साइकिल की दुकान के पास से मंदिर की ओर गली में चले गए और वापस आ गए। इसके बाद दोनों पक्ष सहित 6 जने कार में सवार होकर जयपुर रोड की ओर रवाना हो गए। पुलिस ने बताया कि सिद्धार्थ होटल के ब्रेकर के करीब पहुंचते ही उन्होंने संतोष कंजर पर गोली चला दी। इस दौरान बीच बचाव को लेकर कार में जमकर संघर्ष हुआ। इस दौरान पंजाब निवासी आरोपियों ने संतोष पर गोली चला दी जो संतोष के कंधे को छूकर निकल गई। इस दौरान बीरू कंजर ने अपना बचाव कर लिया। और झड़प में बदमाशों से एक पिस्टल छीन ली। इस दरमियान संतोष कंजर और बीरू कार से बाहर निकल गए। लेकिन पंजाब निवासी तीनों जने कमल कंजर उन्हीं की कार में अपने साथ ले गए। इधर, पुलिस घायलों के उपचार में लग गई। उधर, मेहंदवास थाना पुलिस को कस्बे के बाईपास पर एक बलेनो कार में कमल का शव मिला। इस पर देवली थाना प्रभारी मृतक कमल का शव लेकर देवली पहुंचे। जिसे चिकित्सालय की मोर्चरी में रख दिया गया है। शुक्रवार को दोपहर 2.00 बजे मृतक का पोस्टमार्टम कर शो परिजनों को सौंप दिया और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## ब्रह्मबाद और बंद बरेठा को मिली एंबुलेंस

# विधायक ने पूजा अर्चना करने के बाद कहा, आमजन को मिलेगी सुविधा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना ब्लॉक के ब्रह्मबाद और बंध बारैठा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पर अब 108 एम्बुलेंस की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। राज्य सरकार की ओर से क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं में विस्तार की दृष्टि से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 108 एम्बुलेंस प्रदान की गई है। ब्रह्मबाद पीएचसी पर स्थानीय विधायक डॉ. ऋतु बनावत और बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल ने बारहदरी हनुमान मंदिर पर विधिवत पूजा अर्चना कर एम्बुलेंस सुविधा की शुरूआत की। कार्यक्रम में विधायक बनावत ने कहा कि मरीजों को अस्पताल लाने- ले जाने में अब परेशानी नहीं होगी। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि यह एक टोल-फ्री नंबर है। जिसे किसी भी लैंडलाइन या मोबाइल से डायल किया जा सकता है। 108 एम्बुलेंस सेवा का मकसद किसी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर के दौरान नजदीकी चिकित्सा संस्थान पर पहुंचाना है। जिससे समय रहते मरीज को चिकित्सा सुविधा मुहैया हो सके। बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल ने कहा- इस सेवा का उद्देश्य दूर-दराज इलाकों में भी सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा सुलभ बनाना है। 108 एम्बुलेंस सेवा के जरिए आपातकालीन स्थितियों में लोगों को त्वरित प्रतिक्रिया और जरूरी देखभाल मिलती है। 108 एम्बुलेंस सेवा के जरिए, लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकता है। 108 एम्बुलेंस सेवा में कॉल करने वाले व्यक्ति से लेकर एम्बुलेंस में पीड़ित को ले जाने तक की पूरी सेवा मुफ्त है। एंबुलेंस में इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन भी होता है, जो मरीज को सुरक्षित तरीके से अस्पताल तक पहुंचाने में हेल्प करता है। विधायक ने एम्बुलेंस के ईएमटी रवि कुमार और एम्बुलेंस पायलट राजेश गुर्जर का तिलक लगाकर सम्मान किया। इस दौरान पीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ. गौरव धाकड़, 108 एम्बुलेंस जिला समन्वयक अखैराम, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र पाराशर, भौरयालाल पाराशर, श्रीराम धाकड़, नर्सिंग ऑफिसर राजबाला चौधरी, फार्मासिस्ट संदीप बंसल, लेखाकार गिरीश गर्ग, अनिल शर्मा, सुरेंद्र पाराशर, बबलू पाराशर आदि कई लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते लापस्या गांव के बाड़े में लगी आग, हजारों रुपये का चारा जला, दो गाय भी आई आग की चपेट में

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** कुंवारियाँ थाना क्षेत्र के लापस्या गांव के बाहर स्थित एक बाड़े में देर रात्रि 8.30 बजे के करीब अचानक आग लग गई जिससे परिजनों में अफरा तफरी मच गई। आग की सूचना पर परिजन दौड़कर आए बताया कि रात्रि के समय बाड़े में आग धड़कते देख देवीलाल जाट ने परिजनों को सूचित किया जहां पर परिजन सुरेश पुरी गोस्वामी, सोहनी बाई ,रीना गोस्वामी आदि दौड़कर आए और मौके पर वार्ड पंच रोशन लाल जाट, नारायण गाडरी, देवी लाल जाट ,शंकर लाल जाट आदि आसपास के लोग पानी में बाल्टिया मटके लेकर आये ओर आग में डाली बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बढ़ती देख राजसमंद दमकल को सूचना दी गई जहां पर फायरमैन पुरण पुरी गोस्वामी, फायर चालक देवी सिंह, देवीलाल सरगरा,गोविंद मीणा आदि मौके पर पहुंचे जहां बड़ी मस्कत के साथ आग पर काबू पाया। बताया कि आग से चार-पांच गाड़ी कुट्टी दो गाड़ी चारा, व दो गाड़ी लकड़ियां और दो दुधारू गाये भी आग की चपेट में आ गई ओर झुलस गई घटना में एक अधिक झुलसने से गाय की हालत नाजुक हो गई वहीं परिजनों ने रेलमगरा से पशु चिकित्सक को बुलाकर गाय का उपचार कराया गया। आग की घटना के दौरान ग्रामीणों ने बाड़े में रस्सी से बंधी गायों को रससी काट कर बाहर निकाला गया। घटना में परिजनों को करीब40हजार रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है मौके पर कई लोगों की भीड़ लग गई।

## युवक कांग्रेस कार्यकर्ता आक्रोश महासंग्राम में होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**वजीरपुर/गंगापुरसिटी. ( नि.स. )।** गंगापुरसिटी के युवक कांग्रेस कार्यकर्ता, जिला अध्यक्ष सुबह सिंह सैमाड़ा के नेतृत्व में, राजस्थान युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित आक्रोश महासंग्राम (मुख्यमंत्री आवास घेराव) में भाग लेंगे। कार्यक्रम के तहत, वजीरपुर और गंगापुर सिटी से कार्यकर्ता 21 दिसंबर को सुबह 5 बजे वाहनों से जयपुर के शहीद स्मारक के लिए प्रस्थान करेंगे। तैयारियों के अंतर्गत वजीरपुर में पोस्टर विमोचन किया गया, जहां कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपते हुए जिला अध्यक्ष ने आंदोलन की महत्वपूर्णता पर प्रकाश डाला। सुबह सिंह सैमाड़ा ने बताया कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, दलित एवं महिला अत्याचार, और खराब कानून व्यवस्था को लेकर युवा कांग्रेस ने यह आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल में कुशासन और विफलताओं के चलते आमजन में आक्रोश व्याप्त है। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आंदोलन में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। इस दौरान राजेश सेहरा, अफकार अहमद, अशरफ अहमद, फरदीन खान, सद्दाम, अशफाक मुनाफ खान भूरा पावटा, सलमान मुफीद, नमो बड़ौली, प्रेमराज, विनोद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वतन फाउंडेशन यूथ विंग द्वारा अमर शहीद की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा




बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले में सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों को लेकर धरातल पर काम कर रहे वतन फाउंडेशन की यूथ विंग ने गुरुवार को देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान और रोशन सिंह की याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वतन फाउंडेशन द्वारा संचालित लाईब्रेरी के सदस्यो, छात्रों ने एकत्रित होकर इन शहीदों के अद्वितीय साहस और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में , शहीदों के संघर्ष और उनकी दोस्ती की महानता पर विशेष वक्तव्य दिए गए। कार्यक्रम में फाउंडेशन प्रमुख हुसैन आर्मी ने शहीदों के संघर्षों को सराहा और देशभक्ति, भाईचारा की भावना को युवाओं के बीच फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर दिनेश मीणा ,रहमान खान, आसिफ, फरीदा बनो, किरण, अनीता, नीरज बबलू, अली हुसैन आदि मौजूद रहे ।

# पूर्व सैनिकों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि : बलिदान को याद किया, बोले शहादत का सम्मान जरूरी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** पंचायत समिति स्थित शहीद स्मारक पर सोमवार को पूर्व सैनिक संघ की ओर से विजय दिवस मनाया गया। पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष बलराम कांवर व अन्य पूर्व सैनिकों ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की तथा 2 मिनट का सामूहिक मौन रखा। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने वीर शहीद अमर रहें, भारत माता की जय, वंदे मातरम का जयघोष भी किया। पूर्व सैनिक संघ अध्यक्ष बलराम कांवर ने कहा कि विजय दिवस भारतीय सैनिकों के शौर्य और साहस की वीर गाथा है। 1971 के युद्ध में भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस के सामने पाक सेना ने अपने घुटने टेक दिए थे तथा 93 हजार पाक सैनिकों को सरेंडर करना पड़ा था। हालांकि इस युद्ध में भारत के 3900 वीर सैनिक शहादत को प्राप्त हुए थे तथा 9851 सैनिक घायल भी हुए थे। 3 दिसंबर से शुरू होकर 13 दिन तक चले इस युद्ध के कारण ही बांग्लादेश को आजादी मिली थी। बॉर्डर पर विपरीत परिस्थितियों में भी डटकर देश की सुरक्षा कर रहे वीर सैनिकों की वजह से ही आज हम अपने घरों में सुरक्षित हैं।

इस दौरान संघ के सचिव पुरुषोत्तम फौजी, उपाध्यक्ष प्रेमसिंह फौजदार, कैप्टन मानसिंह कसाना, सूबेदार मेजर प्रेमसिंह, सूबेदार हाकिम सिंह, सूबेदार राजवीर सिंह, सूबेदार कैप्टन रमेश सिंह, कैप्टन कप्तान सिंह, विजय सिंह, श्याम सिंह, बाबूलाल, भरतराम खटाना, भूरीसिंह पहलवान, सूबेदार नंदराम, जगदीश सिंह, सूबेदार रामावतार सिंह आदि कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# बरोनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : जुआ खेलने के आरोप में दो दर्जन सटोरी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बरोनी थानान्तर्गत गांव करीरिया के समीप एक फार्म हाउस पर बरोनी थाना पुलिस व डीएसटी टीम टोंक ने छापा मारकर जुआ खेलने के आरोप में 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। टीम ने मौके से 7 लाख 61 हजार से अधिक की राशि व 5 वाहन भी जब्त किए हैं। बरोनी थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया किगांव करीरिया के समीप एक फार्म हाउस पर जुआ खेलने के आरोप में प्रेम कुमार नाई निवासी दुगोली थाना जायल जिला नागौर, नौसाद खान निवासी आजाद नगर जयपुर, इरफान खान निवासी उदयमंदिर थाना नागौरी गेट जिला जोधपुर, सरदारमल जैन निवासी थावला जिला नागौर, मुकद्दर खां निवासी नागौरी गेट जोधपुर, मुकेश मीणा निवासी पीपलदा थाना बौंली सवाई माधोपुर, सुरेशकुमार शर्मा व पवन सोनी निवासी निम्बी जोदन जिला नागौर, इब्राहीम खां निवासी गंगापुर सीटी, इंसाफ खान निवासी रायका का बाग जोधपुर, पप्पू बारेडा, राजेन्द्र कोठारी निवासी करधनी जिला जयपुर, ऋषिकेश मीणा निवासी कुंडेरा जिला सवाई माधोपुर, रितेश जैन निवासी जोहरी बाजार जयपुर, दिनेश मेघवाल निवासी रोल जिला नागौर, पिंटू मीणा निवासी बोल थाना टोडाभीम जिला गंगापुर सीटी, राजेन्द्र माली निवासी शाहपुरा जिला ब्यावर, हनुमान मीणा निवासी बारेडा जिला टोंक, लुकमान खां निवासी सलेमपुर जिला करोली, गणपत सोनी निवासी गुगेरीयाली जिला नागौर, असरार खान निवासी सलेमपुर जिला करौली, युसूफ खां निवासी उदय मंदिर के पीछे जिला जोधपुर व अमराराम मेघवाल निवासी खियाला जिला नागौर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों से मौके से 7 लाख 61 हजार से अधिक की राशि व 5 वाहन भी जब्त किए हैं।

# गंगापुर हुआ धर्ममय, सैकड़ो महिलाएं चली कलश लेकर 108 पोथी भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** श्री राधा कृष्ण मानस मंडल की ओर से शुक्रवार को शहर में पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम मंदिर से 551 कलशों के साथ यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा उदेई मोड़ स्थित भगवती पैलेस कथा स्थल पहुंची। इससे पूर्व आयोजक मण्डल के सदस्य पुरानी अनाज मंडी के सीताराम जी मंदिर पर एकत्रित हुए। यहां आचार्य शास्त्री रमेश चंद्र पंचोली के सानिध्य में पंडित मुरारी शरण सहित विद्वान पंडितों के द्वारा विधिवत मंत्रोचार के भगवान श्री सीताराम के साथ-साथ सभी देवी देवताओं और प्रधान कलशो की विधिवत मंत्रोचार के साथ साथ पूजा संपन्न करवाई। पूजा अर्चना के बाद बैंड बाजा के साथ कलश यात्रा शुरू हुई। कलश यात्रा में सबसे आगे 551 कलश लिए महिलाएं और उनके पीछे मुख्य यजमान मुरारी लाल मिजौरा और दिनेश चंद्र मिजौरा थे। इनके पीछे 108 यजमान भागवत पोती सर पर लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा में आचार्य रमेश चंद्र शास्त्री रथ में सवार थे और उनके पीछे संत कैलाशदास जी महाराज थे। कलश यात्रा में श्री राम दरबार, राधा कृष्ण, शिव पार्वती की भव्य और आकर्षक झांकी सजाई गई। यात्रा सीताराम जी के मंदिर की परिक्रमा करते हुए पावर हाउस, फव्वारा चौक, पुरानी चुंगी, गुलकंदी स्कूल और उदेई मोड़ से कथा स्थल पहुंची।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अमित शाह का पुतला जलाया



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के लिए संसद में दिए बयान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बाटोदा कस्बे में अम्बेडकर प्रतिमा के समीप गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाया। इससे पहले यहां बाटोदा व सुंदरी मंडल की संयुक्त बैठक का आयोजन कर संगठनात्मक चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष गिर्राज गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति अनुसार काम करने की बात कही। वहीं सवाई माधोपुर में होने वाली पार्टी की बैठक में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। इसके पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने बैरवा ढाणी स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष अमित शाह का पुतला फूंक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष शिवचरण बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम झाड़ोली, हंसराज मीणा,मंडल अध्यक्ष रूपचंद मीणा, भवानी मीणा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कैफ़े पर चाय पी रहे युवक पर कारों में आए बदमाशों ने हमला किया

बढ़ता राजस्थान



**जहाजपुर ( गोविंद सिंह सेठी )।** गुरुवार को जहाजपुर के मांडलगढ़ रोड़ पर स्थित रॉयल कैफ़े के बाहर बैठे चाय पी रहे युवक पर कारों में आए बदमाशों ने ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर घायल दिया । यह घटना कैफे पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जहाजपुर थाना प्रभारी मनीष देव ने बताया कि सरसिया निवासी मनीष मीणा पिता दुर्गा लाल मीणा ने रिपोर्ट दी है । जिसमें बताया गया है कि 18 दिसंबर दिन के करीब 4 बजे मे रॉयल कैपे मांडलगढ़ रोड जहाजपुर के बाहर बैठा चाय पी रहा था। इसी दौरान जहाजपुर की तरफ से दो स्कार्पियों एक अल्टो एक क्रूज़र वहानो में बैठकर करीब 30-40 व्यक्ति आये एवं पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी इस दौरान हमलावरों के हाथो में लकड़ियां थी । इस हमले में पीड़ित युवक बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस के अनुसार पीड़ित के चिल्लाने पर मोइन कुरैशी वहां पहुंच गया इस पर मोइन कुरैशी ने हमलावरों से बीच बचाव कराने का प्रयास किया। तो हमलावरों ने मोइन कुरैशी के साथ भी मारपीट कर डाली और सभी हमलावर मौके से गाडियों लेकर फरार हो गये। इस मामले को लेकर जाजपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुर कर दी।

# नेत्र जांच एवं निः शुल्क चश्मा वितरण शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रोड सेफ्टी लाईन जयपुर एवं सडक़ सुरक्षा प्रकोष्ठ परिवहन आयुक्त राजस्थान के सानिध्य में निवाई बायपास पर अभिनन्दन फूड कैफेपर नेत्र जांच एवं निशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करने वाले ट्रक चालक व परिचालक सहित आमजन को शनिवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक नेत्र जांच एवं परीक्षण करके चश्मा वितरण किया जाएगा। मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि शिविर में पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस नरेंद्र जैन भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सेठानी स्व. घीसी बाई की पुण्यतिथि पर 73 वां नेत्र जांच एवं निः शुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन होगा।

## अनियंत्रित बस पोल से टकराई, सभी सवारिया सुरक्षित,सड़क निर्माण के दौरान कर को बचाने के प्रयास में हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के कुंभलगढ़ स्थित कनूजा रोड पर शुक्रवार सुबह एक हादसा पेश आया। जहां नेशनल हाईवे की निर्माणधीन सड़क पर कार को बचाने के प्रयास में सवारियों से भरी एक बस पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे एक 11 हजार केवीए का पोल भी टूट कर गिर गया। गनीमत यह रही की बस में मौजूद किसी भी सवारी को चोटे नहीं आई। वहीं विद्युत लाइन में भी सप्लाई चालू होने के बावजूद किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची केलवाड़ा पुलिस ने बस को साइड पर हटवाकर यातायात बहाल किया।

## कृष्ण जन्मोत्सव मनाया धूमधाम से

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर हवनकुंड में आहुतियां दी। आचार्यों के सान्निध्य में भगवान गणेश, शिव पंचायत राम दरबार व हनुमानजी सहित विभिन्न देवताओं की मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। भागवताचार्य विष्णुशरण महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि त्याग ही वैराग्य का द्वार है। उन्होंने कहा कि वैराग्य व ज्ञान की युक्ति मुक्ति की ओर ले जाती है। ईश वंदना से जीव के मन की शुद्धि हो जाती है। उन्होंने कहा कि सत्य कभी पराजित नहीं हो सकता।

# नाना पाटेकर बोले- मुझे लगता है, ये मेरा आखिरी चांस है, कल मैंने क्या किया वो लोग याद नहीं रखेंगे



**बेबाक और गुस्सैल एक्टर के रूप में जाने जाने वाले नाना पाटेकर प्रतिभा का अकूत भंडार माने जाते रहे हैं। यही वजह है कि उनके खाते में अनगिनत यादगार भूमिकाएं और तीन नेशनल अवॉर्ड दर्ज हैं। एक समय दस पैसे कमाने की जुगत करने वाला ये एक्टर आज करोड़ों चार्ज करता है।**

**आपके करियर के शुरुआती दौर में एक समय वो भी था, जब आपको नाटक के एक शो के पचास रुपए मिला करते थे।**

–और अब करोड़ों मिलते हैं। मगर समस्या यह है कि उन करोड़ों का आप करोगे क्या? क्योंकि सालों से जरूरतें हमने सीमित रखी हैं। आप अगर उन पैसों का इस्तेमाल सही काम में नहीं करेंगे, तो वो कागज के टुकड़े ही हैं। हालांकि मैंने सोच रखा है कि उन पैसों का उपयोग कहां करना है। जहां तक उस पचास रुपए की बात है, तो जब वो पचास रुपए मिलते थे, तो हम 150 रुपए में पूरे घर का महीने भर का राशन भर देते थे, जो मां, पिताजी, मेरे और भाई के लिए बहुत होता था। अगर मैं 15 शो करता, तो 750 रुपए मिलते, जो हमारे पूरे परिवार के लिए भरपूर होते थे।

**हम अखबार में रोटी लपेट के ले जाते थे। हमारे पास टिफिन तक नहीं होता था। ऐसा दौर था वो, मगर उन दिनों ने जो सिखाया, वो अब कहां सीखने मिलेगा?**

मुझे याद है, हमारे पिता के कुर्ते की प्रेस के 20 पैसे लगा करते थे। पिता जब उस कुर्ते को प्रेस करवा कर लाने के लिए कहते, तो मैं कहता, पिताजी मैं कर देता हूं, तो पिताजी मुझे दस पैसे देते थे। दस पैसे तब बहुत हुआ करते थे। मैं जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स में पढता था और तब मुझे जेब खर्च चार आने मिला करते थे। टाइम्स ऑफ इंडिया के बाहर 15 पैसे की उसल और पांच-पांच पैसे के दो केले मिलते थे। मैं मुंबई के अंजुमन इस्लाम स्कूल के बाहर से केले खरीदता था। हम अखबार में रोटी लपेट के ले जाते थे। हमारे पास टिफिन तक नहीं होता था। ऐसा दौर था वो, मगर उन दिनों ने जो सिखाया, वो अब कहां सीखने मिलेगा?

### अब अवॉर्ड्स को लेकर क्या सोच रखते हैं? आप तीन नेशनल अवॉर्ड पा चुके हैं।

–अवॉर्ड्स मेरे लिए अहमियत नहीं रखते, मिलते हैं, तो अच्छा लगता है, मगर वो एक पल होता है, अरे, वाह मिल गया। मगर वो मोमेंटरी होता है। मुझे तीन नेशनल अवॉर्ड मिले हैं, बहुत हैं। हां, परिंदा के समय मुझे नेशनल अवॉर्ड मिला, तो मां ने कहा था, इतना घिनौना रोल करने पर तुझे पुरस्कार कैसे मिल रहा है। मेरी मां गांव-खेड़े की थीं, तो उनके लिए ये बहुत है हैरानी वाली बात थी।

सच कहूं, तो अवॉर्ड मिलना एक सुखद अहसास होता है, मगर मैं ये नहीं चाहता कि मेरी फिल्में सिर्फ आर्ट फिल्में हों, उन्हें बहुत सारे अवॉर्ड्स मिलें। मैं ऐसी फिल्म करना चाहता हूं, जो ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचे। अब जैसे नटसम्राट जैसी फिल्म है। मुझे लगता है किसी भी फिल्म का दर्शक से कनेक्ट होना जरूरी होता है। अब जैसे दिलीप कुमार की गंगा जमुना मैंने कितनी बार देखी है, मुझे गिनती ही याद नहीं है।

### आपने हिंदी फिल्मों में कई बड़े डायरेक्टर्स के साथ कई यादगार भूमिकाएं की हैं, मगर आपके बारे में ऐसा क्यों कहा जाता है कि आपके साथ काम करना बहुत मुश्किल होता है?

–देखिए, अब इस पर मैं क्या कहूं, जाहिर-सी बात है कि फिल्ममेकिंग में स्क्रिप्ट और कास्टिंग सभी पहले से तय होती है, इसके बावजूद अगर कोई आर्टिस्ट सेट पर आए, उसकी लाइंस तैयार न हो, उसे स्क्रिप्ट का पता न हो, निर्माता आपके पैसे तय होने के बाद नहीं दे, सेट पर काम करने वाले अन्य आर्टिस्ट को पैसे समय पर नहीं मिल रहे हों, तो ऐसे हालात मैं सह नहीं पाता। मुझे लगता है कि चूंकि मैं मुख्य कलाकार हूं, तो आपने मेरे पैसे दे दिए हैं, मगर छोटे-मोटे कलाकार को नहीं दे रहे। अब जब मैं इन चीजों पर आवाज उठाता हूं और आप इसे डिफिकल्ट कहें, तो मैं हूं डिफिकल्ट। मैं तो सीधे सामने वाले एक्टर्स से कह देता हूं कि तुमसे चार लाइन याद नहीं की जातीं, तो क्यों एक्टर बने हो? तुम कौन-सी गाड़ी से आते-जाते हो, मुझे उससे कोई लेना-देना नहीं है। तुम्हारी वैनिटी कौन-सी है, मुझे उससे भी वास्ता नहीं है। मेरा मतलब इससे है कि तुमको काम से लगाव है या नहीं, बस। सेट पर आपको तैयार होकर आना पड़ेगा। आप अगर वो तैयारी करके नहीं आते, तो मैं तो आपत्ति



### विवादों और आस-पास की ट्रोलिंग को कैसे हैंडल करते हैं?

–आप सराहना करो, गाली दो, मुझे क्या फर्क पड़ता है। आपको जो बोलना है, वो तो आप बोलेंगे ही, मुझे उससे कुछ निपटना ही नहीं है। मैं अपने आप में खुश हूं।

**आपकी पिछली मराठी फिल्म ओले आले में भी आप पिता के रोल में में हैं और अपनी ताजा तरीन फिल्म वनवास में भी पिता स्वरूप ही नजर आ रहे हैं, तो क्या अब आप पिता की भूमिकाओं की और आकर्षित हो रहे हैं?**

–इस मराठी फिल्म को हम हिंदी में बनाने की भी सोच रहे हैं। मैंने मेकर्स से कहा है कि वह हिंदी में बेटे की भूमिका के लिए शाहिद कपूर को कास्ट करें। शाहिद मुझे अमेजिंग एक्टर लगता है। दो एक्टर्स मुझे बहुत अच्छे लगते हैं, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर। बाकी एक्टर्स भी अच्छे हैं, मगर ये दो एक्टर्स मुझे कुछ ज्यादा ही पसंद आते हैं। शाहिद के साथ मैंने पाठशाला की थी। वो कमाल का एक्टर है। अब उत्कर्ष को ही देख लीजिए, इस लड़के ने फिल्म में बहुत बेहतरीन काम किया है। जहां तक पिता की भूमिका करने की बात है, तो हमारे यहां पिता को हमेशा से टिपिकल मेलोड्रैमैटिक अंदाज में दिखाया जाता है, मगर वनवास का ये किरदार ऐसा नहीं है। यह किरदार असल में हर घर की कहानी है। इससे आप सभी रिलेट कर पाएंगे। मुझे उस तरह का किरदार करने का कभी मौका नहीं मिला।विसंगतियों में जो ह्यूमर बनता जाता है, उसी के साथ यह किरदार आगे बढ़ता है। मुझे लगता है ये मेरा आखिरी चांस है। इसलिए मैंने अपनी भूमिका में जान डाल दी। देखिए कल मैंने क्या किया था, वो तो लोग याद नहीं रखेंगे, मगर लोग मेरे आज के काम को याद रखेंगे। इसलिए मैंने कोई कमी नहीं छोड़ी।

### अपनी बेबाकी का आपको कितना खामियाजा भुगतना पड़ा है?

–मुझे एक बात बताइए, मरना तो एक बार ही है। पर मैं रोज मरता रहूंगा, तो खुद को आइने में देख नहीं पाऊंगा। डरना किस बात का? मौत से? उससे बुरा तो कुछ हो नहीं सकता न? वो तो कभी भी आ सकती है। मैं आपका अपमान नहीं कर रहा। आप सही करते हैं, तो मैं उसे सही कहता हूं, मगर आप गलत करते हैं, तो मैं गलत कहूंगा। जहां तक खामियाजा भुगतने की बात है, तो ज्यादा से ज्यादा क्या होगा, आप मुझे काम नहीं देंगे। हम काम नहीं करेंगे। मेरे पास एक फाउंडेशन है, जिसके तहत वाटर कंजर्वेशन का बड़ा काम हो रहा है, तो ये काम नहीं मिलेगा, तो कुछ दूसरा काम करेंगे। एक्टिंग तो कैमरे के सामने है, मगर आस -पास जो विसंगतियां हैं, उस पर टिप्पणी करना तो बनता है। सिनेमा सिर्फ एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट है, मैं इस पर विश्वास नहीं करता, एंटरटेनमेंट जरूरी है, मगर यदि सिनेमा कोई भाष्य नहीं करता, तो काम करने का कोई मतलब नहीं है।

जहां तक खामियाजा भुगतने की बात है, तो ज्यादा से ज्यादा क्या होगा, आप मुझे काम नहीं देंगे। हम काम नहीं करेंगे। मेरे पास एक फाउंडेशन है, जिसके तहत वाटर कंजर्वेशन का बड़ा काम हो रहा है, तो ये काम नहीं मिलेगा, तो कुछ दूसरा काम करेंगे।

## रवि किशन ने शेयर किया कास्टिंग काउच का एक्सपीरियंस

## लापता लेडीज को लेकर कहा- 160 पान खाकर निभाया था पुलिस अफसर का रोल



रवि किशन ने हाल ही में अपने बॉलीवुड करियर के शुरुआती दिनों को याद किया। इस दौरान एक्टर ने इंडस्ट्री में हुए कास्टिंग काउच एक्सपीरिएंस का खुलासा किया है। साथ ही उन्होंने किरण राव की फिल्म लापता लेडीज में पुलिस अफसर श्याम मनोहर का किरदार निभाने को लेकर भी बात की है। कास्टिंग काउच को लेकर बोले रवि किशन रवि किशन से पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान एक सवाल पूछा गया कि बॉलीवुड में क्या सही में उनके साथ कास्टिंग काउच हुआ था। जिसका जवाब देते हुए एक्टर ने कहा- देखो जिंदगी में हर प्रोफेशन में, हर इंडस्ट्री में, ऐसी घटनाएं होती हैं, आप सुंदर होते हैं, यंग होते हैं, फिट होते हैं बस आपके पास पैसे नहीं होते। काफी स्ट्रगल करना पड़ता है, आपके पास कुछ नहीं होता, तो इस तरह की कोशिशें आप पर अक्सर होती हैं। लोग आपके ऊपर एक पत्ता फेंककर तो जरूर देखते हैं कि लगा तो ठीक है। तो ऐसे कई लोगों ने हमारे ऊपर भी बहुत सारे अटैक किए थे।

### रवि किशन ने कहा इंडस्ट्री में नहीं होता जात-पात :

रवि किशन से बातचीत के दौरान एक और सवाल पूछा गया कि क्या बॉलीवुड में जात-पात या धर्म देखकर काम होता है? जिस पर रवि किशन ने कहा, नहीं, नहीं, कभी नहीं। इंडस्ट्री में ऐसा कुछ नहीं होता है।

### 'लापता लेडीज में आमिर निभाना चाहते थे मेरा रोल' :

रवि किशन ने बातचीत में फिल्म लापता लेडीज का किस्सा शेयर करते हुए बताया कि आमिर खान लापता लेडीज में खुद काम करना चाहते थे। उन्होंने पुलिस की वर्दी भी बनवा ली थी। लेकिन किरण राव जी ने मना कर दिया था। उन्होंने कहा था कि नहीं, हमको रवि किशन चाहिए। और आमिर खान का इतना बड़ा दिल है कि भोपाल में आमिर के साथ देखी थी लापता लेडीज रवि किशन ने कहा कि फिल्म के रिलीज होने के बाद आमिर ने हम लोगों ने साथ भोपाल में फिल्म देखी थी। तो उस दौरान उन्होंने मुझसे कहा कि मैं शायद आपके जैसा नहीं कर सकता था। आपने बहुत बढ़िया काम किया है।

### मनोहर का किरदार निभाने के लिए खाए थे 160 पान :

लापता लेडीज में रवि किशन के किरदार पुलिस अफसर मनोहर को पान खाते हुए दिखाया गया था। इस बारे में एक्टर ने बताया, मैंने 160 पान खाए थे, हम एक बार बिहार में गए थे तो ऐसा ही एक अधिकारी देखा था।

### पान खाने का आइडिया मेरा था :

रवि ने बताया कि फिल्म में उनका किरदार मनोहर मुंह में पान लिए अजीब तरह से जो बात करता नजर आया है, वो उनका खुद का आइडिया था। एक्टर ने कहा, हां, किरण राव चाहती थीं, मैं समोसा खाता रहूं। ये एक ऐसा अधिकारी था जो हमेशा कुछ न कुछ खाता रहता है। तो मैंने बोला- मैम पान मंगवाइए।




## 'पुष्पा 2' ने बॉक्स ऑफिस पर 1,500 करोड़ रुपये कमाई का आंकड़ा पार किया: निर्माता

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' ने दुनियाभर में बॉक्स ऑफिस पर 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है और यह इस आंकड़े तक सबसे जल्दी पहुंचने वाली भारतीय फिल्म बन गई है।

निर्माताओं ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुपर हिट तेलुगु फिल्म 'पुष्पा: द राइज' 2021 में आई थी और इसका सीक्वल 'पुष्पा 2' पांच दिसंबर को रिलीज हुई थी। सुकुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी हैं तथा इसे हिंदी, तमिल, कन्नड़, बांग्ला एवं मलयालम भाषाओं में भी रिलीज किया गया है। फिल्म निर्माता कंपनी 'ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''व्यावसायिक सिनेमा की नई परिभाषा। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचा गया। 'पुष्पा-2 द रूल' ने दुनिया भर में 1508 करोड़ रुपये कमाकर सबसे तेजी से यह आंकड़ा पार करने वाली भारतीय फिल्म का सम्मान हासिल किया।

## सलीम खान को शंकर बुलाते थे ससुराल वाले

### सलमा की नानी ने दिया था ये नाम, साल 1964 में की थी दोनों ने शादी

सलमान खान के पिता सलीम खान ने हाल ही में अपनी लव स्टोरी से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया है। उनकी वाइफ का नाम शादी से पहले सुशीला चरक था। और शादी के बाद उनका नाम सलमा हो गया था। सलीम खान ने बताया कि शादी के बाद उनका नाम भी शंकर हो गया था।

### सलीम खान ने बताया कैसे पड़ा शंकर नाम

सलीम खान से अरबाज खान के शो में एक सवाल पूछा गया था कि उनका नाम शंकर कैसे पड़ा था? जिसका जवाब देते हुए सलीम खान ने कहा- मेरे और सलमा के बारे में जब उनके घर पर पता चला था तो जो उनकी नानी थीं वो मुझे काफी सपोर्ट करती थीं।

### सलमा की नानी ने दिया था शंकर नाम

सलीम खान ने आगे कहा- सलमा की नानी उस घर में इकलौती थीं जो मुझसे बात करती थीं। पता नहीं क्यों और किस वजह से पर वो मुझे शंकर कहती थीं। जब भी मैं उनके घर जाता था तो वो मुझे कहती थीं मेरा शंकर आया है।

### जब मैं जाता था तो वो कहती थीं शंकर आया है

सलीम खान ने बताया- सलमा की नानी की उम्र उस समय लगभग 92 साल थी। एक बार वो काफी बीमार हो गई थीं तो मुझे नानी से मिलने के लिए बुलाया गया था। तब वो कोमा जैसी सिचुएशन में थीं। वो लगभग जा चुकी थीं। मैं उनसे अपने उसी अंदाज में मिला था। मैंने जाकर कहा- आजी आपका शंकर आ गया है। मैंने आजी को दो बार



आवाज लगाई, तो वो उठीं नहीं तो सबको लगने लगा था कि नानी चल बसीं, लेकिन जब मैने तीसरी बार बोला आजी आपका शंकर आया है। तो वो ये सुनकर तुरंत उठकर बैठ गईं।

### शंकर नाम से फेमस हो गया था : सलीम

सलीम ने कहा- इसके बाद मैं शंकर नाम से फेमस हो गया था। हालांकि इसके 6 महीने बाद सलमा की नानी का देहांत हो गया था।

### साल 1964 में की थी सलमा से शादी

बता दें, सलीम और सलमा ने साल 1964 में शादी की थी। दोनों के 4 बच्चे- सलमान खान, अरबाज खान, अल्विरा खान और सोहेल खान हैं। सलीम खान ने साल 1981 में एक्ट्रेस हेलेन के साथ दूसरी शादी की थी।

## फिल्में नहीं चलीं, तो लोगों ने कहा, शर्मा जी का दौर खत्म : डायरेक्टर अनिल शर्मा



अपनी पिछली फिल्म गदर 2 से बॉक्स ऑफिस पर गदर मचाने वाले निर्देशक अनिल शर्मा को इंडस्ट्री में तकरीबन 45 साल हो गए हैं। बीआर चोपड़ा जैसे जाने-माने निर्देशक के सहायक निर्देशक रहे अनिल शर्मा ने करियर की शुरुआत श्रद्धांजलि जैसी पारिवारिक फिल्म से की थी, मगर फिर वे भव्य एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाने लगे।

**आप एक ज्योतिष परिवार से रहे हैं, तो उसका आपकी फिल्मों के शगुन-अपशगुन में कितना विश्वास रहा?**

आपके घर में जब ज्योतिष शास्त्र प्रैक्टिस किया जाता हो, तो आप पर तो उसका प्रभाव रहेगा ही। बचपन में मैंने कथा और पुराण बहुत सुने हुए हैं, तो उसका प्रभाव मुझ पर और मेरे सिनेमा पर भी रहा। मेरे दादा बहुत बड़े एस्ट्रोलॉजर थे। पापा भी बहुत बड़े ज्योतिषकार थे, तो मैं एस्ट्रोलॉजी में विश्वास करता हूं, मगर उससे ज्यादा यकीन करता हूं, ईश्वर की मर्जी और मेहनत पर। हां, मैं अपनी फिल्मों के लिए मुहूर्त का चयन करता हूं, मगर कभी इस बात पर अड़ा नहीं रहता कि फलां मुहूर्त या समय ही होना चाहिए।

**अपने करियर के शुरुआती दौर में आपने बीआर चोपड़ा के साथ आपने पति पत्नी और वो, इंसाफ का तराजू, द बर्निंग ट्रेन जैसी कई फिल्मों में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। क्या सीख ली आपने उनसे?**

बीआर चोपड़ा साहब एक ही बात कहते थे कि आप टेक्नीक में मत उलझिए, कहानी कहिए और मैंने उनसे यही सीख ली। मैं स्टोरी टेलिंग में यकीन करता हूं। कई बार लोग कहते हैं कि आपकी टैक्नीक नाइंटीज जैसी है। मगर मेरे लिए हमेशा कहानी अहम होती है। अगर मैं 70 के दशक की कहानी पर गदर वन बना रहा हूं, तो मैं वही तकनीक इस्तेमाल करूंगा। अगर मैं द हीरो बना रहा हूं, तो उसी तरह की टैक्नीक का उपयोग करूंगा। दूसरे लोग 90 की फिल्म को 2024 की तरह दिखा देते हैं, मगर मैं वो नहीं करता।

**आपको इंडस्ट्री में 40 साल से ज्यादा हो गए हैं, आपके करियर का सबसे मुश्किल दौर कौन-सा था?**

मुश्किल दौर तो आते रहते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में हर फिल्म एक इम्तिहान की तरह होती है। जब आपकी कोई फिल्म नहीं चलती, तो लोग बैठे रहते है, ये कहने के लिए कि आप खत्म हो गए। जब आपकी उम्र बढ़ती जाती है, तो लोग कहना शुरू कर देते हैं कि आप पुराने जमाने के हो गए। बीच में एक दौर ऐसा आया, जब मेरी फिल्में नहीं चलीं, तो लोगों ने कहना शुरू कर दिया, शर्माजी का दौर खत्म हो गया। अब जैसे जीनियस थिएटर में नहीं चली, मगर ओटीटी पर चल गई, तो लोगों ने यही कहा कि इनका खेल खत्म। अब गदर 2 के समय भी लोग यही कह रहे थे कि ये पुराने जमाने के निर्देशक हैं। इनका कुछ नहीं हो पाएगा। गदर 2 बनाने के लिए मुझे पैसे नहीं मिल रहा था, क्योंकि लोगों की सोच यही थी कि शर्माजी का जमाना गया।

सफलता हाथों की लकीरों में नहीं, माथे के पसीने में होती है!
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# राजस्थान के जीडीपी का 17% रत्न एवं आभूषण उद्योग से प्राप्त होता है : राठौड़

## जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में 20वें जेजेएस का हुआ भव्य शुभारंभ

## राजस्थान सरकार ने जेम बोर्स को सहयोग देने का आश्वासन दिया







बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** रत्न एवं आभूषण उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है, जो राजस्थान के जीडीपी का 17 प्रतिशत है। जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) युवाओं के स्किल डवलपमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्हें रत्न एवं आभूषणों की समृद्ध विरासत को बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व का सबसे बड़ा जेम बोर्स जयपुर में स्थापित किया जाना चाहिए और राज्य सरकार इस पहल का समर्थन करेगी। यह बात राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को 20वें जयपुर ज्वैलरी शो के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उद्घाटन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और विशिष्ट अतिथि निर्मल कुमार बरड़िया, प्रमोद डेरेवाला और संयम मेहरा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। इसके बाद मंच पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा जेजेएस शो गाइड का विमोचन किया गया।

राठौड़ ने जयपुर एयरपोर्ट के पास 100 एकड़ की जगह पर दिल्ली के भारत मंडपम जैसी कन्वेंशन सुविधा विकसित करने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने घरेलू अवसरों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने वैश्विक बाजार की मांग के अनुसार उत्पादन को व्यवस्थित करने के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने के महत्व पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, विश्वास निर्माण करने तथा वैश्विक अपील बढ़ाने के लिए स्टोरी टेलिंग तथा प्रत्येक उत्पाद की प्रामाणिकता प्रदर्शित करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### जेजेएस के पहले दिन उमड़ी भारी भीड़
### 23 दिसंबर तक होगा आयोजन

नेशनल जेम्स एंड ज्वैलरी काउंसिल ऑफ इंडिया (एनजीजेसीआई) के चेयरमैन प्रमोद डेरेवाला ने कहा कि जयपुर के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जयपुर में 4 किलोमीटर के दायरे में दो स्पेशल इकोनॉमिक जोन्स (सेज), एक एक्सपोर्ट प्रमोशन इंडस्ट्रीयल पार्क (ईपीआईपी), जेम्स एंड ज्वैलरी इंस्टीट्यूट, ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, वर्ल्ड क्लास लेबोरेटरी और जेम बोर्स स्थापित किए जा रहे हैं।

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा कि यहां आभूषणों का अद्वितीय प्रदर्शन है और जेजेएस सभी अंतरराष्ट्रीय शो को कड़ी टक्कर दे रहा है। जेजेएस अब देश का श्कुंदन मीना कैपिटलश् बन गया है। जीजेसी -ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल रत्न एवं आभूषणों को बढ़ावा देने के लिए जेजेएस के साथ मिलकर काम कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष जोनल काउंसिल मीटिंग (जेडसीएम) में 45 से अधिक जीजेसी सदस्य भाग लेंगे।

जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) रीजनल चेयरमैन निर्मल कुमार बरड़िया ने घोषणा की, कि आगामी जेम बोर्स का क्षेत्रफल 43,828 वर्ग मीटर होगा, तथा इसका कुल निर्माण क्षेत्र 30 लाख वर्ग फीट होगा। इसके शुरु हो जाने पर 60 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन ने इस वर्ष की जेजेएस की विशेषताओं और परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 में जहां मात्र 67 बूथ थे, वहीं इस वर्ष 1200 से अधिक बूथ हैं। जेजेएस एक ही छत के नीचे विविधता लाकर आगंतुकों को शोरूम जैसा अनुभव देता है तथा ज्वैलरी स्टूडेंट्स और डिजाइनरों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। 95 फीसदी एग्जीबिटर्स हर वर्ष वापस आकर जेजेएस में भाग लेते हैं, जो उनके विश्वास और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।उन्होंने बताया कि जेजेएस 2024 इस वर्ष नवरत्नों में प्रमुख रत्न रूबी पर केंद्रित है।

इससे पूर्व, जेजेएस के चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि जेमफील्ड्स, 15 प्रतिष्ठित सदस्यों के साथ प्रमुख रूबी प्रमोशन पार्टनर के रूप में, जेजेएस के लिए अद्वितीय प्रतिष्ठा लेकर आया है। जेजेएस के समान हाल ही में श्राइजिंग राजस्थान इसी भव्य स्थल पर आयोजित हुआ, जो हमारी उत्कृष्टता की साझा धरोहर का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का जेजेएस हमेशा की तरह भव्य और अद्भुत होने का वादा करता है, और मुझे विश्वास है कि ये चार दिन व्यापारियों और आगंतुकों के लिए अत्यंत लाभकारी होंगे, जिससे जेजेएस रत्न और आभूषण उद्योग के सितारे के रूप में और भी मजबूत बनेगा।

शो के उद्घाटन समारोह का संचालन जेजेएस के प्रवक्ता अजय काला ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जेजेएस एक व्यापक शोकेस है, जिसमें बहुमूल्य धातुओं और कलर्ड जेमस्टोन्स की उत्कृष्ट रेंज एक साथ उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भारत भर में जयपुर के रत्न एवं आभूषणों के व्यापक प्रचार से शहर की ब्रांड छवि काफी मजबूत हुई है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जयपुर ज्वैलर्स द्वारा विश्व के ट्रैंड्स को अपनाने की सराहना की, जो उद्योग में नए मानक स्थापित कर रहा है।

# संसद का शीतकालीन सत्र खत्म, कुल 20 बैठकें

## 105 घंटे कार्यवाही चली; अडाणी-मणिपुर-अंबेडकर मुद्दे पर हंगामा हुआ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) ।** 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार (20 दिसंबर) को समाप्त हो गया। यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली।

सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87%, राज्यसभा में 41% रही। सदन में कुल चार बिल पेश किए गए। हालांकि, कोई पारित नहीं हो सका। सबसे चर्चित एक देश, एक चुनाव के लिए पेश हुआ 129 वें संविधान (संशोधन) बिल रहा।

इस बिल को समीक्षा के लिए 39 सदस्यीय जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भेजा गया। कमेटी में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सांसदों को चुना गया है। कमेटी को संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन लोकसभा में रिपोर्ट देनी होगी। सत्र की शुरुआत अडाणी मुद्दे पर हंगामे से हुई। फिर विपक्षी सांसदों ने मणिपुर और किसानों का मुद्दा भी उठाया। सत्र खत्म होते-होते अंबेडकर मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। 19 दिसंबर को तो बात धक्का-मुक्की पर आ गई। दो बीजेपी सांसद घायल हो गए। राहुल पर आरोप लगा। उनके खिलाफ एफआईआर हो गई।

20 में से 12 दिन लोकसभा में प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चला अंबेडकर विवाद पर संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की के बाद स्पीकर ओम बिरला ने संसद के सभी गेटों पर प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी। संविधान पर चर्चा के दौरान लोकसभा में 16 घंटे जबकि राज्यसभा में



17 घंटे बहस हुई। चर्चा के लिए लोकसभा ने शनिवार की छुट्टी के दिन भी काम हुआ। वहीं, लेजिस्लेटिव थिंक टैंक पीआरएस इंडिया के अनुसार 20 दिनों की कार्यवाही में से लोकसभा में 12 दिन प्रश्न काल 10 मिनट से ज्यादा नहीं चल सका।


# अजमेर दरगाह मामले में अगली सुनवाई 24 जनवरी को

## कोर्ट में वर्शिप एक्ट को लेकर बहस; दरगाह दीवान सहित पांच लोगों ने पक्षकार बनने की लगाई अर्जी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** अजमेर दरगाह में मंदिर होने के दावे को लेकर सिविल कोर्ट में दूसरी बार सुनवाई हुई। मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने याचिकाकर्ता और दूसरे पक्षों के वकीलों की दलील सुनकर फैसले की अगली तारीख 24 जनवरी दी है।

दावे को लेकर हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने याचिका लगाई थी। इस पर अजमेर सिविल कोर्ट ने अल्पसंख्यक मंत्रालय, दरगाह कमेटी अजमेर और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को नोटिस भेजा था। कोर्ट में शुक्रवार को अंजुमन कमेटी, दरगाह दीवान, गुलाम दस्तगीर अजमेर, ए इमरान बैंगलोर और राज जैन



होशियारपुर पंजाब ने अपने आप को पक्षकार बनाने की अर्जी लगाई। इसके साथ ही दरगाह कमेटी के वकील अशोक माथुर ने याचिका को खारिज करने की अर्जी लगाई। वहीं विष्णु गुप्ता और अंजुमन कमेटी के वकीलों ने अपने-अपने पक्ष रखे। सुनवाई के दौरान कोर्ट के चारों तरफ सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# हरियाणा के पूर्व सीएम ओपी चौटाला का निधन

## शिक्षक भर्ती घोटाले में तिहाड़ जेल गए, 86 साल की उम्र में यहीं से 10वीं-12वीं की परीक्षा पास की

बढ़ता राजस्थान

**गुरुग्राम ( एजेंसी )।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। वे 89 साल के थे। शुक्रवार को वे गुरुग्राम में अपने घर पर थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद साढ़े 11 बजे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। इसका पता चलते ही उनके बेटे अजय, अभय चौटाला और पोते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अस्पताल में पहुंचे। वहीं अस्पताल के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ भी जुटी।

पूर्व सीएम का पार्थिव शरीर सिरसा स्थित तेजा खेड़ा गांव में उनके फार्म हाउस लाया जा रहा है। यहां शनिवार सुबह 8 से 2 बजे तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद 3 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अभी उनके फार्म हाउस पर सन्नाटा छाया हुआ है।

ओपी चौटाला के निधन पर हरियाणा सरकार ने 21 से 23 दिसंबर तक 3 दिन का राजकीय शोक घोषित कर दिया है। चौटाला का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।



चौटाला हार्ट और डायबिटीज समेत कई बीमारियों से ग्रस्त थे। उनका पहले से ही गुरुग्राम के मेदांता और आरएमएल अस्पताल में इलाज चल रहा था। पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और पंजाब के पूर्व डिप्टी ष्टरूसुखबीर बादल समेत बड़े नेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया।

**पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल के सबसे बड़े बेटे थे**-ओम प्रकाश चौटाला पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 5 संतानों में सबसे बड़े थे। उनका जन्म 1 जनवरी, 1935 को हुआ। वे 5 बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे।

# प्रदेश में 5 दिन बाद बारिश का अलर्ट

## जयपुर समेत 4 संभाग में रहेगा ज्यादा असर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सीजन की पहली मावठ अगले सप्ताह हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने क्रिसमस से एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना जताते हुए 3 दिन बारिश का दौर चलने की भविष्यवाणी की है। इस सिस्टम का सबसे ज्यादा असर कोटा, भरतपुर, अजमेर, जयपुर संभाग के जिलों में देखने को मिल सकता है। इन संभाग के जिलों में बारिश हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने अगले दो सप्ताह का पूर्वानुमान जारी करते हुए 25 से 27 दिसंबर तक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और उससे राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने का अनुमान जताया है। इससे पहले राज्य में सर्दी तेज रहने, कोल्ड-वेव चलने और न्यूनतम-अधिकतम तापमान औसत से कम रहने का अनुमान जताया है।

25 दिसंबर से रात के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने और कड़ाके की सर्दी और कोल्ड-वेव से राहत मिलने की संभावना है। हालांकि दिन में सर्दी बरकरार रहेगी और अधिकतम तापमान शहरों में 18 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।